संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, सोमवार 02 जून 2025 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



यूपी के पुलिस महानिदेशक का पदभार संभालने के बाद आईपीएस राजीव कृष्ण मुख्यमंत्री योगी से शिष्टाचार भेंट करने उनके आवास कालीदास मार्ग पहुंचे।


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 19 अंक: 150 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group


# बंगाल की जनता ममता को सिंदूर की ताकत दिखाए: शाह

## मुर्शिदाबाद हिंसा में हिंदुओं पर हुए अत्याचार पर फूटा अमित शाह का गुस्सा

**टीम एक्शन इंडिया**
**कोलकाता:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पश्चिम बंगाल के दो दिवसीय दौरे पर हैं। रविवार को उन्होंने कोलकाता के नेताजी इंडोर स्टेडियम में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं और पदाधिकारियों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने ममता सरकार और तृणमूल कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पूरे देश में चुनावी हिंसा बंद हो गई है, मगर बंगाल में चुनाव के समय और दीदी को विजय मिलने के बाद सैकड़ों भाजपा के कार्यकर्ताओं को मौत के घाट उतार दिया जाता है। आपका समय अब समाप्त हो गया है, 2026 में बंगाल में भाजपा की सरकार बनने वाली है।

**बंगाल में हिंसा है: अमित शाह**
अमित शाह ने कहा कि बंगाल की इस धरती पर चुनाव के दौरान और दीदी के चुनाव जीतने के बाद, भाजपा के अनेक कार्यकताओं की हत्या की गई। पूरे देश में चुनाव के दौरान हिंसा भले ही खत्म हो गई हो, लेकिन बंगाल में हिंसा जारी है। दीदी, हिंसा करने वालों को आप कब तक बचाती रहेंगी? आपका समय पूरा हो गया है और 2026 में पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार बनने जा रही है।



### कलकत्ता के बाजार में युवाओं की नौकरियां बिकती हैं: शाह

अमित शाह ने शिक्षक घोटाले को लेकर भी ममता सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि कलकत्ता के बाजार में युवाओं की नौकरियां बिकती हैं। इनके घरों से का इतना पैसा पकड़ा जाता है कि गिनते-गिनते मशीनें थक जाती हैं। बंगाल का चुनाव सिर्फ बंगाल के भविष्य को ही नहीं तय करता है, बल्कि यह देश की सुरक्षा से भी जुड़ा हुआ है। क्योंकि ममता बनर्जी ने बंगाल की सीमाओं को बांग्लादेशियों के लिए खुला छोड़ दिया है। उनके आशीर्वाद से बंगाल में घुसपैठ हो रही है। ये घुसपैठ सिर्फ भाजपा की सरकार रोक सकती है।

**मुर्शिदाबाद हिंसा पर नाराज अमित शाह**
केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मुर्शिदाबाद हिंसा का जिक्र किया। मुर्शिदाबाद में हाल ही में हिंसा हुई। हमारा गृह मंत्रालय बार-बार कहता रहा कि पुलिस बल को बुला लीजिए, लेकिन इन्होंने नहीं बुलाया। अगर सुरक्षा आती, तो हिंदुओं की रक्षा होती। फिर भाजपा कार्यकर्ता हाई कोर्ट गए, तब जाकर पुलिस आई।

## सबूत आधारित आपराधिक न्याय प्रणाली स्थापित करना लक्ष्य: शाह



**कोलकाता:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कोलकाता के राजारहाट में केंद्रीय फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (सीएफएसएल) की नई इमारत का उद्घाटन करते हुए कहा कि केंद्र सरकार का मुख्य उद्देश्य एक पुख़्ता, सबूत-आधारित आपराधिक न्याय प्रणाली की स्थापना करना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस दिशा में तकनीक की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होगी।अमित शाह ने कहा, "हमारी कोशिश है कि आपराधिक न्याय प्रणाली बहस आधारित नहीं बल्कि साक्ष्य आधारित हो। इससे न केवल दोषियों को संदेह का लाभ मिलने से रोका जा सकेगा बल्कि पीड़ितों को भी न्याय सुनिश्चित किया जा सकेगा।" उन्होंने जोर देकर कहा कि अपराधियों से दो कदम आगे रहकर जांच करना जरूरी है और इसमें आधुनिक तकनीक की अहम भूमिका है। उन्होंने बताया कि डीएनए सीक्वेंसिंग की मदद से 20 साल पुराने मामलों को सुलझाया गया है और फॉरेंसिक ऑडिट्स से कई आर्थिक अपराधों का खुलासा हुआ है गृह मंत्री ने यह भी जानकारी दी कि केंद्र सरकार देश में फॉरेंसिक विज्ञान सुविधाओं के आधुनिकीकरण के लिए करीब 2,800 करोड़ रुपये की परियोजना ला रही है। इसके तहत 200 करोड़ रुपये की लागत से एक राष्ट्रीय फॉरेंसिक डाटा केंद्र भी स्थापित किया जाएगा, जहां कृत्रिम बुद्धिमत्ता की सहायता से विशाल डेटा विश्लेषण किया जाएगा। यह पहल सबूत-आधारित आपराधिक न्याय प्रणाली को और मजबूत बनाने में सहायक होगी। अमित शाह आज कोलकाता के नेताजी इंडोर स्टेडियम में एक राजनीतिक सभा को भी संबोधित करने वाले हैं, जिसमें बंगाल भाजपा के सभी स्तरों के नेता मौजूद हैं।



पीएम नरेन्द्र मोदी ने एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के अध्यक्ष मसातो कांडा से मुलाकात की

## गुजरात के मंत्री का बेटा मनरेगा घोटाला मामले में गिरफ्तार

**दाहोद :** गुजरात सरकार के पंचायत और कृषि राज्यमंत्री बचुभाई खाबड़ के बेटे बलवंत खाबड़ को एक और मनरेगा घोटाले के मामले में रविवार को गिरफ्तार कर लिया गया। यह गिरफ्तारी ऐसे समय हुई है जब कुछ दिन पहले ही उन्हें एक पुराने मामले में जमानत मिली थी।

**पहले भी हो चुकी है गिरफ्तारी**
बलवंत और उनके भाई किरण, दोनों को 16 मई को मनरेगा से जुड़े एक कथित 71 करोड़ रुपये के घोटाले में धोखाधड़ी व जालसाजी और विश्वासघात के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

# देश में कोरोना के बढ़ते मामलों से लोगों में डर

### सक्रिय मरीज अब 3758, केरल में आंकड़ा 1400 के पार




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** देश में कोरोना के बढ़ते मामलों ने डराना शुरू कर दिया है। बीते 24 घंटे में देश में कोरोना के सक्रिय मरीजों की संख्या में भारी उछाल देखा गया है। मौजूदा समय में देश में 3758 कोरोना संक्रमितों का इलाज चल रहा है। केरोना को मात देने वालों की बात करें तो बीते दिन से अब तक 1818 लोग संक्रमण से मुक्त हुए, जबकि दो कोरोना संक्रमितों की मौत भी हुई है।

**महाराष्ट्र-दिल्ली में 400 से ज्यादा एक्टिव केस**
राज्यवार आंकड़ों की बात करें तो केरल में कोरोना के 64 नए मामले सामने आए हैं। यहां अब सक्रिय मरीजों का आंकड़ा 1400 पहुंच गया है। ऐसे ही महाराष्ट्र में 485, दिल्ली में 436, गुजरात में 320, पश्चिम बंगाल में 287, कर्नाटक में 238, तमिलनाडु में 199 और उत्तर प्रदेश में 149 कोरोना संक्रमितों का इलाज चल रहा है। हालांकि, ज्यादातर मरीज होम आइसोलेशन में ही ठीक हो रहे हैं।

**दो संक्रमितों की जान गई**
कोरोना से होने वाली मौतों की बात करें तो बीते दिन से अब तक दो कोरोना संक्रमितों की मौत की पुष्टि हुई है। मौतें केरल और कर्नाटक में दर्ज की गईं। कर्नाटक में 63 वर्षीय पुरुष और केरल में 24 वर्षीय महिला की मौत हुई। दोनों अन्य बीमारियों से भी परेशान थे।

**एक तिहाई मरीज हुए ठीक**
केंद्र सरकार के कोविड डैश बोर्ड के अनुसार, कोरोना के बढ़ते मामलों के साथ संक्रमण से मुक्त होने वाले मरीजों की संख्या भी बढ़ रही है। अब तक करीब एक तिहाई मरीज कोरोना पॉजिटिव होने के बाद इससे मुक्त हो चुके हैं।

## किसी को डांटना आत्महत्या को उकसाना नहीं है: सुको



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने एक छात्र को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में दोषी ठहराए गए व्यक्ति को बरी कर दिया है। एक स्कूल और छात्रावास के प्रभारी ने एक छात्र की शिकायत पर छात्र को डांट दिया था। डांटने के बाद छात्र ने आत्महत्या कर ली थी। जिसके बाद आरोपी स्कूल प्रभारी को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया था।

**पीठ ने क्या कहा:** जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा की सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने अपने फैसले में कहा कि 'कोई भी सामान्य व्यक्ति यह नहीं सोच सकता कि डांटने से ऐसी त्रासदी हो सकती है। पूरे मामले पर विचार करने के बाद हमें लगता है कि कोई भी सामान्य व्यक्ति यह कल्पना नहीं कर सकता था कि एक छात्र की शिकायत के आधार पर छात्र को डांटने पर ऐसी घटना हो सकती है।'

**फैसला**
सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि छात्र की शिकायत पर डांटना एक उपचारात्मक उपाय है, अपराध नहीं

सुप्रीम कोर्ट ने मद्रास उच्च न्यायालय का आदेश पलट दिया। उच्च न्यायालय ने स्कूल प्रभारी को बरी करने से इनकार कर दिया था।

**शिकायत पर डांटना गलत नहीं**
सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि छात्र की शिकायत पर डांटना एक उपचारात्मक उपाय है, जिससे लगे की शिकायत पर ध्यान दिया गया। आरोपी के वकील ने कहा कि डांट एक अभिभावक के तौर पर थी ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि मृतक दोबारा गलती न करे।

## कुरैशी और व्योमिका पार्टी के चुनाव प्रचार का चेहरा नहीं : भाजपा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली:** भारतीय जनता पार्टी के नेता अमित मालवीय ने रविवार को उन खबरों को सिरे से खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया था कि पार्टी की कर्नल सोफिया कुरैशी या विंग कमांडर व्योमिका सिंह को चुनाव प्रचार का चेहरा बनाने की कोई योजना है। एक प्रतिष्ठित मीडिया संस्थान की ओर से प्रकाशित रिपोर्ट को फर्जी बताते हुए अमित मालवीय ने कहा कि भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी की टिप्पणियों को गलत तरीके से पेश किया गया। भाजपा आईटी सेल के राष्ट्रीय संयोजक ने ट्वीट किया कि यह फर्जी खबर है। भाजपा की कर्नल सोफिया कुरैशी या विंग कमांडर व्योमिका सिंह को अभियान का चेहरा बनाने की कोई योजना नहीं है। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी द्वारा की गई टिप्पणियों को गलत तरीके से पेश किया गया है। कर्नल सोफिया कुरैशी को समुदाय के भीतर एक सशक्त मुस्लिम महिला के उदाहरण के रूप में उजागर करने के बारे में बस एक सीमित बात कही थी।



**मीडिया रिपोर्ट में क्या दावा किया गया ?:** मीडिया रिपोर्ट में कहा गया कि कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह भाजपा के चुनाव अभियान का चेहरा होंगे। इसमें कहा गया कि 'ऑपरेशन सिंदूर' पर प्रेस ब्रीफिंग का नेतृत्व करने वाली कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह 19 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 11 साल पूरे होने पर भाजपा की ओर से शुरू किए जाने वाले महत्वाकांक्षी महिला केंद्रित अभियान का चेहरा होंगी।

**राजनीति**
अमित मालवीय ने कहा कि जमाल सिद्दीकी की टिप्पणियों को गलत तरीके से पेश किया गया।

## बब्बर खालसा गैंग का आतंकी पुलिस मुठभेड़ में हुआ घायल

**टीम एक्शन इंडिया/अमृतसर**
बब्बर खालसा इंटरनेशनल आतंकी संगठन के आतंकी गुरलाल सिंह की निशानदेही पर पुलिस हथियार बरामद करने सुल्तानविंड क्षेत्र में पहुंची थी। हथियार बरामद होने पर आतंकी ने पुलिस पार्टी पर गोली चलाई और जवाबी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आतंकी की टांग पर गोली मार कर उसे जख्मी कर दिया। घटना रविवार दोपहर की है। गुरलाल सिंह और करजप्रीत सिंह को सुल्तान विंड क्षेत्र में फर्नीचर कारोबारी पर गोलियां चलाने के आरोप में गिरफ्तार किया था। आरोपी ने बताया था कि एक पिस्टल उन्होंने सुल्तान विंड क्षेत्र में छुपा कर रखी हुई है। पुलिस पिस्तौल बरामद करने पहुंची। आरोपित गुरलाल को पिस्तौल बरामद करने को खुला छोड़ गया तो उसने पुलिस पार्टी पर फायर कर दिया।

## सेना ने मुंबई में किया उच्च स्तरीय सुरक्षा अभ्यास

**टीम एक्शन इंडिया**
**मुंबई :** गैर-परंपरागत खतरों के बदलते स्वरूप के मद्देनजर भारतीय सेना ने मुंबई में एक उच्च स्तरीय संयुक्त अंतर-सेवा सुरक्षा अभ्यास किया। रक्षा मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में जानकारी दी कि यह दो दिवसीय अभ्यास 30 और 31 मई को कोलाबा के सैन्य प्रशिक्षण क्षेत्र और मुंबई के फोर्स वन प्रशिक्षण क्षेत्र में आयोजित किया गया, जिसका समापन बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) में हुआ। बयान में कहा गया, गैर-परंपरागत खतरों के बदलते स्वरूप और वर्तमान बढ़े हुए सुरक्षा माहौल के जवाब में भारतीय सेना ने एक उच्च स्तरीय संयुक्त अंतर-सेवा सुरक्षा अभ्यास आयोजित किया। इस दो दिवसीय अभ्यास में सेना, नौसेना, वायु सेना, तटरक्षक बल, फोर्स वन (महाराष्ट्र) और मुंबई पुलिस ने भाग लिया।



बयान में कहा गया, इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य विभिन्न एजेंसियों के बीच सहयोग को मजबूत करना, संचालन की तत्परता का आकलन करना और बहुआयामी सुरक्षा परिस्थितियों के लिए एकीकृत प्रतिक्रिया तंत्र को परखना था।

**शांति**
30, 31 मई को कोलाबा सैन्य प्रशिक्षण क्षेत्र और मुंबई के फोर्स वन प्रशिक्षण क्षेत्र में आयोजित किया गया

**भूस्खलन** गुवाहाटी के चपाइडांग में भूस्खलन से महिला और बच्चों समेत तीन लोगों की मौत

## पूर्वोत्तर में बाढ़ और भूस्खलन से भारी तबाही, 20 की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**गुवाहाटी।** पिछले दो दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण पूर्वोत्तर भारत में भीषण बाढ़ और भूस्खलन की स्थिति बनी हुई है। असम, मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम में अब तक 20 से अधिक लोगों की मौत हुई है। भारतीय मौसम विभाग ने इस भारी बारिश का कारण बांग्लादेश के ऊपर बने निम्न दबाव को बताया है। गुवाहाटी के चपाइडांग में भूस्खलन से महिला और बच्चों समेत तीन लोगों की मौत हो गई। अरुणाचल प्रदेश में भूस्खलन के कारण कम से कम नौ लोगों की मौत की खबर है। ईस्ट कामेंग जिले में बाना-चेप्पा हाईवे पर एक वाहन के खाई में गिर जाने से दो परिवारों के सात सदस्यों की मौत हो गई। निचले सुबनसिरी जिले के पास हुए भूस्खलन में भी दो लोगों की मौत की जानकारी सामने आई है। पश्चिम कामेंग में बालीपारा-चरदुवार-तवांग मार्ग पर हुए भूस्खलन के कारण कई गांवों का संपर्क मार्ग बंद हो गया, जिससे कई यात्री फंसे हुए हैं। मणिपुर में अचानक आई बाढ़ और भूस्खलन ने पहाड़ी जिलों सेनापति, तमेंगलोंग, नुने और फेरजॉल में तबाही मचाई है। इंफाल नदी का तटबंध टूटने से इंफाल पूर्व का एक बड़ा हिस्सा जलमग्न हो गया है। राज्य प्रशासन ने बताया कि इंफाल पूर्व और पश्चिम जिलों से महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों और अन्य लोगों सहित कम से कम 800 लोगों को सुरक्षित निकाला गया है। भारतीय सेना और असम राइफल्स ने 'ऑपरेशन जलराहत' के तहत मणिपुर के बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों से लगभग 800 नागरिकों को शनिवार को बचाया है।शनिवार को इंफाल में बारिश के कारण भारी जलभराव हो गया, जिससे सड़कों पर यातायात ठप हो गया और आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ।



**आपदा**
गुवाहाटी के चपाइडांग में भूस्खलन से महिला और बच्चों समेत तीन लोगों की मौत हो गई

## 'जयचंद हर जगह, अंदर भी और बाहर भी', तेज ने तेजस्वी को किया आगाह

**टीम एक्शन इंडिया**
**पटना:** बिहार सरकार में पूर्व मंत्री और राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव का बड़ा बयान सामने आया है। तेज प्रताप यादव ने इस बार अपने छोटे भाई तेजस्वी यादव के लिए रविवार दोपहर सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया है। उन्होंने तेजस्वी से कहा कि मेरे भाई मैं हर परिस्थितियों में तुम्हारे साथ हूं। तुम जयचंदों से सावधान रहना, क्योंकि वह हर जगह हैं। तेज प्रताप यादव के पोस्ट में राजनीतिक गलियारे में हलचल मचा दी है। सोशल मीडिया पर यह पोस्ट खूब वायरल हो रहा है।



**तेज प्रताप बोले हर जगह हैं जयचंद:** पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव ने अपने छोटे भाई को अर्जुन कहा। सोशल मीडिया पर लिखा कि मेरे अर्जुन से मुझे अलग करने का सपना देखने वालों तुम कभी अपनी साजिशों में सफल नही हो सकोगे। कृष्ण की सेना तो तुम ले सकते हो लेकिन खुद कृष्ण को नही।

ACTION INDIA
नई दिल्ली, 02 जून 2025
दैनिक एक्शन इंडिया
www.actionindialive.com

# डंकी रूट माइग्रेशन के के खिलाफ जनजागरण अभियान चलाने का संकल्प

**सोनीपत, 01 जून ।** हरियाणा प्रोफेशनल्स फोरम की विशेष पहल पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय गोष्ठी में मुख्य अतिथि व दिल्ली के विशेष पुलिस आयुक्त (स्पेशल सीपी) सागर प्रीत हुड्डा की विशेष मौजूदगी में हरियाणा में ड्रग्स, अपराध व डंकी रूट माइग्रेशन के बढ़ते खतरे के खिलाफ लोगों को जागरूक करने और सर्वखाप पंचायतों व स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर जनजागरण अभियान चलाने का प्रस्ताव पास किया गया। नई दिल्ली के वाईएमसीए में आयोजित इस अंतर्राष्ट्रीय विचार गोष्ठी में बड़ी संख्या में सोनीपत व रोहतक से विभिन्न गांवों के सरपंच, स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि, अधिकारी, वकील, पत्रकार, डॉक्टर व अन्य गणमान्य लोगों ने शामिल होकर कहा कि वे हरियाणा प्रदेश व समाज और विशेषकर अपनी युवा पीढ़ी को बचाने के लिए जनजागरण अभियान का हिस्सा बनेंगे व दूसरों को भी इसमें शामिल होने के लिए जागरूक करेंगे। इस मौके पर पूर्व एईओ जगबीर मलिक, शमशेर सिंह सरपंच, वाइस चेयरमैन अभिमन्यु, रवि मलिक, सुनील बल्हारा, डा. मोहित बल्हारा, डा. चरण सिंह, सुखदीप, राजनारायण सिंह, सरपंच राज सिंह हुड्डा, जिला पार्षद परीक्षित देशवाल आदि ने विशेष पुलिस आयुक्त (स्पेशल सीपी) सागर प्रीत हुड्डा को बुके भेंट कर उनका स्वागत किया।

सागर प्रीत हुड्डा ने कहा कि अब समय आ गया है कि हमें अपने परिवार व समाज के बारे में भी सोचना पड़ेगा। ड्रग्स, अपराध, गैंग आदि की रोकथाम को लेकर स्थिति पूरी तरह से खराब होने से पहले ही कदम होगा। उन्होंने कहा कि हरित क्रांति के सकारात्मक प्रभाव का असर धीरे-धीरे खत्म होता जा रहा है। आज का युवा बेहतर जीवन शैली के चक्कर में खेतीबाड़ी से भी दूर होता जाता रहा है। ऐसे समय में हरियाणा के प्रोफेशनलों की भी अपने समाज के प्रति जिम्मेदारी बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि सर्वखाप पंचायतों व स्थानीय प्रशासन के साथ हमलोग बेहतर तालमेल स्थापित कर आम लोगों को ड्रग्स, अपराध व डंकी रूट माइग्रेशन के बढ़ते खतरे से आगाह कर सकते हैं। उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि भागदौड़ से भारी जिंदगी में अपने बच्चों के लिए पूरा वक्त निकाले व उनसे लगातार संवाद करते रहें। विदेश अगर जाना ही चाहते हैं तो उच्च शिक्षा के लिए वैध तरीके से जाएं। एडवोकेट प्रतीक सोम ने कहा कि डंकी रूट से विदेश जाने वालों की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। ऐसे में सरकार व प्रशासन को एजेंटों पर शिकंजा कसना होगा। उन्होंने कहा कि पंजाब से सटे हरियाणा के 8 जिले में ड्रग्स के केसों में बेतहाशा वृद्धि हुई है। सरकारी आंकड़ों में क्राइम का ग्राफ भले ही घट रहा हो लेकिन संगठित क्राइम लगातार बढ़ रहा है। स्कूल में पढ़ने वाले किशोर भी इन गैंग में शामिल होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। पूर्व एईओ जगबीर मलिक ने कहा कि विगत फरवरी माह में तीन उड़ानों के जरिये अमेरिका ने 332 भारतीयों को निर्वासित किया है, इनमें 111 हरियाणवी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रदेश में स्कूल व ग्रामीण स्तर से जागरूकता अभियान चलाना होगा।



**अभियान**

हरियाणा प्रोफेशनल्स फोरम की ओर से आयोजित अंतर्राष्ट्रीय विचार गोष्ठी में दिल्ली के विशेष पुलिस आयुक्त सागर प्रीत हुड्डा रहे मुख्य अतिथि

## न्यूज फ्लैश

### सड़क पार करते समय कैंटर ने व्यक्ति को चपेट में लिया, पीजीआई में उपचार के दौरान मौत

**सोनीपत:** सेक्टर-27 शहर थाना सोनीपत में सड़क पार करते समय तेज रफ्तार कैंटर ने व्यक्ति को चपेट में ले लिया। हादसे में व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के लिए उसे अस्पताल में लाया गया। जहां से उसे रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। पीजीआई में उपचार के दौरान व्यक्ति की मौत हो गई। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाया। पुलिस मृतक की पहचान के प्रयास कर रही है। पुलिस ने पंप पर कार्यरत कर्मचारी के बयान पर कैंटर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। शिव शंकर फिलिंग स्टेशन बहालगढ़ रोड पर तैनात जयकंवार ने बताया कि वह पांच साल से पंप पर काम करता है। गत 29 मई को देर शाम वह अपनी ड्यूटी पर मौजूद था। उसी दौरान पंप के आसपास शराब के नशे में एक व्यक्ति पहुंचा। उससे बस स्टैंड का पता पूछने लगा। उसके बाद वह सड़क पार करने लगा। एक तेज रफ्तार कैंटर ने उसे चपेट में ले लिया। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से उसे उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाया। जांच अधिकारी एसआई कुलदीप सिंह ने बताया कि कैंटर चालक की तलाश की जा रही है। जल्द से जल्द आरोपित की पहचान कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। मृतक की पहचान के प्रयास किए जा रहे है।

### कोर्ट में पेश नहीं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल

**सोनीपत:** राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, हरियाणा की तरफ दी शिकायत के मामले में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल तीसरी तारीख पर भी मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में पेश नहीं हुए। उन्हें मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी नेहा गोयल ने व्यक्तिगत रूप से पेश होने को नोटिस दे रखा है। उनके अधिवक्ता ने सुनवाई विशेष अदालत में करने की अर्जी लगा रखी है। जिसका अभी जवाब नहीं आया है। मामले में अब 9 अक्तूबर अगली तारीख लगाई गई है। यह था मामला- कार्यकारी अभियंता (एसडीएन), राई वॉटर सर्विसेज डिविजन, आशीष कौशिक की तरफ से सीजेएम नेहा गोयल की अदालत में 29 जनवरी को शिकायत पत्र दिया गया था। जिसमें 28 जनवरी को सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो का हवाला दिया था। वीडियो में अरविंद केजरीवाल की तरफ से हरियाणा सरकार पर यमुना नदी के पानी में जहर मिलाकर दिल्ली भेजने के आरोप थे। दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों ने पानी को रोककर संभावित सामूहिक नरसंहार से बचाया था। दिल्ली में पानी की कमी हो गई थी। शिकायत में कहा था कि इससे यमुना नदी के आसपास रहने वाले लोगों में भारी आक्रोश फैल गया था। स्थानीय लोग हरियाणा सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करने लगे थे। अधिकारियों ने लोगों को समझाया था। शिकायत में लिखा था कि अरविंद केजरीवाल के इस बयान ने भय और अफवाहों को जन्म दिया था, आमजन में दहशत फैल गई थी। मामले में सीजेएम ने पहले 17 फरवरी और फिर 20 मार्च को अरविंद केजरीवाल को कोर्ट में व्यक्तिगत रूप से पेश होने को कहा था। 20 मार्च को उनके अधिवक्ता स्पेशल कोर्ट में सुनवाई की अर्जी लगाई थी।

**शनिवार को भी नहीं हुए पेश, अगली तारीख लगी:** शनिवार को आप सुप्रीमो को सीजेएम नेहा गोयल के सामने पेश होने के नोटिस को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट पर था। हालांकि अरविंद केजरीवाल की तरफ से उनके अधिवक्ता कोर्ट में पहुंचे। स्पेशल कोर्ट में सुनवाई की अर्जी का जवाब अभी नहीं आने के चलते अब 9 अक्टूबर को सुनवाई की तारीख दी है।

## 5 थाने जल्द होंगे आइएसओ प्रमाणित



**नोएडा।** गौतमबुद्धनगर कमिश्नरेट पुलिस के पांच और थाने जल्द ही आइएसओ प्रमाणित हो जाएंगे। यह थाने अंतरराष्ट्रीय मानकों का पालन करते हुए तैयार हो रहे हैं। आइएसओ प्रमाणमन करने वाली टीम इनमें दो चरणों का सर्वे कर चुकी है।

**थाने के कामकाज से संबंधित पटल की सार्वजनिक होती है एसओपी**

यहां पहुंचने वाले फरियादियों को थाने से संबंधित किसी भी काम को कराने में कोई दिक्कत नहीं आएगी। हर पटल के काम की एसओपी को सार्वजनिक किया गया है। इनको पढ़कर कोई भी थाने से संबंधित काम को सुविधाजनक तरीके से करा सकेगा।

**आमजन को मिलेगी बेहतर सुविधा**

उधर, एक्सप्रेसवे, बादलपुर और नालेज पार्क थाने आइएसओ प्रमाणित हो चुके हैं। गौतमबुद्धनगर कमिश्नरेट पुलिस बेहतर कानून व्यवस्था देने के साथ-साथ आमजन को बेहतर सुविधा देने की दिशा में भी प्रयासरत है। थानों को आइएसओ प्रमाणित कराने की दिशा में भी पहल की जा रही है। इनमें अंतरराष्ट्रीय मानकों का पालन करते हुए रिपोर्ट दर्ज कराने से लेकर, सीसीटीएनएस से संबंधित सुविधा, थाने के अपराधियों का चार्ट, थाने में तैनात स्टाफ की जानकारी व मोबाइल नंबर तक सार्वजनिक किया गया है।

सभी पटल के कार्य से संबंधित एसओपी को भी लगाया गया है। जिससे थाने पहुंचने वाले किसी भी फरियादी को कोई दिक्कत नहीं हो।

**मानक**

थाने मानकों का पालन करते हुए तैयार हो रहे हैं। प्रमाणन करने वाली टीम इनमें दो चरणों का सर्वे कर चुकी है।

## नौकरी छूटी तो काम की तलाश में साइबर ठगों का शिकार बना दंपती, लाखों रुपये लूटे

**गाजियाबाद।** साइबर अपराधियों ने आदित्य वर्ल्ड सिटी निवासी दंपती को घर बैठे कमाई का झांसा देकर तीन लाख 68 हजार रुपये ठग लिए। पीड़ित दंपती की कुछ ही दिन पहले नौकरी छूटी थी। आमदनी के लिए वह काम देख रहे थे इसी दौरान ठगों के शिकार बन गए। पीड़ित की शिकायत पर वेबसिटी थाने में मोबाइल नंबर और खाता नंबरों के आधार पर केस दर्ज किया गया है। पीड़ित दंपती ने पुलिस को बताया कि दोनों नोएडा की एक ही कंपनी में काम करते थे। किसी वजह से उनकी नौकरी बीते महीने छूट गई थी। नौकरी जाने के बाद गुजारे के लिए वह आनलाइन काम देख रहे थे। इसी दौरान उन्हें टेलीग्राम पर पार्ट टाइम काम का विज्ञापन देखा। मैसेज में मीशो आनलाइन शापिंग पर टास्क पूरा करने पर कमीशन मिलने की जानकारी दी गई थी। पहले टास्क में रुपये निवेश करने थे। हर बार किसी न किसी बहाने से उनका भुगतान रोक दिया गया काम पूरा होने के बाद कमीशन के साथ रुपये वापस मिलने थे। शुरूआत में उन्होंने 100 रुपये लगाकर टास्क पूरा किया। उसमें उन्हें 200 रुपये का भुगतान मिला।

इसके बाद उन्होंने 500 रुपये निवेश किए जिसमें एक हजार रुपये वापस मिले। इसके बाद लगातार धनराशि टास्क के नाम पर निवेश करते रहे, लेकिन हर बार किसी न किसी बहाने से उनका भुगतान रोक दिया गया। जब उन्होंने टेलीग्राम पर ही कस्टमर केयर पर बात की तो बताया गया कि 20 टास्क पूरे करने पर सारी धनराशि निकाल पाएंगे।




**फर्जीवाड़ा**

पीड़ित की शिकायत पर वेबसिटी थाने में मोबाइल नंबर और खाता नंबरों के आधार पर केस दर्ज किया गया है

### कार की ट्रक से हुई भिड़ंत

**सोनीपत:** राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 पर केजीपी-केएमपी जीरो प्वाइंट के पास टैक्सी चालक की सड़क हादसे में मौत ट्रक चालक की लापरवाही से हुई थी। पुलिस ने टैक्सी चालक के भाई के बयान पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपित की पहचान के प्रयास कर रही है। गांव गोरया फिल्लौर पंजाब निवासी राकेश ने बताया कि उसका छोटा भाई हिमांशु अपनी कार को टैक्सी में चलाता है। उसका भाई सवारी लेकर दिल्ली जाते रहता है।

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर स्वास्थ्य विभाग ने चलाया जागरूकता अभियान

**सोनीपत**

विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़खालसा के द्वारा तंबाकू के प्रयोग को कम करने के लिए व उससे होने वाले नुकसानों के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए अभियान चलाया गया। अभियान के तहत जानकारी दी कि भारत में लगभग 35% लोग तंबाकू का सेवन करते हैं तथा प्रतिवर्ष 13 लाख से ज्यादा लोग है समय से पहले ही मृत्यु का शिकार हो जाते हैं। क्षेत्र की नोडल अधिकारी डा?. अन्विता कौशिक ने बताया कि तंबाकू में लगभग 4000 से ज्यादा रसायन होते हैं जिनमें 70 कैंसर को पैदा करने वाले होते हैं। इसी अभियान के तहत वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अटेरना में तंबाकू निषेध पर भाषण प्रतियोगिता करवाई गई जिसमें स्वास्थ्य विभाग से ब्लॉक हेल्थ एजुकेटर राजेश कुमार ने बच्चों को बताया कि तंबाकू के प्रयोग से चाहे वह धूम्रपान के रूप में प्रयोग किया जाए या गुटखा, पान मसाला, खैनी आदि के रूप में, यह सभी तरह से बहुत नुकसानदायक है। तंबाकू सेवन से अनेक बीमारियां होती हैं जिनमें कैंसर, मस्तिष्क का आघात, मसूड़ों का संक्रमण, फेफड़े खराब होना, दमा, हृदय रोग, पेट की बीमारी, प्रजनन क्षमता में कमी आदि प्रमुख हैं। एजुकेटर राजेश कुमार ने बच्चों को तंबाकू के भ्रामक विज्ञापनों से बचने की सलाह भी दी। प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को प्राचार्य डा. शक्ति अहलावत, हरदत व अन्य अध्यापकों ने पुरस्कार व आशीर्वाद दिया। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी बड़खालसा ने एक टीम का गठन किया।

**अभियान**

उससे होने वाले नुकसानों के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए अभियान चलाया गया


### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 84 BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अक्षत पुत्र** मनोज माहेश्वरी, **निवासी:** मकान नं0-23, गली नं0-7, ई-ब्लॉक, संगम विहार, नई दिल्ली, ने **FIR No. 77/2025, U/S 309(4) BNS, पुलिस स्टेशन कोटला मुबारकपुर, दक्षिण जिला, नई दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अक्षत** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अक्षत** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 77/2025, U/S 309(4) BNS, पुलिस स्टेशन कोटला मुबारकपुर, दक्षिण जिला, नई दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **अक्षत** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **10.07.2025** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री छवि बंसल
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-11
कमरा नं0-09, दक्षिण-पूर्व जिला,
साकेत न्यायालय, नई दिल्ली

DP/6952/SD/2025
(Court Matter)


## सुविधा- नागरिक अस्पताल में शुरू होगी थायराइड, विटामिन डी व बी 12 की जांच

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** जिला नागरिक अस्पताल में मरीजों को बेहतर चिकित्सक सुविधा देने के प्रबंधन प्रयासरत है। इसी कड़ी में प्रबंधन की तरफ से अस्पताल में मरीजों के लिए थायराइड, विटामिन डी व बी 12 सहित अन्य जांच शुरू करने का निर्णय लिया गया है। विभाग की तरफ से सभी प्रक्रियाओं को लगभग पूरा कर लिया गया है। अस्पताल में शुरू होने वाली उक्त जांच के चलते मरीजों को निजी लैब में जेब ढीली नहीं करनी होगी। उक्त जांचों का सबसे ज्यादा फायदा थायराइड से ग्रस्त मरीजों को होगा। बता दें कि वर्तमान में मरीजों को थायराइड रोग की जांच के लिए दिक्कत का सामना करना पड़ता है। मरीजों की सुविधा के लिए जिला अस्पताल में थायराइड के टी3, टी4 और टीएच के टेस्ट जल्द शुरू होंगे। इससे जिलेभर के थायराइड पीड़ित मरीजों को राहत मिलेगी। थायराइड से पीड़ित रोगियों की संख्या काफी अधिक है। निजी प्रयोगशाला में जांच कराने पर 500 से 600 रुपये लिए जाते है। थायराइड के मरीजों के सैंपलों की जांच हार्मोन एनालाइजर मशीन से होगी। अस्पताल में शुरू होने वाली जांच से मरीज को निजी लैब में धक्के नहीं खाने पड़ेंगे।

**विटामिन डी और विटामिन बी12 की जांच लैब में होगी, तीन घंटे में मिलेगी रिपोर्ट**

विटामिन-डी हमारे शरीर के लिए जरूरी तत्व होता है। इस विटामिन की मदद से हड्डियों, बालों व त्वचा को पोषण प्राप्त होता है। यह एक एसेंशियल विटामिन है लेकिन लोगों के शरीर में इस विटामिन की कमी होना भी कॉमन है। हॉर्मोन एनालाइजर मशीन के जरिए विटामिन डी और विटामिन बी12 की जांच की जाएगी। वहीं चिकित्सक की तरफ से जांच के लिए लिखा जाने के बाद मरीज को अस्पताल में बने सैंपल कक्ष में पहुंचे और खून का सैंपल देने होंगे। इसके बाद सैंपल देने के तीन घंटे में रिपोर्ट दे दी जाएगी। वहीं प्रयोगशाला में अब दो बायो केमिस्ट्री मशीन आई है। प्रयोगशाला में इन मशीनों की संख्या तीन हो जाएगी। हिस्टोपैथ या सीबीसी जांच के लिए हेमेटोलॉजी मशीन भी आधुनिक तकनीक की है।

**सुविधा**

अस्पताल में मरीजों के लिए थायराइड, विटामिन डी व बी 12 सहित अन्य जांच शुरू करने का निर्णय लिया गया


# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**

शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042

संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।



# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें। **फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत : स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रुद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें। **फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। **फोन : 7710404041**

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कहीं खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करें।

## बेदखली सूचना

मैं सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरी या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

मैं महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते है। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

मैं सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2, पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते है। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं रामानंद पुत्र हनुमान प्रसाद निवासी नांगल चौधरी, तहसील नांगल चौधरी जिला महेंद्रगढ़ हल्फ से ब्यान करता हूँ कि मेरा पुत्र संजय मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है। वह अपनी मनमानी करता है। मैं संजय को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं व संबंध विच्छेद करता हूं।आज के बाद अगर कोई भी संजय से लेन देन करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा।मेरी व मेरे परिवार की किसी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रताप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक, नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेंगे। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कहीं खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करें।

# दिल्ली में बनेगा मल्टीलेवल मैन्युफैक्चरिंग हब, कोर्ट ने दी हरी झंडी

## रानी खेड़ा में बनेगा नया औद्योगिक क्षेत्र, एनजीटी की रोक हटी, योजना को मिली मंजूरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** अब रानी खेड़ा में नया औद्योगिक क्षेत्र विकसित होने की उम्मीद जगी है। आने वाले कुछ सालों में दिल्ली को 147 एकड़ का यह नया औद्योगिक क्षेत्र मिल जाएगा। दिल्ली राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम (डीएसआईआईडीसी) यहां मल्टीलेवल मैन्यूफैक्चरिंग हब विकसित करने की योजना बना रहा है। इस योजना को लेकर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) की सबसे बड़ी बाधा दूर हो गई है। दरअसल, 14 दिसंबर 2017 को एनजीटी ने इस परियोजना पर रोक लगा दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल इस परियोजना को हरी झंडी दे दी है। इसके बाद एलजी ने भी इस योजना को मंजूरी दे दी है। दिल्ली में भाजपा सरकार आने के बाद अब अधिकारी इस योजना पर काम शुरू करने की फिराक में हैं। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इस परियोजना को लेकर अधिकारियों से रिपोर्ट मांगी है। इस योजना को लेकर एक सुझाव यह भी आया है कि औद्योगिक क्षेत्र को विकसित करने में सरकार को अपना पैसा नहीं लगाना चाहिए और इसके लिए डिजाइन बिल्ट फंड ऑपरेट एंड ट्रांसफर (डीबीएफओटी) के तहत इस योजना पर काम किया जाना चाहिए। जिसके तहत डेवलपर्स को भी इस योजना के लिए आमंत्रित किया जाना चाहिए।





सरकार को परियोजना के लिए डेवलपर्स को जमीन लीज पर देनी चाहिए और इसके लिए सरकार को डेवलपर्स से हर साल राजस्व मिलेगा। डेवलपर्स वहां बनने वाले इलेक्ट्रॉनिक सिटी के लिए डिजाइन तैयार करेंगे और सरकार से मंजूरी लेकर वहां औद्योगिक शहर विकसित करेंगे। इस परियोजना में वे खुद का पैसा लगाकर तैयार इकाइयों की जगह को उतने साल के लिए लीज पर देंगे, जितने साल के लिए उन्हें सरकार से जमीन लीज पर मिली है। सूत्रों का कहना है कि जल्द ही यह मामला मुख्यमंत्री के समक्ष रखा जाएगा। इस क्षेत्र को विकसित करने के सुझाव भी उनके समक्ष रखे जाएंगे। सरकार जो भी निर्णय लेगी, अधिकारी उस प्रस्ताव पर आगे बढ़ेंगे। सर्विस सेक्टर से जुड़े उद्योगों को मिलेगा बढ़ावा चूंकि यह पूरी तरह से इको-फ्रेंडली औद्योगिक हब होगा, इसलिए जमीन आवंटन में उन उद्योगों को प्राथमिकता दी जाएगी, जो किसी तरह का प्रदूषण नहीं फैलाते।

**सर्विस सेक्टर से जुड़े उद्योगों को मिलेगा बढ़ावा**

दिल्ली सरकार के एक अधिकारी ने बताया कि औद्योगिक हब विकसित करने का उद्देश्य व्यापार को बढ़ावा देना और दिल्ली को मैन्युफैक्चरिंग हब बनाना है। औद्योगिक हब में लगने वाले उद्योगों को प्रदूषण मानकों का सख्ती से पालन करना होगा। इसे दो चरणों में विकसित किया जाएगा। यहां एक स्मार्ट इंटीग्रेटेड आईटी पार्क विकसित किया जाएगा, जिसमें कई बिल्डिंग ब्लॉक शामिल होंगे जो पूरी तरह प्रदूषण मुक्त होंगे। यहां आईटी, आईटीईएस, मीडिया, बायोटेक्नोलॉजी, रिसर्च और इनोवेशन हब जैसे उद्योग स्थापित किए जाएंगे।

### सर्विस सेक्टर से जुड़े उद्योगों को मिलेगा बढ़ावा

**दिल्ली** सरकार के एक अधिकारी ने बताया कि औद्योगिक हब विकसित करने का उद्देश्य व्यापार को बढ़ावा देना और दिल्ली को मैन्युफैक्चरिंग हब बनाना है। औद्योगिक हब में लगने वाले उद्योगों को प्रदूषण मानकों का सख्ती से पालन करना होगा। इसे दो चरणों में विकसित किया जाएगा। यहां एक स्मार्ट इंटीग्रेटेड आईटी पार्क विकसित किया जाएगा, जिसमें कई बिल्डिंग ब्लॉक शामिल होंगे जो पूरी तरह प्रदूषण मुक्त होंगे। यहां आईटी, आईटीईएस, मीडिया, बायोटेक्नोलॉजी, रिसर्च और इनोवेशन हब जैसे उद्योग स्थापित किए जाएंगे।

## तेज रफ्तार ऑटो ने मारी पीसीआर वैन को टक्कर, पिता-पुत्र घायल

**नई दिल्ली।** तिलक मार्ग थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार ऑटो चालक ने ऑटो को जिग-जैग तरीके से चलाते हुए आगे चल रही पीसीआर को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऑटो पलट गया और उसमें बैठे पिता-पुत्र घायल हो गए। पुलिसकर्मियों ने दोनों को उपचार के लिए एलएन में भर्ती कराया और आरोपी ऑटो चालक को गिरफ्तार कर लिया, जिसकी पहचान जाफराबाद निवासी मिंटू के रूप में हुई है। घायल पिता-पुत्र की पहचान सीलमपुर निवासी सरफराज और बेटे सुहैल के रूप में हुई है। सरफराज पेशे से ई-रिक्शा चालक है।

# दिल्ली के शिक्षा मंत्री ने जनकपुरी में 'संडे ऑन साइकिल' अभियान में हिस्सा लिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के फिट इंडिया मूवमेंट के तहत दिल्ली शिक्षा निदेशालय द्वारा जनकपुरी में आयोजित ह्यसंडे ऑन साइकिलह्ल अभियान में हिस्सा लिया। मंत्री आशीष सूद ने पत्रकारों से बातचीत में हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के खेल पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए कई कदम उठाए हैं। देश में फिट इंडिया मूवमेंट और खेलो इंडिया मूवमेंट लोकप्रिय हो गया हैं। आज जनकपुरी क्षेत्र के युवाओं, बच्चों, छात्रों और बुजुर्गों ने संडे ऑन



साइकिल अभियान में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि यह केवल एक साइक्लोथॉन नहीं था, बल्कि यह जनभागीदारी, स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और ऊर्जा का जीवंत उत्सव है। हर आयु वर्ग के नागरिकों की सक्रिय भागीदारी इस बात का प्रमाण है कि भारत का खेल और स्वास्थ्य तंत्र निरंतर सशक्त हो रहा है।

# सोसायटियों में 50% गीले कचरे का निपटान जरूरीः मेयर

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली में सोसायटियों और कॉलोनियों के पास 50 प्रतिशत गीले कचरे का निपटान करना जरूरी है। इससे यह कचरा लैंडफिल साइटों तक पहुंचने से रुक जाएगा। यह बात पर्यावरण विशेषज्ञों ने सतत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए परिवर्तनकारी दृष्टिकोण विषय पर आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में कही। इस सम्मेलन में महापौर राजा इकबाल सिंह, पश्चिमी दिल्ली की जिला अधिकारी एवं शहर सदर पहाड़गंज जोन की पूर्व उपायुक्त वंदना राव, भारत प्रदूषण नियंत्रण संघ (आइपीसीए) के संस्थापक एवं निदेशक आशीष जैन और उपनिदेशक डॉ. राधा गोयल समेत कई अन्य विशेषज्ञों ने भी हिस्सा लिया। सम्मेलन में महापौर ने कहा



### जीरो वेस्ट कॉलोनियों से एक साल में 300 मीट्रिक टन

**आशीष** जैन ने बताया कि नगर निगम के साथ मिलकर दिल्ली में अब तक करीब एक हजार कॉलोनियों को जीरो वेस्ट कॉलोनियों में बदला जा चुका है। इसके जरिए सोसायटी से निकलने वाले कूड़े को प्रोसेस करने में मदद मिली है। अब इन सभी जीरो वेस्ट कॉलोनियों से एक साल में 300 मीट्रिक टन कूड़ा प्रोसेस किया जा रहा है।

कि दिल्ली की आबादी तीन करोड़ है। इसके तहत प्रतिदिन कुल 11,500 मीट्रिक टन कचरा निकलता है। इसमें से करीब सात हजार मीट्रिक टन कचरे का निगम प्रोसेस करता है। जबकि चार हजार मीट्रिक टन कचरा तीनों लैंडफिल साइटों पर पहुंचता है। मौजूदा हालात को देखते हुए दिल्ली में सोसायटियों और कॉलोनियों में कचरे का मौके पर ही निपटान किया जाना बेहद जरूरी है। सोसायटियों में गीले कचरे का 50 प्रतिशत निपटान किया जाना जरूरी है। इससे कूड़े को खत्म करने और उसे लैंडफिल साइट तक ले जाने की समस्या काफी हद तक हल हो जाएगी।

**ठोस कूड़ा उत्पादकों की पहचान जरूरी :** सम्मेलन में विशेषज्ञों ने दिल्ली में प्रतिदिन निकलने वाले कूड़े को कम करने के लिए बल्क वेस्ट जनरेटर की पहचान करने की बात भी कही। नगर निगम ने विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का पंजीकरण शुरू कर दिया है।

## राजघाट के पास छीना मोबाइल, सीसीटीवी में कैद हुए दो बदमाश

**नई दिल्ली।** एएटीएस की टीम ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से अपराध की दुनिया में नए-नए शामिल हुए दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। उनसे छीना गया मोबाइल फोन और वारदात में इस्तेमाल मोटरसाइकिल जब्त कर ली गई है। उनकी पहचान दरियागंज निवासी कफील और शास्त्री पार्क निवासी आफताफ के रूप में हुई है। सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट के एडिशनल डीसीपी के मुताबिक, 17 मई को आइपी एस्टेट थाने में बाइक सवार दो बदमाशों द्वारा मोबाइल फोन छीनने की शिकायत दर्ज हुई थी। मामला दर्ज करने के बाद पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज खंगाली, जिसमें बाइक सवार बदमाश कैद हो गए। उनकी पहचान

# सुंदर नगरी सिलेंडर ब्लास्ट में दो बच्चे की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी जिले के नंद नगरी थाना क्षेत्र के सुंदर नगरी इलाके में गाड़ी में इस्तेमाल किए जाने वाले सीएनजी सिलेंडर में ब्लास्ट से दो मासूम बच्चों की इलाज के दौरान जीटीबी अस्पताल में मौत हो गई। इस हादसे में दोनों बच्चे 80 प्रतिशत से ज्यादा झुलस गए थे। मृतक बच्चों की पहचान साकिब और अब्बास के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, सुंदर नगरी इलाके के एक गोदाम में शनिवार शाम तकरीबन 4:30 बजे पुराना सीएनजी सिलेंडर की मरम्मत के दौरान जोरदार धमाका हुआ था। धमाका इतना जबरदस्त था कि गोदाम में लगे लोहे का दरवाजा टूट गया था। वहीं, इसकी





चपेट में पास में खेल रहे तीन मासूम बच्चे आ गए थे। सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल की टीम मौके पर पहुंची थी। घायलों को जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान आज दो बच्चे की मौत हो गई। उत्तर पूर्वी दिल्ली के डीसीपी आशीष मिश्रा ने बताया कि हादसे को लेकर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। वहीं, इस दुर्घटना को लेकर इलाके के लोगों में भारी रोष है। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि गोदाम में सुरक्षा मानकों की अनदेखी करते हुए पुराने सीएनजी सिलेंडरों की मरम्मत की जा रही थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह गोदाम लंबे समय से इस तरह के खतरनाक कामों में लिप्त था। कई बार पुलिस से शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। स्थानीय निवासियों के मुताबिक इस तरीके के हादसे यहां पहली भी हो चुके हैं, लेकिन प्रशासन ने अब तक कोई सबक नहीं लिया। जिसकी वजह से दो मासूम बच्चे की जान चली गई। वहीं, एक बच्चा राजा व गोदाम का कर्मचारी अरशद अभी भी जिंदगी और मौत से जंग लड़ रहे हैं। फिलहाल, पुलिस गोदाम मालिक के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# दिल्ली में नाइजीरियाई ड्रग तस्कर गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच ने ड्रग तस्करी के आरोप में एक नाइजीरियन को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 282 ग्राम कोकीन बरामद की गई है। उक्त कोकीन की सप्लाई दिल्ली के पॉश इलाकों में होनी थी। आरोपी वर्ष 2015 में तीन महीने के मेडिकल वीजा पर भारत आया था। वीजा खत्म होने के बाद वह दिल्ली के विभिन्न इलाकों में रहकर सैलून, प्रॉपर्टी डीलिंग का कारोबार करने लगा और अफ्रीकी कम्युनिटी किचन भी खोल लिया। किचन में आने वाले हर कोकीन तस्कर से जान-पहचान होने के बाद वह किचन बंद कर जल्दी पैसा कमाने के लिए कोकीन बेचने का धंधा शुरू कर देता था। डीसीपी अपूर्व गुप्ता के मुताबिक, गिरफ्तार नाइजीरियन नागरिक का नाम डेविड लीन है। उसे ओल्ड महावीर नगर, तिलक नगर से पकड़ा गया। क्राइम ब्रांच ड्रग तस्करों के खिलाफ लगातार गिरफ्तारी और छापेमारी कर रही है। इसी सिलसिले में क्राइम ब्रांच को एक नाइजीरियन नागरिक के बारे में जानकारी मिली, जो दिल्ली-एनसीआर में थोक और खुदरा दोनों तरह से कोकीन की सप्लाई में संलिप्त था।

### काबू

- नाइजीरियाई नागरिक ड्रग तस्करी में गिरफ्तार
- 282 ग्राम कोकीन दिल्ली पुलिस द्वारा जब्त

एसीपी राज कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने महावीर नगर से डेविड लीन को पकड़ा। उसके पास एक कैरी बैग था, जिसकी जांच करने पर उसमें से पीले रंग का एक पाउडर मिला। इसकी पहचान कोकीन के रूप में हुई। कोकीन का वजन 282 ग्राम पाया गया।

पूछताछ में पता चला कि डेविड लीन ने तिलक नगर में मिले एक अन्य नाइजीरियन लियो से कोकीन खरीदी थी। डेविड लीन कई महीनों से तिलक नगर के कृष्णा पुरी में किराए पर रह रहा था। वह नाइजीरिया का स्थायी निवासी है। वह 2015 में तीन महीने के लिए मेडिकल वीजा पर भारत आया था। 2016 में उसका वीजा खत्म हो गया, फिर उसने महरौली में एक सैलून खोला।

# मेट्रो ने शुरू की विशेष श्रेणी के यात्रियों के लिए प्रायोरिटी फ्रिस्किंग

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के साथ मिलकर विशेष श्रेणी के यात्रियों के लिए मेट्रो स्टेशनों पर प्रायोरिटी फ्रिस्किंग (प्राथमिकता जांच) की सुविधा शुरू की है। इस पहल का उद्देश्य विशेष जरूरत वाले यात्रियों को एक सहज, सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा अनुभव प्रदान करना है। इस सुविधा का लाभ दिव्यांगजन, गर्भवती महिलाएं, छोटे बच्चों के साथ महिलाएं, वरिष्ठ नागरिक और घायल व्यक्ति उठा सकेंगे। मेट्रो स्टेशनों पर ऐसे यात्रियों को अब सुरक्षा जांच के दौरान प्राथमिकता दी जाएगी, जिससे उन्हें लंबी कतारों में




इंतजार नहीं करना पड़ेगा। डीएमआरसी ने रविवार को बताया कि यह पहल मेट्रो प्रणाली को और अधिक समावेशी, सुलभ और संवेदनशील बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। इसके माध्यम से दिल्ली मेट्रो यह सुनिश्चित करना चाहती है कि सभी यात्री, विशेषकर विशेष जरूरतमंद वाले लोग, बिना किसी परेशानी के मेट्रो सेवाओं का लाभ उठा सकें। डीएमआरसी ने बताया कि यदि किसी यात्री को लेकर संदेह हो तो सुरक्षा कर्मी उनसे उचित दस्तावेज दिखाने का अनुरोध कर सकते हैं। डीएमआरसी और सीआईएसएफ मिलकर इस योजना को सही तरीके से लागू करने के लिए दिशा निर्देश तैयार कर रहे हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी योग्य यात्रियों को इसका लाभ बिना किसी अड़चन के मिल सके। उल्लेखनीय है कि डीएमआरसी पहले से ही दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए आरक्षित सीटों, टैक्टाइल पथों, व्हीलचेयर की सुविधा और रैम्प जैसी सेवाएं प्रदान करता रहा है।

### सुविधाजनक

- विशेष जरूरत वाले यात्रियों को एक सहज, सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा अनुभव प्रदान करना

# दिल्ली पुलिस की एंटी थेफ्ट सेल ने चोर को दबोचा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दक्षिण पश्चिम जिला पुलिस की एंटी थेफ्ट सेल ने एक चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से चोरी के दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं। आरोपी की पहचान इंदिरा कैंप एंड्रयूजगंज निवासी प्रेम कुमार के रूप में हुई है, जिसे पुलिस ने डीडीए मार्केट, सफदरजंग एन्क्लेव से गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि जिले में मोबाइल चोरी व सेंधमारी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए एक टीम गठित की गई थी। टीम ने हाल ही में हुई चोरी की घटनाओं वाले स्थानों के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। इस दौरान डीडीए मार्केट, सफदरजंग एन्क्लेव में एक चोर के बारे में सूचना मिली। सूचना के आधार पर पुलिस ने मार्केट से एक युवक को पकड़ा, जिसकी पहचान प्रेम कुमार के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी के दो मोबाइल फोन बरामद किए, जिन्हें वह बेचने की फिराक में घूम रहा था।

### अरेस्ट

- चोर के पास से चोरी के मोबाइल बरामद
- सफदरजंग एन्क्लेव से हुई गिरफ्तारी

# मंत्री रविंद्र इंद्राज ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में की जनसुनवाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** समाज कल्याण, एससी/एसटी कल्याण, चुनाव और सहकारिता मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने रविवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में जनसुनवाई की। जनसुनवाई के दौरान लोगों ने अपनी समस्याएं, मांगें और सुझावों को मंत्री के आगे प्रस्तुत किया। मंत्री ने समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए। मंत्री रविंद्र इंद्राज ने कहा कि जनसमस्याओं का समयबद्ध निस्तारण ही जनसेवा का मूल उद्देश्य है। सरकार जनसहभागिता और पारदर्शिता के सिद्धांतों पर चलते हुए समाज के प्रत्येक वर्ग



के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। रविंद्र इंद्राज ने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों पर प्राथमिकता से कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

समाज कल्याण मंत्री ने जनसुनवाई के दौरान आए हुए लोगों से संवाद करते हुए सरकार की पेंशन और छात्रवृत्ति से जुड़ी विभिन्न योजनाओं और आगामी पहलों की जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि यह जनसुनवाई सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की दिशा में सरकार के निरंतर प्रयासों की दिशा में है।

# भारतीय सेना का कर्नल बनकर ठगी करने वाला 77 वर्षीय धोखेबाज गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** खुद को भारतीय सेना का कर्नल बताकर युवाओं को सेना में नौकरी दिलाने व सेना कल्याण आवास संगठन (एडब्ल्यूएचओ) में फ्लैट और दुकान दिलाने के नाम पर लोगों से ठगी करने वाले 77 वर्षीय धोखेबाज सीताराम गुप्ता को क्राइम ब्रांच ने पंजाब से गिरफ्तार किया है। वह पंजाब विश्वविद्यालय में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय डॉ. मनमोहन सिंह का अर्थशास्त्र का छात्र था। वह दिल्ली में भारतीय सेना में नौकरी दिलाने के लिए धोखाधड़ी और जालसाजी के तीन मामलों में भी शामिल रहा है। इन मामलों में उसे दोषी पाया गया है।

**सीताराम सिंगला पंजाब के पटियाला से गिरफ्तार**



डीसीपी अपूर्वा गुप्ता के मुताबिक सीताराम गुप्ता उर्फ सीताराम सिंगला पंजाब के पटियाला से गिरफ्तार किया गया। 2007 में उसने भारतीय सेना कल्याण आवास संगठन (एडब्ल्यूएचओ) में फ्लैट और दुकान की पेशकश करने के धोखाधड़ी के मामले में वांछित था। विवेक विहार थाने में दर्ज में इस मामले में उसे जमानत मिल गई थी। बैंक कर्मचारी अनिल निगम ने विवेक विहार थाने में शिकायत कर बताया कि सीताराम सिंगला नाम का व्यक्ति खुद को दिल्ली में तैनात कर्नल रैंक का सैन्य अधिकारी बताया था और शिकायतकर्ता को एक फ्लैट की पेशकश की, जिसे आर्मी वेलफेयर हाउसिंग ऑर्गनाइजेशन द्वारा बनाया जाना था। उसी योजना के तहत उसने एक दुकान भी बुक कराने की पेशकश की थी।

**धोखाधड़ी और जालसाजी के तहत मामला दर्ज करवा दिया**

एडवांस 56,000 रुपये लिकर उसने शिकायतकर्ता को दो रसीदें सौंपीं।

### सीताराम का जन्म मंडी डबवाली में हुआ था

**सीताराम** गुप्ता का जन्म मंडी डबवाली, सिरसा, हरियाणा में हुआ था और लेकिन बाद में उसका परिवार पंजाब के मानसा में रहने लगा। उसने पंजाब विश्वविद्यालय से एमए (इतिहास) और एमए (अर्थशास्त्र) की पढ़ाई की। वह भारत के पूर्व माननीय प्रधानमंत्री स्वर्गीय डॉ. मनमोहन सिंह के अर्थशास्त्र का छात्र था, जो पंजाब विश्वविद्यालय में उनके प्रोफेसर थे।

उसने भारतीय सेना में पहले ठेकेदार के रूप में काम करना शुरू किया और पूरे भारत के विभिन्न छावनी क्षेत्रों में तेल की आपूर्ति करना शुरू कर दिया। अपने काम के दौरान, उसने सेना के अधिकारी के विभिन्न पदों का ज्ञान प्राप्त किया और भारतीय सेना की भर्ती प्रक्रिया के बारे में सीखा।

सेना में नौकरी देने के बहाने कई युवाओं से पैसे लिए

1987 में दिल्ली आकर तेल ठेकेदार के रूप में काम करना शुरू कर दिया। अपने काम से अलग होकर वह खुद को सेना का कर्नल बता दिल्ली वासियों के साथ धोखाधड़ी करना शुरू कर दिया। उसने भारतीय सेना में नौकरी देने के बहाने कई युवाओं से पैसे लिए। एक बैंक कर्मचारी को आर्मी वेलफेयर हाउस ऑर्गनाइजेशन में फ्लैट और दुकान देने का वादा करके ठगा।

# मोदी ने 11 साल पहले जो कहा वो पूरा किया, यही है संकल्प से सिद्धि : सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़।** ''मोदी सरकार के 11 साल संकल्प से सिद्धि तक'' कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा रविवार को गुरुग्राम के भाजपा कार्यालय गुरुकमल में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा, राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा सहित प्रदेश के मंत्रियों, विधायकों और सांसदों की उपस्थिति में तैयार की गई।

गुरुकमल कार्यालय में आयोजित कार्यशाला में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जहां मोदी सरकार की उपलब्धियां सबके सामने रखते हुए इन्हें घर-घर पहुंचाने की अपील की, वहीं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा ने जून में होने वाले सभी कार्यक्रमों की जानकारी रखी। प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने भी सभी कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक करने के लिए जिला अध्यक्षों, कार्यक्रम संयोजकों को दिशा निर्देश दिए।

राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़ ने मोदी सरकार की योजनाओं को गौरवान्वित करने वाली बताया। कार्यशाला में सभी नेताओं को समझाया गया कि किस तरह सभी कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक करना है।

प्रदेश कार्यकारिणी में मोदी सरकार की 11 साल की उपलब्धियों पर बोलते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में जो कहा, वो पिछले 11 सालों में पूरा किया और उसे सिद्धि तक पहुंचाया। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले और 2025 तक के समय का मूल्यांकन करेंगे तो जमीन-आसमान का अंतर नजर आएगा। इन 11 सालों में भारत ने तेजी से तरक्की की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्व में भारत का सम्मान बढ़ा है। पीएम मोदी ने भारत को 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है, इस संकल्प को हम सभी को मिलकर सिद्धि तक पहुंचाना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 11 वर्षों में लोगों का जीवन सरल हुआ है। हर जिला फोर लाइन सड़कों से जुड़ा है और देश व प्रदेश का इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि अब सात से आठ घंटों का सफर दो से तीन घंटों में पूरा हो रहा है, यही बदलता हुआ भारत है। विपक्ष की सरकारों को घेरते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी मिलने के बाद जिस गति से विकास होना था वह नहीं हुआ, लेकिन पीएम मोदी के नेतृत्व में 11 सालों में भारत विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है।






मोदी सरकार की योजनाओं पर बोलते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि स्वामित्व योजना से लोगों को मालिकाना हक मिला और हरियाणा में भाजपा सरकार ने गांवों को लाल डोरा से मुक्त किया। अमृत सरोवर योजना के तहत प्रदेश में 2200 से अधिक अमृत सरोवर बने हैं। हर घर नल से जल योजना के तहत महिलाओं को दूर-दूर से पानी लाने के झंझटों से मुक्ति मिली है। उज्जवला योजना के तहत गरीब परिवारों को निशुल्क गैस सिलेंडर दिए और अब हरियाणा में 500 रुपये में गैस सिलेंडर दिए जा रहे हैं। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस की सरकार में ब्लैक में गैस सिलेंडर मिलते थे और गैस सिलेंडर लेने के लिए लंबी-लंबी लाइनें लगती थी, लेकिन अब सिलेंडर घर-घर पहुंच रहे हैं।

## मोदी सरकार के काम प्रेरणादायक हैं : बड़ौली

*भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने पंडित मोहन लाल बड़ौली ने पदाधिकारियों से सभी कार्यक्रमों को सफल बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 साल प्रेरणादायक रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने जनहित में अनेकों निर्णय लिए और योजनाएं बनाई। सभी योजनाओं को धरातल पर उतारा। श्री बड़ौली ने कहा कि हमें मोदी सरकार की 11 साल की उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचाना है। उन्होंने यह भी कहा कि जो कार्यक्रम सुनिश्चित हुए हैं उन्हें 100 प्रतिशत सफल बनाना है। कार्यशाला को संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा ने भी संबोधित किया। उन्होंने संगठनात्मक विषयों पर बात रखी।*

*उन्होंने सभी पदाधिकारियों और कार्यकताओं को कार्यक्रमों में शत प्रतिशत उपस्थित रहने का आग्रह किया।*

*इस मौके पर मंच पर सीएम नायब सैनी, प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा, राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़, प्रदेश महामंत्री एवं कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी, प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया, पूर्व मंत्री कंवरपाल गुर्जर, पूर्व मंत्री जेपी दलाल, पूर्व मंत्री सीमा त्रिखा, बिशम्बर बाल्मिकी के अलावा कार्यशाला में सांसद, मंत्री, विधायक, पूर्व मंत्री, जिला अध्यक्ष और पदाधिकारी उपस्थित रहे।*

नायब सिंह सैनी ने कहा कि आवास योजना के तहत चार करोड़ से अधिक लोगों को देश भर में मकान की चाबी सौंपी गई है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के ग्रामीण क्षेत्र में 43 हजार 922 लोगों को मकान दे दिए गए हैं और लगभग 30 हजार मकान निमार्णाधीन है। शहरी क्षेत्रों में भी 43 हजार 925 के करीब मकान दिए जा चुके हैं और 30 हजार के करीब मकान निर्माणाधीन हैं। मोदी सरकार ने किसानों को एक लाख रुपये तक किसान क्रैडिट कार्ड दिए जिसका लाभ किसानों को मिल रहा है। बीमा योजना के बारे में बताते हुए सीएम ने कहा कि कांग्रेस सरकार में किसानों को फसल खराब होने पर दो-दो रुपये के चेक मिलते थे। कांग्रेस ने 10 साल में हरियाणा में 1155 करोड़ रुपये मुआवजा के दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने 10 सालों में 14 हजार करोड़ से अधिक का मुआवजा किसानों को दिया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को पांचवी अर्थव्यवस्था बनाने का संकल्प लिया था। पीएम मोदी ने संकल्प को सिद्धि तक पहुंचाया और देश पांचवी अर्थव्यवस्था के बाद अब चौथी दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बना है और जल्द भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश होगा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में देश की सीमाएं सुरक्षित हुई हैं। मोदी सरकार ने पहलगाम का बदला एयर स्ट्राइक से लिया। भारत की सेना की शक्ति को पूरी दुनिया ने देखा है। हमारी बेटियां आत्मनिर्भर और सशक्त बनी है। आप्रेशन सिंदूर में हमारी बेटियों ने मिशन को लीड किया है। मुख्यमंत्री ने वन नेशन, वन इलेक्शन विषय पर बोलते हुए कहा कि देश में एक साथ चुनाव होने से पैसा व समय बचेगा और देश के विकास में लगेगा। कार्यक्रम में सीएम सैनी ने कहा कि 21 जून को कुरूक्षेत्र में योगा दिवस राज्य स्तर पर मनाया जाएगा और इसमें एक लाख से अधिक लोग एक साथ योगा करेंगे।

**प्रधानमंत्री मोदी ने देश को गौरवशाली बनाया : ओम प्रकाश धनखड़**

भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़ ने कहा कि अब भारत पीएम मोदी के नेतृत्व में न्यू नॉर्मल होकर आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने 11 वर्षों में देश को गौरवशाली बनाया। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान करते हुए कहा कि वे घर-घर जाकर लोगों को 11 साल की उपलब्धियां का अहसास कराएं। धनखड़ ने कहा कि अब भारत दुनिया में विश्व गुरू बनकर रहेगा तथा खून और पानी एक साथ नहीं बहेगा। उन्होंने कहा कि जो भी पार्टी से काम मिले हैं, उसे 100 प्रतिशत तक पूरा करें।

## मोदी ने 11 सालों में देश का कायाकल्प किया : रेखा वर्मा

*कार्यशाला को संबोधित करते हुए भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा ने विपक्ष की सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि देश आजाद होने के बाद उस समय की सरकारों ने देश को विकास के मामलों में पीछे रखा। उन्होंने कहा कि जवाहर लाल नेहरू के स्थान पर अगर सरदार पटेल भारत के प्रधानमंत्री होते तो धारा-370 की समस्या नहीं होती। उन्होंने कहा कि 2014 में पीएम मोदी के नेतृत्व में सरकार बनने पर देश का कायाकल्प हुआ है। राम मंदिर निर्माण, धार्मिक स्थलों का सौंदर्यीकरण हुआ है। रेखा वर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार सर्व समाज को साथ लेकर चलने वाली सरकार है। रेखा वर्मा ने पूरे महीने चलने वाले कार्यक्रमों के बारे में भी विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के 11 साल-संकल्प से सिद्धि तक कार्यक्रम के तहत प्रदेश में जिला स्तर पर कार्यशालाएं व प्रेसवाताएं आयोजित की जाएंगी। योगा शिविर व स्वच्छता अभियान के साथ-साथ मंत्रियों और विधायकों के प्रवास कार्यक्रम होंगे। उन्होंने कहा कि ग्रामीण व शहरी चौपाल लगाकर लोगों को मोदी सरकार की 11 साल की उपलब्धियां बतानी है। आपातकाल पर कार्यक्रम होंगे और एक पेड़ मां के नाम लगाकर पौधारोपण कार्यक्रम किए भी जाएंगे।*

# 'एक राष्ट्र एक चुनाव' सिर्फ राजनीतिक विचार ही नहीं, राष्ट्रहित का विचार है

### मुख्यमंत्री ने 'वन नेशन-वन इलेक्शन' के विचार के प्रचार-प्रसार में युवाओं से सहभागी बनने का किया आह्वान, कहा यह राष्ट्र निर्मा[illegible]का कार्य है

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि 'एक राष्ट्र एक चुनाव' (वन नेशन वन इलेक्शन) सिर्फ एक राजनीतिक विचार नहीं है, यह राष्ट्रहित का विचार है। यह समय, संसाधन और जन-भागीदारी को और अधिक सशक्त करने वाला विचार है। यह वह विचार है जिसके अनुसार जब एक राष्ट्र एक साथ चलता है, तब वह हर बाधा को पार कर सकता है। जब देश एक साथ सोचता है, तब वह हर संकट का समाधान निकाल सकता है। मुख्यमंत्री रविवार को गुरुग्राम में 'एक राष्ट्र एक चुनाव' थीम पर आयोजित 'गुरुग्राम रन' को बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह और खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने 'गुरुग्राम रन' को हरी झंडी दिखाने से पूर्व उपस्थित युवा शक्ति को संबोधित करते हुए कहा कि 'वन नेशन-वन इलेक्शन' सिर्फ एक नारा नहीं है बल्कि यह प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की उस समग्र सोच का प्रतीक है, जो एकता में शक्ति को मानती है। 'वन नेशन-वन इलेक्शन' प्रधानमंत्री के उसी सपने की कड़ी है, जिसे हमने 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के रूप में देखा है। यह विचार देश के हर नागरिक को एक समान अवसर देता है, एक साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में चुनाव एक समय पर कराने से चुनावों पर आने वाला खर्च कई गुणा कम हो सकता है।




प्रशासनिक मशीनरी का बेहतर उपयोग हो सकता है। साथ ही विकास की रफ्तार बिना रुके आगे बढ़ सकती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दौड़, विशेष रूप से हमारे युवाओं के लिए एक संदेश है कि राष्ट्र निर्माण सिर्फ बैठकों और नीतियों से नहीं होता, उसमें युवा शक्ति का संकल्प भी निहित है। उन्होंने कहा कि जब युवा शक्ति आगे आती है तो निश्चित रूप से बदलाव की लहर उठती है। 'गुरुग्राम रन' में भाग ले रही युवा शक्ति इस बात का प्रतीक है कि भारत का भविष्य जाग चुका है।

मुख्यमंत्री ने कहा यह दौड़ सिर्फ शरीर की फिटनेस की नहीं, लोकतंत्र की फिटनेस का भी प्रतीक है।

**मुख्यमंत्री ने कहा, यह राष्ट्र निर्माण का कार्य है, जिसमें हर नागरिक की भूमिका है अनिवार्य:** 'वन नेशन-वन इलेक्शन' को सफल बनाना है, तो हमें नवाचार की, संवाद की और संवेदनशीलता की जरूरत है। युवा शक्ति से आह्वान किया कि वे कॉलेजों में, गांव की चौपालों में, सोशल मीडिया पर इसकी चर्चा कर एक सार्थक माहौल बनाने में सहभागी बने।

## गुरुग्राम से निकली प्रेरणा बन सकती है हरियाणा और पूरे भारत में परिवर्तन का संकल्प

***मुख्यमंत्री** नायब सिंह सैनी ने कहा कि गुरुग्राम सिर्फ एक आधुनिक शहर नहीं है। यह भारत की नव-उद्यमिता, तकनीकी विकास और युवा सशक्तिकरण का प्रतीक है। आधुनिक तकनीक, नवाचार और कौशलयुक्त युवाओं की शक्ति का केंद्र बन चुके माता शीतला की इस पावन धरा से निकली प्रेरणा पूरे हरियाणा में और फिर पूरे भारतवर्ष में परिवर्तन का संकल्प बन सकती है। उन्होंने कहा कि यह विचार राजनीतिक सीमाओं से ऊपर उठकर, राष्ट्रीय प्राथमिकता बनना चाहिए। अगर किसी विचार से देश को लाभ हो, प्रशासन को गति मिले और लोकतंत्र को और अधिक मजबूती दी जा सके तो समय की मांग के अनुसार संविधान में आवश्यक बदलाव भी किए जा सकते हैं।*

*मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। विशाल लोकतंत्र की प्रणाली को अधिक सक्षम, अधिक पारदर्शी और अधिक समन्वित कैसे बनाया जाए। वन नेशन-वन इलेक्शन इसी सोच से निकला है*

# हरियाणा के खिलाड़ी कर रहे हैं देश में नाम ऊंचा : राजीव जैन



**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** नगर निगम मेयर एवं मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने कहा कि खेल हमारी दिनचर्या का हिस्सा बने, इससे हमारा शरीर भी स्वस्थ रहेगा और यदि खिलाड़ी खेल भावना से मेहनत, लगन, अनुशासन एवं समर्पण भाव से अभ्यास करे तो खेल के क्षेत्र में ऊंचा कैरियर भी बन सकता है।

राजीव जैन ने लिटिल एंजल्स स्कूल में बैडमिंटन हॉल में 43वीं जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का उद्घाटन किया और सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता में 400 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं और छह जून को प्रतियोगिता का समापन होगा। इस चैंपियनशिप में अंडर- 11, 13, 15, 17, 19 व वेटरन्स 30 से 65 आयुवर्ग के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने स्मृति चिन्ह देकर राजीव जैन का स्वागत किया।

भाजपा नेता राजीव जैन ने कहा कि प्रदेश सरकार खिलाड़ियों की प्रतिभा पहचानने के लिए खेलो इंडिया का आयोजन कर रही है ताकि खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया जा सके। खिलाड़ियों का मानदेय एवं ईनाम की राशि बढ़ाने से खेल के प्रति सम्मान बढ़ा है और प्रदेश के खिलाड़ी विश्व स्तरीय प्रतियोगिताओं में देश का नाम रोशन कर रहे हैं। प्रतियोगिता कार्यक्रम में स्कूल की प्रधानाचार्या आशा गोयल ने प्रतियोगिता को स्कूल के प्रांगण में आयोजित करने के लिए एसोसिएशन का धन्यवाद किया। कार्यक्रम में एसोसिएशन महासचिव जगबीर छिक्कारा, विवेक आर्य, नवीन कुमार, प्रियव्रत, के. के. सांगवान, हरदीप सरोहा, शशिकांत कौशिक, सुशील पराशर सहित सैंकड़ों खिलाड़ी उपस्थित रहे।

# पूरे माह भाजपा चलाएगी समाज सेवा के अनेक कार्यक्रम

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़:** मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में हरियाणा में एक महीने तक चलने वाली गतिविधियों की श्रृंखला को गुरुग्राम में अंतिम रूप दिया गया। भाजपा की प्रदेश कार्यकारिणी के बाद प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने जिला अध्यक्षों, प्रभारियों, कार्यक्रमों के संयोजकों के साथ बैठक की और पूरे महीने चलने वाले कार्यक्रमों के बारे में बताया। वहीं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा ने केंद्र से आए कार्यक्रमों को सिलसिलेवार बैठक में रखा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने चार और पांच जून को लोकसभा स्तर पर होने वाली कार्यशालाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लोकसभा स्तर पर चार जून को फरीदाबाद के भाजपा कार्यालय में कार्यशाला होगी। कार्यशाला का संयोजक पूर्व विधायक सत्य प्रकाश जरावता को नियुक्त किया गया है। केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा और पूर्व मंत्री सीमा त्रिखा मुख्य वक्ता होंगे। करनाल भाजपा कार्यालय में होने वाली कार्यशाला के संयोजक वेदपाल एडवोकेट को नियुक्त किया। कार्यशाला में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, मंत्री अरविंद शर्मा, कंवरपाल गुर्जर व प्रदेश महामंत्री डा. अर्चना गुप्ता मुख्य वक्ता हैं।

# मुख्यमंत्री नायब सिंह ने की क्रिकेट खेलकर मस्ती

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपने गुरुग्राम दौरे के दौरान अनोखी मिसाल पेश करते हुए काफिले को बीच रास्ते रुकवाकर स्थानीय युवाओं के साथ क्रिकेट खेला। यह दृश्य उस समय सामने आया जब मुख्यमंत्री स्थानीय लेजर वैली पार्किंग में आयोजित एक राष्ट्र एक चुनाव थीम पर आधारित कार्यक्रम में शिरकत करने उपरान्त पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस की ओर जा रहे थे और राजीव चौक पर एक खुले मैदान में क्रिकेट खेलते युवाओं को देखकर उत्सुकता व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने युवाओं के आग्रह को हर्षपूर्वक स्वीकार करते हुए बल्ला थामा और कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह, खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम तथा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल कौशिक ने कुछ देर तक उनके साथ क्रिकेट खेला।



यह क्षण जननेता की जनभावनाओं के प्रति संवेदनशीलता और जुड़ाव का सजीव प्रमाण बना। स्थानीय युवाओं ने मुख्यमंत्री की इस सहजता और उदारता की सराहना करते हुए कहा कि यह क्षण उनके जीवन का अविस्मरणीय अनुभव बन गया।

मुख्यमंत्री का यह व्यवहार जनसेवा और लोकसंवाद की संस्कृति को सुदृढ़ करता है। मुख्यमंत्री ने इस दौरान युवाओं के आग्रह पर उनके साथ सेल्फी भी कराई।

**सजनीति**

**मुख्यमंत्री सैनी ने दौरे के दौरान काफिले को रुकवाकर स्थानीय युवाओं के साथ क्रिकेट खेला।**

## प्रत्येक नागरिक मॉनसून में लगाए दो पौधे: राव

**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम।** हरियाणा के पर्यावरण मंत्री राव नरबीर सिंह ने गुरुग्राम जिले के हयातपुर गांव में स्वच्छ हरियाणा और प्लास्टिक मुक्त अभियान के अंतर्गत आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में शिरकत की। इस अवसर पर एक वृक्ष माँ के नाम थीम के तहत 1100 पौधों का सामूहिक रोपण किया गया। उपस्थित नागरिकों को पॉलिथीन मुक्त हरियाणा का संकल्प दिलाया गया।

# भजपाईयों ने मोदी सरकार को 11 साल पूरे करने पर दी शुभकामनाएं

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** 11 साल पहले नरेंद्र मोदी जी ने पहली बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। उनका कार्यकाल कई महान पहल, नीतियों और रणनीतिक कार्यों भरा हुआ है भारत के प्रधानमंत्री के रूप में 11 साल पूरे करने पर पीएम नरेंद्र मोदी को हार्दिक बधाई। भाजपा के पूर्व प्रदेश सह मीडिया प्रमुख रीतिक वधवा ने भारत के प्रधानमंत्री के रूप में 11 साल पूरे करने पर कार्यकताओं एवं देशवासियों को बधाई देते हुए कहे। इस अवसर पर भाजपाइयों ने केक काटकर पीएम नरेंद्र मोदी को दी। रीतिक वधवा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर उनके नेतृत्व की सराहना करते हुए रीतिक कहा कि पीएम मोदी का कार्यकाल कई महान पहल, नीतियों और रणनीतिक कार्यों के लिए जाना जाएगा। मोदी के कार्यकाल के दौरान देश को मजबूत करने वाले निर्णय लिए गए। देश प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व, विकास के प्रति अटूट प्रतिबद्धता और भारत का वैश्विक स्तर ऊंचा उठाने के अथक प्रयासों के लिए आभारी है। हम भारत के प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी के 11 परिवर्तनकारी वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहे हैं।



# पुलिस क्यों नहीं तोड़ पा रही हरियाणा में नशा तस्करों का नेटवर्क: सैलजा

### लोगों का भी पता है नशा कहां-कहां बिकता है, लेकिन पुलिस विभाग को इसकी भनक नहीं

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि हरियाणा में नशा तस्करों का नेटवर्क लगातार फैलता जा रहा है। समूचे राज्य में नशा तस्कर हेरोइन, गांजा, अफीम व अन्य प्रकार के जानलेवा नशा की सप्लाई करने में जुटे हैं। नशा तस्करों के बढ़ते और फैलते नेटवर्क के चलते ऐसा जान पड़ता है जैसे हरियाणा उनका पसंदीदा राज्य बन गया हो। आखिर पुलिस नशा तस्करों का नेटवर्क क्यों नहीं तोड़ पा रही है, जब लोगों को पता है कि नशा कहां-कहां बिक रहा है और कौन बेच रहा है तो पुलिस विभाग को इसकी भनक क्यों नहीं लग पा रही है। मीडिया को जारी बयान में सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार नशा तस्करों की कमर तोड़ने और करोडो रुपये के नशीले पदार्थ बरामद करने का दावा कर रही है बावजूद इसके तस्करों का नेटवर्क प्रदेश में तेजी से फैल रहा है।



प्रदेश में नशे की गूंज हर चौक चौराहे, विधानसभा सदन तक सुनाई देती है। पुलिस को नशा तस्करों का किला ध्वस्त करने के लिए और जो युवा नशा कर रहे है उन्हें समाज की मुख्यधारा में शामिल करने की दिशा में युद्ध स्तर पर काम करना चाहिए। प्रदेश के अधिकतर जिलों में नशा तस्कर सक्रिय हैं।

सच तो ये है नशा करने वालों की संख्या बढ़ रही है उसी हिसाब से नशे की मांग बढ़ रही है, नशा की पूर्ति के लिए नशेडी कोई भी कीमत देने को तैयार है, जिसके लिए वह अपराध तक करने लगा है। ऐसे में नशे की रोकथाम के लिए सरकार को साम-दाम दंड भेद सब कुछ अपनाने होंगे क्योंकि युवा सुरक्षित है तो देश का भविष्य सुरक्षित है। सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि है पुलिस अभी तक सही ढंग से नशा तस्करों और उनके रूट की पहचान तक नहीं कर पाई है अगर उसने रूट की पहचान कर ली है तो प्रदेश में नशा कहां से आ रहा है।

पाकिस्तान से नशा सबसे पहले पंजाब पहुंचता है और पंजाब से अन्य राज्यों की ओर भेजा जाता है। पंजाब सीमा से सटा सिरसा और फतेहाबाद जिला सबसे ज्यादा प्रभावित है।

# गांव लालुपुरा में रात ठहरे एसपी और एडीसी

## सीधा संवाद कर सुनी समस्याएं, ग्रामीणों ने की पशु अस्पताल और सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग

**रात्रि ठहराव**

**कार्यक्रम के दौरान कुल 35 ग्रामीणों ने अपनी-अपनी व्यक्तिगत समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं।**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** प्रदेश के गांवों में रात्रि ठहराव कार्यक्रम के तहत शनिवार को जिला प्रशासन की टीम ने जिले के लालुपूरा गांव में रात्रि ठहराव किया। घरौंडा विधानसभा क्षेत्र के इस गांव में पहुंचे एसपी गंगाराम पूनिया और जिला परिषद के सीईओ एवं कार्यवाहक एडीसी गौरव कुमार ने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान ग्रामीणों ने जहां व्यक्तिगत शिकायतें रखीं, वहीं सामूहिक स्तर पर पशु अस्पताल और सीसीटीवी कैमरे लगाने और स्कूल को अपग्रेड किए जाने की मांग प्रमुखता से उठाई गई।

गांववासियों ने कहा कि गांव में लगभग हर घर में पशु हैं। पशुओं के बीमार पड? पर इलाज के लिए उन्हें बाहर ले जाना पड़ता है, जिससे समय और पैसे दोनों की दिक्कत होती है। ग्रामीणों ने गांव में ही पशु अस्पताल बनवाने की मांग रखी, ताकि इलाज की सुविधा पास में ही मिल सके और परेशानी से राहत मिले। दूसरी सामूहिक मांग के रूप में गांव में सीसीटीवी कैमरे लगाने का मुद्दा उठाया गया। ग्रामीणों ने कहा कि सीसीटीवी कैमरों से गांव में निगरानी बेहतर होगी और असामाजिक गतिविधियों पर रोक लगेगी।

इसके अलावा तालाब के बार-बार ओवरफ्लो होने की समस्या भी रखी गई, जिससे ग्रामीणों को काफी दिक्कतें झेलनी पड़ती हैं। सीईओ जिला परिषद गौरव कुमार ने सभी प्रमुख मांगों को गंभीरता से लिया और कहा कि इनकी फिजिब्लिटी चेक करवाने के लिए संबंधित विभाग को भेजा जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि इन मांगों को जल्द से जल्द पूरा करवाने का प्रयास किया जाएगा।

सीईओ गौरव कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जो पात्र लोग अब तक रजिस्ट्रेशन नहीं करवा सके हैं, वे 7 जून तक नजदीकी सरल केंद्र पर जाकर रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि योजना का लाभ लेने के लिए समय पर आवेदन करें।

रात्रि ठहराव के दौरान एसपी गंगाराम पूनिया ने गांव में पुलिस विभाग से संबंधित समस्याएं भी सुनीं। गांववासियों की ओर से किसी भी तरह की पुलिस से जुड़ी शिकायत सामने नहीं आई। एसपी पूनिया ने कहा कि लालुपूरा शांतिपूर्ण गांव है, यहां माइनिंग, नशा या अन्य अवैध गतिविधियों से जुड़ी कोई समस्या नहीं है। उन्होंने कहा कि ऐसे रात्रि ठहराव का उद्देश्य ग्रामीणों से सीधे संवाद करना है, ताकि वास्तविक समस्याओं की जानकारी मिल सके।

एसपी पूनिया ने बच्चों और युवाओं को अच्छी शिक्षा लेने और नए-नए कौशल सीखने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी देश की सबसे बड़ी ताकत है। युवा अगर पढ़ाई और मेहनत से आगे बढ़ेंगे तो वे देश का भविष्य मजबूत बना सकते हैं।

कार्यक्रम के दौरान कुल 35 ग्रामीणों ने अपनी-अपनी व्यक्तिगत समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। इनमें से कुछ शिकायतों का निपटारा मौके पर ही कर दिया गया, जबकि शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को भेजकर जल्द समाधान के निर्देश दिए गए।

# आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है समाधान : हरविन्द्र कल्याण

**दिशा-निर्देश**

**जनता के लिए उनके द्वार 24 घंटे खुले हैं तथा घरौंडा हलके का विकास उनकी प्राथमिकता है।**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष एवं घरौंडा के विधायक हरविन्द्र कल्याण ने रविवार को अपने निवास स्थान कल्याण फार्म पर आमजन की समस्याएं सुनीं तथा मौके पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि आमजन की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है और पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति को योजनाओं का लाभ मिले इस पर कार्य किया जा रहा है। जनता के लिए उनके द्वार 24 घंटे खुले हैं तथा घरौंडा हलके का विकास उनकी प्राथमिकता है। आने वाले समय में न केवल लंबित कार्यों को पूरा कराया जाएगा, बल्कि लोगों की जरूरत अनुसार विकास के नए प्रोजेक्ट भी शुरू किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्य तेज गति से आगे बढ़ रहे हैं। वह स्वयं समय-समय पर इनकी मॉनिटरिंग करते हैं, क्षेत्र की जनता को अधिक से अधिक विकास परियोजनाओं की सौगात मिले, इसको लेकर वे निरंतर प्रयासरत हैं।

हरविन्द्र कल्याण क्षेत्र की विभिन्न समस्या और मांग लेकर आए लोगों से मिले और उनकी प्रत्येक मांग को गंभीरता से सुनने के बाद अमल में लाने के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एक जन प्रतिनिधि पर राजनीति से ऊपर उठकर सभी के भले में काम करके उनको सुविधाएं देने की जिम्मेवारी होती है, ताकि मिली जिम्मेवारी समाज हित में काम आए। उन्होंने कहा क्षेत्र में किसी की भी समस्या छोटी हो या बड़ी जब तक उसको समाधान तक नहीं ले जाया जाता, तब तक हमारा लक्ष्य पूरा नहीं होता। हमें लगातार उसके समाधान के प्रयत्न करने चाहिएं।

# फरीदाबाद को इंदौर जैसे शहर की तरह स्वच्छ बनाने में सभी अधिकारी करें सहयोग: महापौर



**टीम एक्शन इंडिया/रूपेश कुमार**

**फरीदाबाद:** महापौर श्रीमती प्रवीण जोशी ने स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत आज निगम मुख्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित शपथ कार्यक्रम में मुख्यातिथि पहुंची और सभी अधिकारी, पार्षदों और कर्मचारियों को स्वच्छता के प्रति शपथ दिलाई। इस अवसर पर उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से अपील करते हुए कहा कि वह इस स्वच्छता पखवाड़े को सफल बनाने के साथ-साथ पूरे फरीदाबाद शहर को इंदौर जैसा स्वच्छ शहर बनाने में मदद करें, क्योंकि यह फरीदाबाद शहर अपना शहर है और अपने शहर को स्वच्छ बनाने का हमारा दायित्व है।आज रविवार 1 जून से ह्लस्वच्छता पखवाड़ाह्व के अंतर्गत नगर निगम के सभी जॉन में शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित गए।

इस मौके पर जॉइंट कमिश्नर द्विजा ने जानकारी देते हुए बताया कि 21 जून तक हर रोज स्वच्छता और पर्यावरण को शुद्ध रखने के संदेश देते हुए कार्यक्रम चलेंगे। जिसमें कूड़े के पृथक्करण, कूड़ा निस्तारण के साथ-साथ प्रतिबंधित प्लास्टिक के प्रयोग पर प्रतिबंध जैसे किस तरीके से घरों को जीरो वेस्ट घर बनाया जाए आदि विषयों पर नगर निगम की तरफ से कार्यक्रम किए जाएंगे और इस स्वच्छता पखवाड़े में शामिल होने वाले स्कूली बच्चों के साथ-साथ सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से नगर निगम स्वच्छता पखवाड़े को सफल बनाया जाएगा।

इस कार्यक्रम के लिए अलग अलग जगहों पर अधिकारियों की ड्यूटी सरकार के आदेशों के तहत लगाई गई है। अधिकारी अपने अपने जॉन में स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत होने वाले कार्यक्रमों की समीक्षा करेंगे और निगरानी रखेंगे।

# नाबालिग युवक ने की लटक कर आत्महत्या

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** शहर की शिव कॉलोनी में एक नाबालिग लडके ने आत्महत्या कर ली। उसका शव घर में फंदे पर लटका मिला। घटना के समय वह घर में अकेला था। घटना का पता तब चला जब दोपहर में खाना खाने आए बड़े भाई ने खिडकी से झांककर देखा। पुलिस ने छानबीन के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेजा है।

मृतक के मामा रणबीर ने बताया कि रविवार सुबह सन्नी के पिता ऑटो लेकर काम पर चले गए थे और मां भी काम पर चली गई थी। बड़ा भाई भी किसी काम से बाहर गया हुआ था। दोपहर में जब बड़ा भाई खाना खाने के लिए घर लौटा तो दरवाजा अंदर से बंद मिला। कई बार खटखटाने पर भी कोई जवाब नहीं मिला। खिडकी से झांककर देखा तो सन्नी पंखे से लटका हुआ था।

# अच्छे स्वास्थ के लिए खेल हमारी दिनचर्या का हिस्सा बने: राजीव जैन



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत।। संजीव कौशिक।।**

नगर निगम मेयर एवं मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने कहा कि खेल हमारी दिनचर्या का हिस्सा बने, हमारा शरीर भी स्वस्थ रहेगा और यदि खिलाड़ी खेल भावना से मेहनत, लगन, अनुशासन एवं समर्पण भाव से अभ्यास करे तो खेल के क्षेत्र में ऊंचा कैरियर भी बन सकता है। राजीव जैन ने लिटिल एंजल्स स्कूल में बैडमिंटन हॉल में 43वीं जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का उद्घाटन किया और सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता में 400 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं और 6 जून को प्रतियोगिता का समापन होगा। इस चैंपियनशिप में अंडर- 11, 13, 15, 17, 19 व वेटरन्स 30 से 65 आयुवर्ग के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।

एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने स्मृति चिन्ह देकर राजीव जैन का स्वागत किया।

भाजपा नेता राजीव जैन ने कहा कि प्रदेश सरकार खिलाड़ियों की प्रतिभा पहचानने के लिए खेलो इंडिया का आयोजन कर रही है ताकि खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया जा सके।

## संक्षिप्त खबरें

### गला घोंटकर युवक की हत्या, सिर पर चोट के निशान हाथ पर लिखा है एस, मृतक की नहीं हो सकी पहचान

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले के फैजलीपुर माजरा गांव के नजदीक एक प्रवासी की हत्या हो गई। शव गंदे नाले के पास मिला है। पुलिस के मुताबिक प्रवासी का गमछे से गला घोंटा गया है। सिर पर तेजधार हथियार के निशान हैं। छाती पर भी गहरी चोट के निशान हैं। मृतक की कलाई पर एस लिखा हुआ है।

रविवार को फैजलीपुर-कैरवाली की तरफ जाने वाली सडक पर नाले के पास एक प्रवासी का शव मिला। राहगीरों ने मामले की सूचना पुलिस को की। पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस के मुताबिक मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने आसपास के एरिया में काम करने वाले प्रवासियों को भी बुलाकर मृतक की पहचान करवाई, लेकिन पहचान नहीं हो सकी।

पुलिस के मुताबिक मृतक की उम्र करीब 30 से 35 वर्ष के बीच लग रही है। प्रवासी ने पीले रंग की बनियान डाली हुई है और लाल रंग का कच्छा पहना हुआ है। गले को उसी के गमछे से घोंटा गया है। मधुबन थाना में जांच अधिकारी कृष्ण कुमार ने बताया कि प्रवासी की हत्या की गई है।

एफएसएल टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। अब यह मर्डर किसने किया और क्यों किया? वह जांच का विषय है।

फिलहाल मृतक की पहचान के लिए शव को मोर्चरी हाउस में रखवा दिया है। 72 घंटे में शिनाख्त नहीं होती है तो दाह संस्कार करवा दिया जाएगा। यह एक ब्लाइंड मर्डर है और इसको पुलिस सुलझाने का प्रयास कर रही है, ताकि आरोपियों तक पहुंचा जा सके।

### आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बच्चों को वितरित की गई आत्मसुरक्षा को लाठियां



**टीम एक्शन इंडिया/कमाल हुसैन**

**पानीपत:** आर्य सीनियर सेकेंडरी विद्यालय जी.टी. रोड पानीपत में आर्यवीर दल का पांच दिवसीय बौद्धिक, शारीरिक और सांस्कारिक प्रशिक्षण शिविर चल रहा है जिसकी शुरूआत ओउम का झंडा फहराकर की गई।

उसके बाद विद्यालय के प्रधान वीरेंद्र आर्य, प्रबंधक रामपाल जागलान, कोषाध्यक्ष राजेंद्र जागलान, प्रिंसिपल मनीष घनघस ने शिविर में आए हुए। विद्यार्थियों को लाठियां भेंट करते हुये आत्मरक्षा संबंधित विषयों पर विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर आर्यवीर दल की ओर से राजेश आर्य, अशोक अरोड़ा, आचार्य प्रेमपाल, पंडित अशोक कुमार आर्य, पी. टी. आई संदीप आर्य व व्यायाम शिक्षक शेखर आर्य आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस लाइन में पुलिसकर्मियों ने किया योग प्रोटोकॉल का अभ्यास



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. सतपाल ने बताया कि जिला में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफलतापूर्वक मनाने के लिए रविवार को पुलिस लाइन में आयुष विभाग की ओर से अंतरराष्ट्रीय योग प्रोटोकॉल के तहत योग प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें योग विशेषज्ञ डॉ. अमित पुंज ने करीब 280 पुलिस कर्मियों को योगाभ्यास करवाया।

डॉ. सतपाल ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लाइन ऑफिसर सब इंस्पेक्टर बलवान सिंह तथा विशिष्ट अतिथि चीफ ड्रिल इंस्ट्रक्टर सब इंस्पेक्टर बिजेंद्र कुमार ने शिरकत की। सब इंसपेक्टर बिजेंद्र ने बताया कि पुलिस कर्मियों के जीवन में ड्यूटी की अनिश्चितता तथा कार्यशैली की व्यस्तता के कारण तनाव का स्तर अत्यधिक होता है। उन्हें अपने शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए योग अभ्यास जैसे कि षट्कर्म, सूक्ष्म व्यायाम, आसन, प्राणायाम, ध्यान, योग निद्रा, शवासन इत्यादि प्रतिदिन अवश्य करने चाहिएं।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में डॉ.अमित ने योग प्रशिक्षण का आरम्भ मंत्रोच्चार के साथ किया।

# एक राष्ट्र-एक चुनाव अभियान को मिल रहा है जबरदस्त समर्थन

**आगाज**

**आर्य समाज सदैव राष्ट्र हित में आगे रहा है, एक देश-एक चुनाव का आर्य संस्थाएं करती हैं पुरजोर समर्थन: भाटिया**




**टीम एक्शन इंडिया/कमाल हुसैन**

**पानीपत** आर्य समाज सदैव राष्ट्र हित में आगे रहा है। गोरक्षा आंदोलन हो या हिंदी सत्याग्रह इन सब में आर्य समाज ने अहम भूमिका निभाई है। अब राष्ट्र को एक राष्ट्र -एक चुनाव की जरूरत है। ये शब्द आर्य समाज हुडा के प्रधान सुरेश मलिक एवं आर्य केंद्रीय सभा के प्रधान आत्म आर्य ने कहे। आर्य केंद्रीय सभा की कार्यकर्ता प्रधान बेला भाटिया ने आर्य समाज हुडा मे एक राष्ट्र-एक चुनाव विषय पर आयोजित एक संगोष्ठी मे बोलते हुए कहा कि आर्य संस्थाएं इस राष्ट्रीय हित के कार्य में अपना पूरा योगदान दे रही हैं। और इस का पुरजोर समर्थन करती है।

संगोष्ठी मे आर्य केंद्रीय सभा कि ओर से बेला भाटिया आत्म बरेजा आर्य समाज हुडा की ओर से मन्त्री के आर छोकर महिला समाज की प्रधान शारदा बरेजा तथा स्वास्थ्यम योग की ओर से डा मनु देव ने एक राष्ट्र -एक चुनाव के पक्ष मे विभाग संयोजक डा राजबीर आर्य एवं जिला संयोजक ईश कुमार राणा को राष्ट्रपति के नाम प्रस्ताव सौंपा। संगोष्ठी मे ईश कुमार राणा को आर्य समाज मे उल्लेखनीय सेवाओं के लिये स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। संगोष्ठी मे मुख्य रूप से आत्म बरेजा, के आर छोकर, राज कुमार त्यागी, रतन आर्य शारदा बरेजा मनु देव मधु मुख्य रूप से मौजूद रहे।

इसी प्रकार गोहाना रोड पर पौधारोपण, वन संरक्षण एवं पर्यावरण के क्षेत्र में काम करने वाली प्रतिष्ठित संस्था नई राह के कार्यालय में एक राष्ट्र -एक चुनाव को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया बैठक में बोलते हुए नई राह की संस्थापक डॉक्टर हेमा रमन ने कहा की बार-बार चुनाव होने से बहुत सारी मात्रा में कागज का प्रयोग होता है और कागज बनाने के लिए पेड़ों की कटाई करनी पड़ती है जिससे पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। चुनाव के दौरान वाहनों की आवा जाही अचानक बढ़ जाती है जिसके कारण से भी वायु प्रदूषण एवं ध्वनि प्रदूषण होता है। लाउडस्पीकर की ऊंची ऊंची आवाजों से भी ध्वनि प्रदूषण होता है। इन सभी प्रदूषणों से बचने के लिए नई राह संस्था एक राष्ट्र - एक राष्ट्र एक चुनाव का एक स्वर में समर्थन करती है, डॉक्टर हेमा रमन ने संस्थाओं को सदस्यों के साथ एक राष्ट्र-एक चुनाव के पक्ष में राष्ट्रपति के नाम ईश कुमार राणा एवं डॉ. राजवीर आर्य को एक प्रस्ताव भी सौंपा इस अवसर बोलते हुए विभाग संयोजक डा राजबीर आर्य ने कहा कि एक राष्ट्र -एक चुनाव अभियान को जबरदस्त समर्थन मिल रहा है। जिले की प्रतिष्ठित संस्थाएं एक राष्ट्र एक चुनाव के पक्ष में लगातार प्रस्ताव सौंप रही हैं।

# नहीं रहा फायर ब्रिगेड का नंबर याद, जल गई दुकानें



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** सेक्टर-13 स्थित ओल्ड हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में तीन दुकानें जली गईं। आधी रात में जब आग लगी तो दुकानदार मौके पर पहुंचे, लेकिन किसी को फायर ब्रिगेड का नंबर 101 याद नहीं रहा। इस पर इलेक्ट्रॉनिक की दुकान चलाने वाला शम्मी डेढ़ किलोमीटर दूर दौडकर फायर ब्रिगेड दफ्तर तक पहुंचा और गाड़ी बुलाकर लाया।

लोगों ने बताया कि फायर ब्रिगेड के पहुंचने में आधा घंटा लगा गया, जिससे तीनों दुकानों के अंदर रखा सारा सामान जल गया। पंक्चर लगाने वाली एक दुकान का आग के चलते कंप्रेशर भी फट गया, हालांकि इसमें किसी को चोट बगैरह नहीं पहुंची।

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में एक साथ इलेक्ट्रॉनिक, कन्फेक्शरी और चाय की दुकानें हैं। लोगों ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक की दुकान में शार्ट सर्किट से आग लगी। रात 3 बजे के करीब एक युवक ने इसकी सूचना दी। पहले दुकानदारों ने खुद आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हो पाए। आग की घटना में एक चाय की दुकान भी जली है। इसे चलाने वाला दुकानदार राजकुमार दृष्टिहीन है। राजकुमार ने बताया कि उसे तो लोगों से पता चला कि उसकी दुकान में भी आग लगी गई है। वह अपना सामान भी नहीं निकाला पाया। दुकानदार ने बताया कि दुकान ही उसकी कमाई का इकलौता सहारा थी। ढाई महीने पहले उसके बेटे की मौत हो चुकी है। उसने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

इलेक्ट्रॉनिक की दुकान व टायर पंक्चर की दुकान चलाने वाले दुकानदार शम्मी कुमार ने बताया कि आग ने सब कुछ खत्म कर दिया। दुकान में रखे फ्रीज, कूलर, एसी, डीप फ्रीजर, पंखे और अन्य सामान जल गया है। करीब 12 लाख रुपए का नुकसान हुआ है और अब वह दोबारा से कारोबार शुरू करने की स्थिति में नहीं है। टायर पंक्चर की दुकान चलाने वाले दुकानदार शम्मी कुमार ने बताया कि आग लगने के बाद वे बुरी तरह घबरा गए थे। उनके पास इतना भी समय नहीं था कि कुछ सामान बचा पाते। उनका कहना है कि जितना भी सामान दुकान में था वह सब जलकर खाक हो गया। ऐसा कोई भी सामान नहीं बचा, जिसे फिर से इस्तेमाल किया जा सके।

शम्मी कुमार ने बताया कि आग लगते ही वे इतने घबरा गए कि उन्हें समझ नहीं आया क्या करें। उन्हें फायर ब्रिगेड का नंबर भी नहीं पता था। फिर वे दौडकर जुंडला गेट पहुंचे और वहां मौजूद फायर ब्रिगेड टीम को जानकारी दी। टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंच गई थी। पीड़ित दुकानदारों ने प्रशासन से आर्थिक सहायता की मांग की है। उनका कहना है कि जीवनभर की कमाई कुछ ही मिनटों में राख हो गई और अब दोबारा से शुरूआत कर पाना बेहद मुश्किल है।

# हरियाणा आबकारी नीति 2025-27 के अनुसार शराब ठेकों का वितरण: नीरज




**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** डिप्टी एक्साईज एवं टेक्स कमिश्नर नीरज ने बताया कि हरियाणा आबकारी नीति 2025-27 के अनुसार जिला प्रशासनिक सभागार में ई-टेंडरिंग द्वारा शराब के ठेकों का वितरण किया गया। जिला करनाल के कुल 54 जोन में से 42 जोन आवंटित किए गए, जो कि कुल जोन का 78 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि 580,36,00,000 रुपए के कुल रिजर्व प्राइस में से 485,31,20,225 रुपए की कीमत के 42 जोन आबंटित किए गए, जो कि कुल रिजर्व प्राइस का 84 प्रतिशत है। शेष 12 जोन का आबंटन मुख्यालय द्वारा निर्धारित आने वाली तिथियों में किया जाएगा।

## संपादकीय

# आम आदमी की सवारी है साइकिल

**साइकिल** मानव ऊर्जा को गतिशीलता में बदलने के लिए अब तक का सबसे कुशल साधन है। साइकिल का व्यापक रूप से परिवहन, मनोरंजन और खेल के लिए उपयोग किया जाता है साइकिलें उन क्षेत्रों में लोगों और सामान को ले जाने के लिए आवश्यक हैं जहां कम वाहन उपलब्ध हैं। साइकिल से वायु प्रदूषण को कम करने के साथ पूरे शरीर का व्यायाम हो जाता है। ऐसे में विश्व साइकिल दिवस का महत्व समाज के सभी लोगों के बीच साइकिल के इस्तेमाल को बढ़ावा देना और शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य कल्याण को मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय और स्थानीय स्तर पर साइकिल सवारी को प्रोत्साहित करना है। 3 जून 2018 को पहला विश्व साइकिल दिवस मनाया गया। तब से दुनिया में प्रतिवर्ष साइकिल दिवस मनाया जाने लगा है। इस बार हम सातवां विश्व साइकिल दिवस मना रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ ने परिवहन के सामान्य, सस्ते, विश्वसनीय, स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल साधन के रूप में इसे बढ़ावा देने के लिए विश्व साइकिल दिवस को मनाने की घोषणा की थी। 12 जून 1817 को जर्मनी के मैनहेम में बैरन कार्ल वॉन ड्रैस ने दुनिया की पहली साइकिल पेश की थी। यह लकड़ी से बना था और इसमें पैडल, गियर या जंजीर नहीं थी। उसने खुद को पहले एक पैर से और फिर दूसरे पैर से धकेला। उन्होंने इसे लॉफमाशाइन (जर्मन में चलने वाली मशीन) कहा। अब तो जापान के फुकुकोआ शहर में छात्रों ने एक ऐसी साइकिल बनाई है जो हवा से चलती है। भारत की आर्थिक तरक्की में साइकिल ने बहुत अहम भूमिका निभाई है। आजादी के बाद से ही साइकिल देश में यातायात व्यवस्था का अनिवार्य हिस्सा रही है। खासतौर पर 1960 से लेकर 1990 तक भारत में ज्यादातर परिवारों के पास साइकिल थी। यह व्यक्तिगत यातायात का सबसे ताकतवर और किफायती साधन था। गांवों में किसान साप्ताहिक मंडियों तक सब्जी और दूसरी फसलों को साइकिल से ही ले जाते थे। दूध की सप्लाई गांवों से पास से कस्बाई बाजारों तक साइकिल के जरिये ही होती थी। डाक विभाग का तो पूरा तंत्र ही साइकिल के बूते चलता था। आज भी पोस्टमैन साइकिल से चिट्ठियां बांटते हैं। चीन के बाद आज भी भारत दुनिया में सबसे ज्यादा साइकिल बनाने वाला देश है। भारत में भी विकसित की जा रही ज्यादातर आधारभूत आधुनिक संरचनाएं मोटर-वाहनों को ही सुविधा प्रदान करने के लिए बन रही हैं। साइकिल जैसे पर्यावरण-हितैषी वाहन को नजर अंदाज किया जा रहा है। जबकि शहरी व ग्रामीण परिवहन में भी साइकिल का महत्वपूर्ण स्थान है। खासतौर से कम आय-वर्ग के लोगों के लिए साइकिल उनके जीविकोपार्जन का एक सस्ता, सुलभ और जरूरी साधन है। यह इसलिए भी कि भारत का कम आय-वर्ग के लोग अपनी कमाई से प्रतिदिन सौ-पचास रुपये परिवहन पर खर्च करने में सक्षम नहीं हैं। बच्चे सबसे पहले साइकिल चलाना ही सीखते है। इसलिये बचपन में हम सभी ने साइकिल चलाई है। पहले के जमाने में जिसके पास साइकिल होती थी वह बहुत प्रतिष्ठित व्यक्ति माना जाता था। गांव के लोग जब कभी शहरों में जाते थे। तब लोगों को साइकिल चलाते हुए देखते थे और फिर वे खुद भी धीरे-धीरे साइकिल चलाना सीख जाते थे।

# लाल आतंक के गढ़ में लहरा रहा तिरंगा

**डॉ. आशीष वशिष्ठ**

> "नक्सलियों के खिलाफ अभियान मोदी सरकार की दृढ़ इच्छा शक्ति का प्रतीक है। इस से पहले कोई सरकार ऐसी इच्छाशक्ति दिखा नहीं पाई। ध्यान इस बात का रखना होगा कि नक्सलवाद फिर सिर न उठा पाए, इसके लिए प्रभावित इलाकों में अगला चरण लोकोन्मुखी सरकार, भूमि अधिकार, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और आर्थिक उत्थान पर फोकस होना चाहिए। जमीनी लड़ाई में जीत केवल आधी सफलता है, अगला फोकस नक्सलियों के पुनर्वास और उन्हें मुख्यधारा में शामिल करने पर होना चाहिए। जिस तरह मोदी सरकार नक्सली समस्या को खत्म काने कि दिशा मे तेजी से बाद रही है उम्मीद है कि वो 2026 में समस्या के स्थायी समाधान के साथ देश के सामने गर्व से खड़ीं होगी।"

**चार** दशक से ज्यादा समय तक नक्सलवाद का शिकार रहे छत्तीसगढ़ का बस्तर जिले को अब वामपंथी उग्रवादियों (एलडब्ल्यूई) जिले की सूची से बाहर कर दिया गया है। अपने आप में ये बड़ी खबर है। दरअसल मोदी सरकार का लक्ष्य है कि मार्च 2026 तक भारत पूरी तरह से नक्सल मुक्त हो जाए। गृह मंत्री अमित शाह भी कई बार सार्वजनिक मंच से इस बात को दोहरा चुके हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह अगस्त 2024 और दिसंबर 2024 में छत्तीसगढ़ के रायपुर और जगदलपुर आए थे। वे यहां अलग-अलग कार्यक्रमों में शामिल हुए थे। इस दौरान उन्होंने अलग-अलग मंचों से नक्सलियों को चेताते हुए कहा था कि हथियार डाल दें। हिंसा करोगे तो हमारे जवान निपटेंगे। वहीं उन्होंने एक डेडलाइन भी जारी की थी कि 31 मार्च 2026 तक पूरे देश से नक्सलवाद का खात्मा कर दिया जाएगा। शाह के डेडलाइन जारी करने के बाद से बस्तर में नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन काफी तेज हो गए हैं। नक्सलवाद शब्द की उत्पत्ति पश्चिम बंगाल के नक्सलबाड़ी गांव से हुई है। इसकी शुरूआत स्थानीय जमींदारों के खिलाफ विद्रोह के रूप में हुई, जिन्होंने भूमि विवाद को लेकर एक किसान की पिटाई की थी। यह आंदोलन जल्द ही पूर्वी भारत के छत्तीसगढ़, ओडिशा और आंध्र प्रदेश जैसे कम विकसित क्षेत्रों में फैल गया। वामपंथी उग्रवादियों (एलडब्ल्यूई) को दुनिया भर में माओवादी और भारत में नक्सलवादी के नाम से जाना जाता है। वे सशस्त्र क्रांति के माध्यम से भारत सरकार को उखाड़ फेंकने और माओवादी सिद्धांतों पर आधारित साम्यवादी राज्य की स्थापना की वकालत करते हैं। छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा, बिहार, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और केरल राज्यों को वामपंथी उग्रवाद प्रभावित माना जाता है। देश में भाजपा सरकार बनने के बाद 2015 में नक्सलवाद के खिलाफ विशेष अभियान चलाने की नीति बनाई गई। तत्कालीन गृह मंत्री राजनाथ सिंह ने 8 सूत्रीय समाधान एक्शन प्लान बनाया। इसमें नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई और नक्सली इलाकों में विकास के काम एक साथ किए गए। नक्सलियों के खिलाफ राज्य सरकारों के विशेष बल, केंद्रीय सुरक्षा बलों, पुलिस ने मिलकर कार्रवाई की। इससे नक्सली घटनाओं में जबरदस्त कमी आयी।





2010 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने जिसे भारत की सबसे बड़ी आंतरिक सुरक्षा चुनौती कहा था, वही नक्सलवाद अब खत्म होता दिख रहा है। नक्सलियों ने नेपाल के पशुपति से आंध्र प्रदेश के तिरुपति तक एक रेड कॉरिडोर स्थापित करने की योजना बनाई थी। 2013 में लगभग 126 जिलों में नक्सली सक्रिय थे। वर्तमान में नक्सलवाद से सबसे ज्यादा प्रभावित जिलों की संख्या 12 से घटकर 6 हो गई। इनमें छत्तीसगढ़ के चार जिले- बीजापुर, कांकेर, नारायणपुर और सुकमा, झारखंड का एक जिला- पश्चिमी सिंहभूम और महाराष्ट्र का एक जिला- गढ़चिरौली शामिल है।

वर्ष 2025 में सुरक्षाबलों के ऑपरेशन में अब तक 287 नक्सली मारे जा चुके हैं। वहीं 865 ने समर्पण किया है और 830 गिरफ्तार हुए हैं। गत 21 मई को सुरक्षाबलों ने अबूझमाड़ में डेढ़ करोड़ के इनामी नंबला केशव उर्फ बसवराज को मार गिराया था। वह तीन दशक से सक्रिय था। इसे नक्सलियों का हाफिज सईद भी कहा जाता है। नक्सलियों के सरदार बसवा राजू के ढेर होने के बाद माओवादियों का हौसला पस्त हो गया है। इस बड़े एनकाउंटर के बाद दक्षिण बस्तर डिवीजन में 4 हार्डकोर नक्सलियों सहित 18 माओवादियों ने सरेंडर किया था। इसी तरह बीजापुर में 32 और तेलंगाना में 86 नक्सलियों ने सरेंडर किया था। बासव राजू की मौत के बाद गृह मंत्री अमित शाह ने भी एक्स पर लिखा था कि महासचिव स्तर के बड़े नक्सली नेता को मारा गया है। इस कामयाबी को हासिल करने वाला 'ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट' भी सुर्खियों में है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक नक्सलवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के चलते वर्ष 2025 में अब तक 90 नक्सली मारे जा चुके हैं, 104 को गिरफ्तार किया गया है और 164 ने आत्मसमर्पण किया है। वर्ष 2024 में 290 नक्सलियों को न्यूट्रलाइज किया गया था, 1090 को गिरफ्तार किया गया और 881 ने आत्मसमर्पण किया था। अभी तक कुल 15 शीर्ष नक्सली नेताओं को न्यूट्रलाइज किया जा चुका है।

वर्ष 2004 से 2014 के बीच नक्सली हिंसा की कुल 16,463 घटनाएं हुई थीं, जबकि मोदी सरकार के कार्यकाल में 2014 से 2024 के बीच हिंसक घटनाओं की संख्या 53 प्रतिशत घटकर 7,744 रह गई हैं। इसी प्रकार, सुरक्षाबलों की मृत्यु की संख्या 1851 से 73 प्रतिशत घटकर 509 रह गई और नागरिकों की मृत्यु की संख्या 70 प्रतिशत की कमी के साथ 4766 से 1495 रह गई है। वर्ष 2014 तक कुल 66 फोर्टिफाइड पुलिस स्टेशन थे जबकि मोदी सरकार के पिछले 10 साल के कार्यकाल में इनकी संख्या बढ़कर 612 हो गई है। इसी प्रकार, 2014 में देश में 126 ज़िले नक्सल प्रभावित थे, लेकिन 2024 में सबसे अधिक प्रभावित जिलों की संख्या घटकर मात्र 12 रह गई है। पिछले 5 वर्षों में कुल 302 नए सुरक्षा कैंप और 68 नाइट लैंडिंग हेलीपैड बनाए गए हैं।

नक्सली हिंसा में 2010 में 720 नागरिक मारे गए। 2024 में मरने वालों की संख्या घटकर 131 हो गई। नक्सली हिंसा में 2010 में 1005 नागरिक और सुरक्षा बल मारे गए। 2024 में 150 नागरिक और सुरक्षा बल मारे गए। यानि कि मरने वालों की संख्या में 85 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। नक्सली आर्थिक ढांचे जैसे कि रेलवे प्रॉपर्टी, पब्लिक और प्राइवेट सेक्टर की इकाइयों, टेलीफोन एक्सचेंज, मोबाइल टॉवर, सड़क, स्कूल को निशाना बनाते रहे हैं। पर पिछले कुछ साल से इन घटनाओं में कमी आई है। 2010 में हमले की ऐसे 365 मामले थे, जो 2024 में घटकर 25 रह गए। पिछले एक दशक में मिली सफलता का श्रेय सुरक्षा रणनीति के साथ ही विकास योजनाओं में आई तेजी को भी जाता है। सरकार ने लक्षित विकास योजनाएं चलाईं, जिनसे लोगों का भरोसा दोबारा जीता जा सका। सड़क और मोबाइल नेटवर्क जैसी बुनियादी सुविधाओं में काफी सुधार हुआ है। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के कामों ने स्थानीय लोगों के दिलों में जगह बनाई है। वहीं, ह्यरोशनी योजनाह्न ने आदिवासी युवाओं को कौशल विकास और रोजगार प्राप्त करने में मदद की है। केंद्र सरकार ने साफ कर दिया है कि वह उन मानवाधिकार कार्यकर्ताओं के दबाव में नहीं आएगी, जो बंदूक उठाने वाले माओवादी उग्रवादियों का समर्थन करते हैं। पिछले एक दशक से सरकार ने माओवाद के खिलाफ एक मजबूत और बहुआयामी रणनीति अपनाई है, जो अब काफी असरदार साबित हो रही है। गृह मंत्रालय की 2017 में शुरू की गई 'समाधान' रणनीति ने जमीन पर बड़ा फर्क डाला है। इसमें सुरक्षा संबंधी कार्ययोजना के साथ-साथ विकास से जुड़ी पहल भी शामिल है। नक्सलियों के खिलाफ अभियान मोदी सरकार की दृढ़ इच्छा शक्ति का प्रतीक है। इस से पहले कोई सरकार ऐसी इच्छाशक्ति दिखा नहीं पाई। ध्यान इस बात का रखना होगा कि नक्सलवाद फिर सिर न उठा पाए, इसके लिए प्रभावित इलाकों में अगला चरण लोकोन्मुखी सरकार, भूमि अधिकार, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और आर्थिक उत्थान पर फोकस होना चाहिए। जमीनी लड़ाई में जीत केवल आधी सफलता है, अगला फोकस नक्सलियों के पुनर्वास और उन्हें मुख्यधारा में शामिल करने पर होना चाहिए। जिस तरह मोदी सरकार नक्सली समस्या को खत्म काने कि दिशा मे तेजी से बाद रही है उम्मीद है कि वो 2026 में समस्या के स्थायी समाधान के साथ देश के सामने गर्व से खड़ीं होगी।

## कविता

### एक चेतावनी गीत

मत छेड़ प्रकृति को
मानव!
यह मौन नहीं, ज्वाला है।
जिसको तू निर्बल समझे,
वो अग्नि-कणों की माला
है।
बिजली बन कर टूटेगी,
जो तूने हरियाली छीनी,
आँधी बनकर फट पड़ेगी,
जो नदियों की गरिमा
छीनी।
हिमगिरि के हिम पिघलेंगे,
समुद्र जब बाँध तोड़ देगा,
तू साधन की आस
करेगा,
वह साधना खुद छोड़
देगा।
तेरे कारखानों की साँसें,
मेरे वनों को खा गईं,
तेरे लोभ की लहरों में,
गंगा भी घुट-घुट बह
गई।
जिस धरती पर खेला
बचपन,
जिस नभ में उड़ते थे
खग,
उसको ही तूने गंदा कर,
अब माँ से कर बैठा युद्ध!
रूका था तू लॉकडाउन
में,
जब कुदरत हँस दी थी
तन से,
फूलों में फिर रंग जगे थे,
बिजली चमकी थी मन
से।
पर तू न सुधरता, मानव!
तेरा पाप बड़ा है भारी,
तू धर्म करे विज्ञान से,
पर नैतिकता तेरी हारी।
चेतावनी यह अंतिम है,
फिर रुख मेरा परिवर्तन
है,
मैं क्षमा न करूँगी, जब-
जब
तेरा लोभ हो निर्धारण है।
अरे! धरा की कोख
जलाकर,
क्या तुम स्वर्ग बनाओगे?
जब श्वासों में जहर घुला
हो,
किस जीवन को
बचाओगे?
हवा रुदन कर कहती है,
"मुझे मत और प्रदूषित
कर,
मैं जीवन हूँ, मृत्यु नहीं,
मुझको विष से मत
विचलित कर!"
बबूल बोया है तूने,
आम कहाँ से पाएगा?

डॉ सत्यवान सौरभ

# घातक साबित हो सकती है सैन्य पराक्रम को लेकर की जाने वाली राजनीति

**तनवीर जाफरी**

**पहलगाम** में हुये पाक प्रायोजित हमले के बाद भारतीय सेना की ओर से किये गये ऑप्रेशन सिन्दूर के बाद सत्ताधारी दल भारतीय सेना के शौर्य को भुनाने में लग गया है। निश्चित रूप से हमारे सैनिकों खासकर भारतीय वायु सेना ने जिस बहादुरी के साथ पाक अधिकृत कश्मीर सहित पाकिस्तान के कई आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया उससे भारतीय जनता का मनोबल भी ऊँचा हुआ है साथ ही पाकिस्तान भी अपनी औकात को समझ चुका है। परन्तु जिस तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इस सैन्य शौर्य का राजनीतिकरण करने की कोशिश की जा रही है इस पर सवाल जरूर उठाये जा रहे हैं। खासकर प्रधानमंत्री के उस चित्र को लेकर जिसमें वे सैन्य वर्दी में एक लड़ाके की भूमिका में, पृष्ठभूमि में वायुसेना के लड़ाकू विमान के साथ प्रचारित किये जा रहे हैं।उधर भारत की तरफ से कई रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व कई अन्य जिम्मेदार नेताओं द्वारा पाक अधिकृत कश्मीर को भारत में पुन: शामिल करने को लेकर सार्वजनिक रूप से बातें की जा रही हैं। और इसी बीच भारतीय वायुसेना प्रमुख ने सरकार की आँखें खोलने वाले कुछ बयान भी दिये हैं। साथ ही सरकार द्वारा शुरू की गयी अग्निवीर योजना पर भी सवाल उठाये जा रहे हैं। पिछले दिनों सीआईआई वार्षिक बिजनेस समिट में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की उपस्थिति में भारतीय वायुसेना के प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह ने खास तौर पर स्वदेशी सैन्य परियोजनाओं की ओर इशारा करते हुए रक्षा सौदों में देरी के मामलों की ओर ध्यान दिलाया। उन्होंने कहा कि तेजस ट' 1अ फाइटर जेट की डिलीवरी रुकी हुई है। जो फरवरी 2021 में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के साथ 48,000 करोड़ रुपये में हुई थी। ऑर्डर किए गए 83 विमानों में से अब तक एक भी विमान हमें नहीं दिया गया है, जबकि इसकी डिलिवरी मार्च 2024 में ही शुरू होने वाली थी। तेजस ट' 2 का प्रोटोटाइप अभी तक रोल आउट नहीं हुआ है। तेजस सहित कई बड़ी डील हुई, पर अभी तक डिलीवरी का पता नहीं। प्रमुख एयर चीफ मार्शल ने रक्षा खरीद परियोजनाओं में देरी पर गंभीर चिंता जताते हुये स्वदेशी प्रोजेक्ट्स का जिक्र किया और साफ तौर से यह कहा कि हमें जो चीज आज चाहिए, वो आज ही चाहिए। युद्ध, सेनाओं को सशक्त बनाकर जीते जाते हैं। इसी तरह स्टील्थ अटउअ फाइटर का भी अभी तक कोई प्रोटोटाइप नहीं है। कई बार डील के कॉन्ट्रैक्ट पर दस्तखत करते वक़्त ही हमें पता होता है कि ये सिस्टम कभी भी समय पर नहीं मिलेंगे। मैं कोई एक भी ऐसी योजना नहीं बता सकता हूं जो समय पर पूरी हुई हो। प्रमुख एयर चीफ मार्शल की यह टिप्पणी ऐसे समय में आयी है जब वायुसेना मोदी सरकार की 'आत्मनिर्भर भारत' पहल के तहत तेजी से स्वदेशीकरण और घरेलू क्षमता पर जोर दे रही है। दूसरी तरफ सरकार द्वारा चलायी गयी अग्निवीर योजना को लेकर भी तरह तरह के सवाल उठने लगे हैं। विपक्ष तो इस योजना को लेकर शुरू से ही आक्रामक था जबकि सरकार तरह तरह के तर्क देकर इस योजना के फायदे गिनाने में लगी है।

## विचार

# बेटियां: विरासत नहीं, संवेदना का सच

**प्रियंका सौरभ**

भारतीय समाज में सदियों से यह धारणा रही है कि बेटा ही वंश चलाता है, बेटा ही अर्थी को कंधा देगा, बेटा ही संपत्ति का उत्तराधिकारी होगा। यह सोच न सिर्फ बेटियों को दोयम दर्जे में धकेलती है, बल्कि मानवीय संवेदनाओं को भी ठेस पहुंचाती है। पर समय ने बार-बार यह सिद्ध किया है कि वंश केवल नाम का नहीं होता, वंश वह संवेदना है जिसे कोई भी आगे बढ़ा सकता है। कितनी ही बेटियाँ हैं जो अपने बूढ़े माँ-बाप की सेवा करती हैं, उन्हें सहारा देती हैं और उनकी अंतिम इच्छा तक निभाती हैं। आज जब संयुक्त परिवार बिखर रहे हैं, जब बेटे महानगरों में अपने करियर में व्यस्त हैं, तब वहीं बेटियाँ अपने माँ-बाप के पास रहकर उन्हें मानसिक, भावनात्मक और कभी-कभी आर्थिक संबल भी दे रही हैं।

**आँसुओं की तासीर एक-सी क्यों होती है?**

जब किसी घर में दुख आता है, तो आँसू किसी रिश्ते, लिंग या वर्ग को नहीं देखते। माँ की ममता और बेटी का दुलार—दोनों में दर्द की वही भाषा होती है। मौत एक ऐसी सच्चाई है जो सबको एक छतरी के नीचे खड़ा कर देती है। उस क्षण न कोई बेटा बड़ा होता है न बेटी छोटी। उस क्षण सिर्फ. इंसान होता है—समर्पित, भावुक, टूटता हुआ। हमारे समाज में मृत्यु के बाद का अनुष्ठान बेटे के जिम्मे होता है। लेकिन क्या भावनात्मक जिम्मेदारी केवल एक लिंग पर थोपना उचित है? जब बेटी भी उसी दुख को झेलती है, वही आँसू बहाती है, तो वह अधिकारों में कमतर क्यों?

**बदलते सामाजिक समीकरण**

आज का भारत एक संक्रमण काल से गुजर रहा है, जहाँ बेटियों को पढ़ाया जा रहा है, आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है, पर मानसिकता का बदला जाना अभी अधूरा है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा तो है, पर क्या हम बेटियों को जीवन के हर अधिकार में समान दर्जा दे पा रहे हैं? क्या उन्हें संपत्ति, परंपरा और निर्णयों में बराबरी का स्थान मिल रहा है? सिर्फ शिक्षा ही नहीं, बेटियों को संपत्ति के अधिकार, पारिवारिक निर्णयों में भागीदारी और सामाजिक सम्मान की भी जरूरत है। यह बदलाव सिर्फ कानून से नहीं, बल्कि विचारों से आएगा।

**अनुभवों की कहानियाँ: बेटियाँ जिन्होंने समाज को बदला**

राजस्थान के छोटे गाँवों से लेकर महानगरों तक, हजारों बेटियाँ अपने माता-पिता के लिए वह संबल बनीं हैं जिसकी कल्पना समाज बेटों से करता था। एक उदाहरण महाराष्ट्र की प्रियंका का है, जिसने अपने पिता की मृत्यु पर विधिवत अंतिम संस्कार किया, गाँव ने विरोध किया, पर वह डटी रही। आज गाँव की अन्य लड़कियाँ उसे अपना आदर्श मानती हैं। एक अन्य कहानी उत्तर प्रदेश की सीमा की है, जिसने अपने पिता के बीमार होने पर नौकरी छोड़ दी और तीन वर्षों तक दिन-रात सेवा की। अंत में जब पिता का देहांत हुआ, तो सीमा ने अकेले सारे कर्मकांड निभाए।

**क्या यह प्रेम, यह समर्पण विरासत का हिस्सा नहीं है?**

कानून क्या कहता है?

भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम, 2005 के संशोधन के बाद बेटियों को संपत्ति में बराबरी का अधिकार मिला है। पर सामाजिक स्तर पर यह अधिकार कितनी बार स्वीकारा गया है? अदालतें भले ही बेटियों को बराबरी दें, पर समाज अब भी मानसिक तौर पर इस बदलाव को पूरी तरह आत्मसात नहीं कर पाया है। कई बार बेटियों को स्वेच्छा से ह्यहक छोड़नेह्न के लिए मजबूर किया जाता है ताकि बेटों का हिस्सा बना रहे। यह 'त्याग' नहीं, एक सुनियोजित सामाजिक दबाव है।

**बेटियों को कमजोर क्यों समझा जाता है?**

संवेदनशील होना कमजोरी नहीं होती। सहनशीलता को ही हमने दुर्बलता मान लिया है। बेटियाँ घर की शांति होती हैं, स्नेह का प्रवाह होती हैं और दुख की सबसे पहली साथी होती हैं। अगर यही गुण बेटे में हों, तो उन्हें 'समझदार' कहा जाता है, फिर बेटियों को 'कमजोर' क्यों? बेटियाँ अक्सर परिवार की भावनात्मक रीढ़ होती हैं। वे संघर्षों को चुपचाप सहती हैं और फिर भी मुस्कुराती हैं। क्या यह शक्ति नहीं?


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# शांति का क्रेडिट? क्षमा करें ट्रंप, ये भारत की कहानी

जब शब्द तलवारों से भी पैने हो जाएँ और दावे विश्व मंच पर सत्य को चुनौती देने लगें, तब एक राष्ट्र की साहसिक गूंज ही वह ताकत बनती है जो प्रचार के तूफान को चीर देती है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर भारत-पाकिस्तान के बीच कथित संघर्ष विराम का तमगा अपने सीने पर सजाया, दावा करते हुए कि उनके व्यापारिक दांव-पेंच ने दोनों देशों को परमाणु युद्ध की कगार से खींच लिया। यह न केवल एक आत्ममुग्ध बयान था, बल्कि भारत की संप्रभुता, उसकी कूटनीतिक परिपक्वता और स्वतंत्र निर्णय शक्ति को कमतर आंकने की साहसिक कोशिश भी थी। लेकिन भारत ने अपने अडिग रुख और ठोस जवाब से इस दावे को धूल में मिला दिया, यह सिद्ध करते हुए कि उसकी शांति और शक्ति किसी बाहरी हस्तक्षेप की मोहताज नहीं। ट्रंप का दावा उनके चिर-परिचित अंदाज में था - भारी-भरकम, आत्मप्रशंसा से लबरेज और तथ्यों से परे। उन्होंने कहा - हमने भारत और पाकिस्तान को युद्ध से रोका। यह परमाणु आपदा बन सकता था। बीते 21 दिनों में, उन्होंने कम से कम 10 बार इस बात को दोहराया, यहाँ तक कि एलन मस्क के प्रशासन से अलग होने की प्रेस कॉन्फ्रेंस में भी यही राग अलापा। उनके मुताबिक, भारत पर 26% और पाकिस्तान पर 29% टैरिफ की मार ने दोनों देशों को न केवल शांति की मेज पर ला खड़ा किया, बल्कि परमाणु युद्ध की आशंका को भी टाल दिया। ट्रंप ने बिना किसी भारतीय या पाकिस्तानी नेता का नाम लिए, उन्हें ह्लमहान नेताह्व करार दिया, जिन्होंने कथित तौर पर उनकी मध्यस्थता को स्वीकार कर लिया। लेकिन यह दावा उस सच्चाई से कोसों दूर है, जिसे भारत ने अपने बलबूते पर रचा। भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने दो-टूक शब्दों में ट्रंप के दावों की हवा निकाल दी। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के साथ सैन्य संघर्ष को समाप्त करने में किसी तीसरे देश की कोई भूमिका नहीं थी। यह शांति भारत और पाकिस्तान के बीच सीधे संवाद और भारत की कूटनीतिक रणनीति का परिणाम थी। यह बयान न केवल ट्रंप की बयानबाजी पर करारा प्रहार था, बल्कि भारत की उस स्वतंत्र विदेश नीति का भी ऐलान था, जो किसी बाहरी शक्ति के दबाव में झुकती नहीं। जयशंकर का यह रुख भारत की उस ताकत को रेखांकित करता है, जो अपनी सीमाओं की रक्षा और शांति स्थापना में आत्मनिर्भर है। ट्रंप का बार-बार दोहराया गया दावा कि उन्होंने भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध रोका, एक तरह का राजनीतिक नाटक प्रतीत होता है।

# फेसबुक पर फेम का फंदा

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

**लालबाबू** का फेसबुक प्रोफाइल देखिए, तो लगेगा जैसे साहित्य अकादमी पुरस्कार उनके ही नाम लिखा हो और गूगल भी इनके स्टेटस अपडेट देखकर हिंदी में सोचने लगा हो। सुबह की शुरूआत ब्रह्ममुहूर्त में नहीं, ब्राउजमुहूर्त में होती है। आँख खुलते ही स्क्रीन पर अंगुली फिरा कर स्क्रॉल-वंदना करते हैं, जैसे कोई सच्चा भक्त रामचरितमानस खोलकर रामनाम का जप करता हो। हर कमेंट पर "धन्यवाद मित्र" लिखते हैं, जैसे कमेंट नहीं, आशीर्वाद आ रहे हों। और अगर किसी ने 'वाह' के आगे दो एक्सक्लेमेशन लगा दिए, तो समझिए, उस पर तो लालबाबू अगली कविता ही समर्पित कर देंगे। भाई साहब, साहित्य क्या है? एक नासमझ ने कभी उनसे पूछ लिया था। लालबाबू ने सीना फुलाते हुए कहा, साहित्य वही है जो फेसबुक पर 100 लाइक ला सके।

बाकी सब? बाकी सब खड़िया मिट्टी है। रंग तो बस मेरी पोस्टों में है।

एक दिन किसी ई-पेपर के वार्षिक विशेषांक में छपी उनकी रचना ने तो सोशल मीडिया पर ऐसा धमाका किया, मानो उनकी कविता नहीं, कोई चुनावी घोषणा-पत्र प्रकाशित हुआ हो। हर पोस्ट में, हर जगह, हर कोने में 'बकलोल टाइम्स' का नाम चिपकाया गया। जैसे कोई सास, अपनी बहू को मिस वर्ल्ड जीतने पर पड़ोसियों को बार-बार याद दिलाती है—'हमारी बहू है ये!' वैसे ही लालबाबू भी कहते—'मेरी रचना है ये!' यहाँ तक कि चायवाले को भी उन्होंने स्क्रीनशॉट दिखा दिया—'देख, यही है आज की राष्ट्रीय उपलब्धि!' उनका मानना है कि साहित्य में वही विधा श्रेष्ठ है जिसमें उन्होंने सृजन किया है। बाकी सब—"वो सब तो व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी के छात्र हैं!" जब शहर में कोई साहित्यिक कार्यक्रम होता है और मंच पर उन्हें जगह नहीं मिलती, तो वह इतना तिलमिला जाते हैं जैसे कोई ताजपोशी उनके सिर की बजाय पड़ोसी की छत पर कर दी गई हो। "हम न बुलाए गए? अच्छा! अब देखिएगा!" और फिर उनके चेले वहाँ जाते हैं, हंगामा करते हैं, मंच गिराते हैं, माइक खड़खड़ाते हैं।

## न्यूज फ्लैश

### डिटेक्टिव स्टाफ पंचकूला को मिली सफलता, चोरी का आतंक मचाने वाला गैंग पकड़ा

**पंचकूला/ मैनपाल/टीम एक्शन इंडिया**

पंचकूला में चोरी और स्नैचिंग की घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए पुलिस कमिश्नर शिवास कविराज के निर्देश पर जिले भर में क्राइम यूनिट्स एक्टिव मोड में कार्य कर रही हैं। इसी दिशा में डीसीपी क्राइम अमित दहिया के कुशल नेतृत्व में डिटेक्टिव स्टाफ पंचकूला ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक शातिर चोर गिरोह के सात सदस्यों को काबू करने में सफलता प्राप्त की है, जिनमें से पांच नाबालिग हैं। पुलिस ने आरोपियों से लाखों रुपये की ज्वैलरी, कैश और अन्य कीमती सामान बरामद किया है। पुलिस को मिली शिकायत के अनुसार, सेक्टर-12 निवासी अजीत पुत्र मोलू राम, जो कि सेक्टर-5 मनसा देवी में सिविल इंजीनियर के पद पर कार्यरत हैं, अपने परिवार सहित गांव गए हुए थे। इसी दौरान 1 अप्रैल को उनके पड़ोसी से उन्हें सूचना मिली कि उनके घर में चोरी हो गई है। जब वह मौके पर पहुंचे तो देखा कि घर से कैश, ज्वैलरी, मोबाइल फोन समेत लाखों रुपये का सामान चोरी हो चुका था। इस मामले में थाना सेक्टर-5 में मामला दर्ज कर पुलिस ने तुरंत जांच शुरू कर दी थी। इसके अतिरिक्त 30 अप्रैल को भी सेक्टर-12 पंचकूला में एक अन्य चोरी की वारदात सामने आई, जहां नोएडा गए एक व्यक्ति के घर से भी अज्ञात युवकों ने लाखों का सामान चोरी कर लिया था। इसी तरह सेक्टर-21 पंचकूला में भी अप्रैल व मई माह में दो और चोरी की घटनाएं हुई थीं। अब तक की जांच में पुलिस ने चार चोरी के मामलों का खुलासा किया है, जिनमें से दो वारदातें सेक्टर-12 में और दो सेक्टर-21 में हुई थीं। मुख्य आरोपी राकेश के खिलाफ पहले भी पंचकूला में वर्ष 2022 में चोरी का एक मामला दर्ज है। इसके अलावा उसके खिलाफ जीरकपुर में हत्या का मामला भी दर्ज है और उत्तर प्रदेश में भी चोरी के दो मामले दर्ज पाए गए हैं। इन मामलों की जांच करते हुए एसीपी क्राइम अरविंद कंबोज के मार्गदर्शन और डिटेक्टिव स्टाफ इंचार्ज एसआई युद्धवीर सिंह की टीम ने 24 मई को मुख्य आरोपी राकेश उर्फ लम्बू पुत्र दयाराम निवासी जिला संभल, उत्तर प्रदेश (हाल निवासी सैनी विहार फेस-1 बलटाना, पंजाब, उम्र 19 वर्ष) और सुनील उर्फ बटेर पुत्र प्रेम पाल निवासी जिला बदायूं, उत्तर प्रदेश (हाल निवासी त्रिवेणी कैंप, मुबारकपुर डेराबस्सी, पंजाब, उम्र 20 वर्ष) को पंचकूला सेक्टर-20 स्थित श्मशान घाट के पास से गिरफ्तार किया। दोनों को 25 मई को अदालत में पेश कर 7 दिन का पुलिस रिमांड लिया गया था। इसके बाद पुलिस ने 29 मई को दो नाबालिगों को भी हिरासत में लिया, जिन्हें उसी दिन जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के समक्ष पेश कर ऑब्जर्वेशन होम अंबाला भेज दिया गया। वहीं 31 मई को भी तीन अन्य नाबालिगों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी का सामान बरामद किया गया। इन तीनों को भी आज ऑब्जर्वेशन होम अंबाला भेज दिया गया है। पुलिस रिमांड खत्म होने के बाद आरोपी राकेश और सुनील को भी आज न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पूछताछ और कार्रवाई के दौरान पुलिस ने इन आरोपियों से चोरी का भारी मात्रा में सामान बरामद किया है, जिसमें लक्ष्मी जी व गणेश जी की चांदी की मूर्तियां, सोना-चांदी के आभूषण व बर्तन, 2 मोबाइल फोन (वन प्लस व एप्पल 15 प्रो), एक एलईडी, कुछ घरेलू सामान व करीब दो लाख रुपये की नकदी शामिल है। साथ ही पुलिस ने चोरी की वारदात में प्रयोग की गई बाइक भी बरामद की है। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि ये आरोपी पहले दिन में रैकी करते थे और फिर मौका देखकर रात में चोरी की वारदात को अंजाम देते थे। यह गिरोह बेहद शातिर तरीके से काम करता था और एक संगठित रूप में विभिन्न इलाकों में चोरी करता था। फिलहाल पुलिस की जांच जारी है और यह संभावना है कि इससे अन्य चोरी के मामलों की भी कड़ियां जुड़ सकती हैं और आगे और बरामदगी हो सकती है। पंचकूला में कानून व्यवस्था को बिगाड़ने की कोशिश करने वाले किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा। हमारा लक्ष्य सिर्फ अपराध का खुलासा करना नहीं, बल्कि ऐसे आपराधिक नेटवर्क को जड़ से खत्म करना है। इस गिरोह की गिरफ्तारी पुलिस की मुस्तैदी का उत्कृष्ट उदाहरण है। पंचकूला को सुरक्षित और अपराधमुक्त बनाए रखने के लिए हमारी कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी। इसके अलावा जल्द से कानूनी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद बरामद सामान पीड़ित परिवार को दे दिया जाएगा।

### मूनक औड धर्मशाला में महाराज भगीरथ जी की जयंती पर हवन व भंडारे का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/कमाल हुसैन/पानीपत**

गांव मूनक औड धर्मशाला में रविवार को महाराज भागीरथ की जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई। इस दौरान नगर शांति के लिए हवन व भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सभी समाज के लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस कार्यक्रम के दौरान वॉइस अध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि महापुरुष सभी जातियों के होते हैं। उनके समाज पर किए गए उपकार व बलिदान को नहीं भुलाया जा सकता। उनके किए गए उपकारों को हमें याद करना चाहिए और उनके बताए गए सिद्धांतों पर चलकर समाज की भलाई का कार्य करना चाहिए। सभी धर्म जातियों में महापुरुष जन्म लेते हैं और वह सभी का भला करने के लिए ही कार्य करते हैं। इस दौरान औड समाज के प्रधान रणधीर, कमेटी के प्रधान धर्मवीर भाटिया, सरपंच ओमप्रकाश , पूर्व सरपंच राजकुमार, सुभाष गुदली, महेंद्र सिंह ठेकेदार, बाल किशन, प्यारे लाल, अमर सिंह,लेखराज, रघुबीर, दुलिया राम, धर्मपाल व बलजीत ठेकेदार मौजूद रहे।

# नायब सरकार का उद्देश्य सभी नदियों को स्वच्छ और पवित्र रखना है : धुमन

**टीम एक्शन इंडिया/प्रदीप कुमार**

**कुरुक्षेत्र:** हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने कहा कि प्रदेश सरकार सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास नीति के आधार पर प्रदेश के हर जिले में समान रूप से विकास कार्य करवा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य है कि प्रदेश की सभी नदियों को स्वच्छ किया जाए ताकि सभी नदियों में स्वच्छ जल की धारा बह सके। इतना ही नहीं लोगों की आस्था के अनुरूप ही नदियों का विकास कार्य नायब सरकार द्वारा करवाया जा रहा है।



हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच रविवार को सरस्वती बोर्ड द्वारा सरस्वती नदी दर्शन यात्रा का शुभारंभ करने उपरांत बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरस्वती बोर्ड द्वारा महंत विशालमणि के नेतृत्व में सरस्वती नदी दर्शन यात्रा का शुभारंभ किया किया गया। यह यात्रा पिपली से मां सरस्वती के दरबार से आरंभ हुई जिसमें शहर के गणमान्य लोग शामिल हुए। इस यात्रा का उद्देश्य मुख्य सरस्वती घाटों पर पड? वाले सभी मंदिरों,घाटों, प्राचीन तीर्थों का जीर्णोद्धार का निरीक्षण करना तथा घाटों पर जो साफ - सफाई का कार्य चल रहा है उसका निरीक्षण करना है। उन्होंने कहा कि इस यात्रा के माध्यम से लोगों के बीच जाकर यह भी संदेश दिया की स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए बोर्ड व प्रशासन का सहयोग करे।स्वामी विशाल मणि जी ने कहा है कि जिस तरह से सरस्वती बोर्ड ने प्राचीनअष्टकोशी यात्रा का शुभारंभ किया उसी तरह से जनता को महाभारतकालीन 48 कोस भूमि को फिर से जागृत करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्राचीन काल में भगवान श्रीकृष्ण के भाई बलराम ने महाभारत युद्ध में हिस्सा ना लेकर सरस्वती की यात्रा की थी। उसी तर्ज पर अब इन यात्राओं का आयोजन किया जा रहा है ताकि लोगों को पुरानी परम्परागत पद्धति से अवगत कराया जा सके। यह सरस्वती बोर्ड का काम सराहनीय है। इस अवसर पर सिंचाई विभाग के एसएससी अरविंद कौशिक ने कहा कि हरियाणा सरस्वती बोर्ड की तरफ से सफाई का कार्य चल रहा है। उन्होंने आमजन से सरस्वती नदी को स्वच्छ रखने के लिए सहयोग करने की अपील भी की ताकि सरस्वती नदी में कोई भी कूडा कर्कट ना डाले।

## कलायत में नागरिकों की सुरक्षा एवं व्यवस्था को पुलिस सतर्क



**टीम एक्शन इंडिया/रणदीप धानियां**

**कलायत:** क्षेत्र में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने और सुरक्षा की दृष्टि से संदिग्ध गतिविधियों पर पूरी तरह अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस विशेष अभियान चलाए है। इसके तहत जिला पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी के निर्देश पर थाना प्रभारी रामनिवास शर्मा पुलिस टीम के साथ ईंट भट्ठी पर कार्यरत श्रमिकों की पहचान सुनिश्चित करने में लगे हैं। थाना प्रबंधक ने बताया कि कलायत क्षेत्र में काफी संख्या में ईंट भट्अे संचालित हो रहे हैं। इन पर बड़ी संख्या में बाहरी राज्यों से आए श्रमिक कार्य करते हैं। इस आड़ में कोई अशांति फैलाने के मकशद से पराश्रय न ले पाए, इसके लिए पुलिस द्वारा श्रमिकों और प्रवासियों के दस्तावेज जांचे जा रहे हैं। यदि कहीं पृष्ठभूमि का कोई रिकॉर्ड स्थानीय स्तर पर उपलब्ध न हो तो इसे सुरक्षा के लिहाज से गंभीर माना जाता है। थाना प्रबंधक की टीम ने अब तक कई भों का दौरा कर वहां कार्यरत श्रमिकों के पहचान पत्र, निवास प्रमाण और अन्य संबंधित जानकारी इका की है। साथ ही भटटा मालिकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे सभी श्रमिकों का पूरा रिकॉर्ड रखें और इसे पुलिस के साथ साझा करें।

## रक्तदान से बड़ा कोई परोपकार नहीं

**टीम एक्शन इंडिया/मैनपाल**

**पिंजौर:** सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के पावन आशीर्वाद से तथा संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वधान में स्थानीय संत निरंकारी सत्संग भवन पिंजौर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर में 129 श्रद्धालुओं ने कल्याण के लिए रक्तदान किया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ चंडीगढ़ जोन के जोनल इंचार्ज ओ पी निरंकारी व नगर परिषद कालका के चेयरमैन कृष्ण लांबा तथा संयोजक तारा सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर नगर परिषद के चेयरमैन कृष्ण लांबा ने सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज ने आशीर्वाद दिया।

## मोटरसाईकिल चोरी करने के दो आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/प्रदीप कुमार**

**कुरुक्षेत्र:** पुलिस ने वाहन चोरी की दुकानों को सील करते हुए मोटरसाईकिल चोरी करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अटल अग्रवाल के कुशल मार्गदर्शन में एंटी सामान थेफ्ट टीम की एटीम ने मोटरसाइकिल चोरी करने के आरोप में अमन कुमार घुस्सण जिला कटहल हाल निवासी गुमथला गढ़ू व प्रिंस वासी रुकसाना जिला करनाल को गिरफ्तार करके चोरीशुदा छह मोटरसाइकिल चोरी करने में सफलता प्राप्त की है।




जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 12 दिसंबर 24 को थाना केयू पुलिस को अपनी शिकायत में आर्यन कुमार निवासी बूधनपुर कालसा जिला करनाल ने बताया कि 10 दिसंबर को वह अपनी मोटरसाइकिल से गीता जयंती में घूमने आया था। वह अपनी ब्रह्मसरोवर के बाहर बनी दुकानों में खड़ी थी। जब वह गीता जयंती साई देख कर वापस आया तो उसकी मोटरकिल वहां नहीं मिली लेकिन कोई नामपता नामालूम चोर चोरी करके ले गया है। थाना केयूके में दर्ज मामला दर्ज कर जांच की गई। बाद में मामले की जांच में एंटी ऑजायर थेफ़्ट टीम को चुना गया।

एक जून को एंटी प्लाजा थेफ्ट के प्रभारी ऑब्जर्वर गुरनाम सिंह के निर्देशन में मुख्य स्टूडियो स्टूडियो वर्मा, सहायक उप ऑब्जर्वर प्रवीण कुमार, अरविंद कुमार, सिपाही संजीव कुमार और इंटरसिटी कृष्णा, विजय कुमार की टीम ने मोटरसाइकिल चोरी करने के आरोप में अमन घुसेड़ कुमार जिला कत्थल हाल वासी गुमथला गू व प्रिंस वासी रुकसाना जिला करनाल को गिरफ्तार कर लिया।

तीनों से अलग-अलग मामलों में चोरी शुदा 6 मोटरसाईकिल बरामद की गई। आरोपियों को अदालत में पेश करके अदालत के आदेश से करागार भेज दिया गया।

## नशीला पदार्थ सप्लाई करने के आरोपी को किया गया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/प्रदीप कुमार**

**कुरुक्षेत्र:** पुलिस ने नशीले पदार्थों की तस्करी पर शिकंजा कसते हुए नशीला पदार्थ सप्लाई करने के आरोपी को शामिल तफ्तीश करके गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के कुशल मार्ग-दर्शन में एंटी नारकोटिक सैल की टीम ने नशीला पदार्थ सप्लाई करने के आरोपी जसबीर सिंह उर्फ जग्गा वासी करनाल को मामले मे शामिल तफ्तीश करके गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 18 मार्च 25 को एंटी नारकोटिक सैल प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्र पाल के मार्ग-निर्देश में उप निरीक्षक राजपाल, मुख्य सिपाही सुनील कुमार, सिपाही दिनेश कुमार, एसपीओ संजय कुमार व गाड़ी चालक मुख्य सिपाही जसवंत सिंह की टीम बन लाडवा में मौजूद थी। पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर सब्जी मण्डी हिनौरी रोड के पास से दीपक कुमार व राजेन्द्र कुमार वासीयान मोदीपुर जिला करनाल को मोटरसाईकिल नंबर एचआर-2-एएम-6709 सहित काबू किया था। राजपत्रित अधिकारी के सामने पुलिस द्वारा आरोपी की तलाशी लेने पर उसके कब्जा 1 किलो 35 ग्राम अफीम बरामद हुई थी।

## कलायत में वार्ड एक में स्ट्रीट लाइट को रोशन और रिपेयर करने का कार्य शुरू

**टीम एक्शन इंडिया/रणदीप**

**कलायत:** कलायत शहर की सडकों व मुख्य गलियों में स्ट्रीट लाइटों को निरंतर रोशन रखने को नगर पालिका के अधीन निजी एजेंसी ने अलाट टेंडर अनुसार अपना कार्य रविवार को वार्ड एक से शुरू कर दिया। स्ट्रीट लाइटों के बेहतर ढंग से रखरखाव और रात के समय शहर को रोशन रखने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम है। नगर पालिका द्वारा इस कार्य के लिए एक निजी एजेंसी को पारदर्शी ढंग से टेंडर के जरिये कार्य की जिम्मेदारी दी। एजेंसी की टीम



शहर में स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत, देखरेख और संचालन का कार्य करेगी। धरातल पर लगातार नजर रखने की ड्यूटी नगर पालिका बिजली विंग प्रभारी सचिन कौशिक की है। उनके साथ फिल्ड में बिजली व्यवस्था की देखरेख के लिए दलबीर राणा सक्रिय हैं। शहर के लोगों का कहना है कि काफी समय से शहर भर में स्ट्रीट लाइटें खराब पड़ी थीं। इससे स्ट्रीट लाइटों का लाभ शहर को समुचित रूप से नहीं मिल पा रहा था। खासकर महिलाएं, बुजुर्ग और स्कूली विद्यार्थी असुरक्षित महसूस कर रहे थे। इसे देखते हुए शासन-प्रशासन ने स्ट्रीट लाइट व्यवस्था को मजबूत रखने का निर्णय लिया है। निजी एजेंसी शहर में बंद पड़ी लाइटों को ठीक करेगी। जो लाइटें रोशन होने की स्थिति में नहीं हैं उन्हें बदला जाएगा। नियमित रूप से इनकी निगरानी भी करेगी।

**शिकायत के लिए हेल्पलाइन नंबर रहेगा चस्पा: रेणू धानियां**

वार्ड एक पार्षद रेणू धानियां ने बताया कि लाइटों को सुचारु रूप से जलता रखने के लिए एक हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया जाएगा।

इसके जरिये नागरिक किसी भी खराब लाइट की सूचना देने के लिए इस्तेमाल कर सकेंगे। यह हेल्पलाइन नंबर सार्वजनिक स्थलों और प्रमुख चौक-चौराहों पर चस्पा रहेंगे। इन नंबरों पर नागरिक बिजली संबंधित शिकायत दर्ज करवा सकेंगे। सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंचेगी और समस्या का निवारण होगा।

**नेशनल हाईवे व संपर्क मार्गों पर भी लगाई गई थी लाइटें**

वर्ष 2017-2018 में वर्ष शहर के मुख्य मार्गों व गलियों में बड़े बजट से स्ट्रीट लाइट योजना को हरी झंडी मिली थी।

इस योजना का लक्ष्य शहर को रात्रि के समय पूरी तरह रोशन रखने का रहा है। इससे सुरक्षा व्यवस्था को मजबूती मिलती है।

## इंडियन नेशनल लोकदल का हर कार्यकर्ता पार्टी के लिए जान से प्यारा है : चौधरी

**टीम एक्शन इंडिया/कमाल हुसैन**

**पानीपत:** हल्का इसराना में हल्का स्तरीय मीटिंग को सम्बोधित व मार्गदर्शन करने के लिए इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी रामपाल सिंह माजरा का पहुंचने पर समस्त पदाधिकारियों समेत डॉ. नवीन नैन भालसी ने स्वागत अभिनंदन किया।

इस दौरान इनेलो प्रदेश अध्यक्ष चौधरी रामपाल सिह माजरा व डॉ नवीन नैन भालसी से इनेलो के बहुत ही पुराने व अपाहिज साथी स्पेशल मिले जिनका नाम प्रवेश कुण्डू गांव बजेवा हल्का इसराना है, साथ ही प्रवेश कुण्डू ने बताया कि



पैरों से अपाहिज होने के बावजूद भी पार्टी की सभी मीटिंगों को समर्थन व सहयोग करते है। इस दौरान चौधरी रामपाल सिंह माजरा ने कहा कि इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी की खास बात शुरू से रही है पार्टी का कार्यकर्ता जान से प्यारा है, इसी लिए विपक्षी पार्टी वाले भी तारीफ करते हैं।

इस दौरान डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया कि इनेलो पार्टी में हर कार्यकर्ता अपने आपको चौधरी अभय सिंह चौटाला समझ कर काम करता है, ज्ञात हो कि इसी लिये पार्टी का संगठन आज भी 20 वर्ष तक राज से दूर होकर भी संगठित है।

## सतगुरु रामानंद जी महाराज के शहादत दिवस पर पंचकूला में छबील का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/संवाददाता**

**पंचकूला:** पंचकूला के कोट गांव स्थित सतगुरु रविदास जी महाराज भवन में कौम के अमर शहीद सतगुरु रामानंद जी महाराज के शहादत दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर ठंडे पानी की छबील लगाई गई, जिसमें आने-जाने वाले राहगीरों को मीठा जल व शरबत पिलाया गया। इस आयोजन का उद्देश्य समाज को सतगुरु रामानंद जी महाराज की शिक्षाओं और बलिदान की याद दिलाना था। संगत ने पूरे श्रद्धाभाव से महाराज जी को स्मरण किया और उनकी दी गई शिक्षाओं को अपनाने का संकल्प लिया।

## डॉ. जगदीश गुप्ता दो वर्ष और बने रहेंगे आर्य कॉलेज के प्राचार्य

**टीम एक्शन इंडिया/कमाल हुसैन**

**पानीपत:** हरियाणा सरकार द्वारा 31 मई 2025 को आर्य कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता की सेवानिवृत्ति के बाद उनकी सेवा का विस्तार दो वर्षों के लिए और कर दिया है। ज्ञात रहे पिछले 18 वर्षों से आर्य महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता की उत्कृष्ट सेवाओं और महाविद्यालय का चहुंमुखी विकास करने व अतुलनीय योगदान को देखते हुए हरियाणा सरकार ने उनकी सेवा का विस्तार कर दिया है। डॉ. जगदीश गुप्ता ने 12 जुलाई 1990 को आर्य महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग में अपनी सेवाएँ शुरू की। डॉ. गुप्ता लगभग 17



वर्षों तक अकाउंट्स वह इनकम टैक्स के प्रख्यात प्राध्यापक रहे। उसके उपरांत महाविद्यालय की प्रबंधक समिति ने उनके कठोर परिश्रम व निष्ठा भाव को देखते हुए 16 नवम्बर 2007 को प्राचार्य के पद का कार्यभार भी डॉ. गुप्ता के मजबूत कंधों पर सौंप दिया। डॉ. गुप्ता ने इस अहम ज़िम्मेदारी का निर्वाह बहुत ही कुशलतापूर्वक किया और आर्य कॉलेज को हरियाणा में ही नहीं बल्कि पूरे भारत में हर क्षेत्र में एक विशेष पहचान दिलाई। डॉ. गुप्ता को शिक्षा एवं सामाजिक कार्यों में दिए जा रहे उत्कृष्ट योगदान के लिए कई बार हरियाणा के महामहिम राज्यपाल व मुख्यमंत्री के साथ-साथ जिला प्रशासन की तरफ से भी सम्मानित किया जा चुका है। इसके साथ ही डॉ. गुप्ता आर्य कॉलेज के प्राचार्य रहते हुए, कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र के भी कई अहम पदों को सुशोभित कर रहे हैं। पूरे आर्य महाविद्यालय परिवार में डॉ. जगदीश गुप्ता की सेवा विस्तार की सूचना से खुशी का माहौल है। महाविद्यालय की प्रबंधक के प्रधान सुरेंद्र सिंगला, उपप्रधान यशपाल मित्तल, महासचिव सीए कमल किशोर, कोषाध्यक्ष पीयूष आर्य व वरिष्ठ सदस्य वीरेंद्र सिंगला ने डॉ. जगदीश गुप्ता को इस सेवा विस्तार के लिए बधाई दी उन्होंने कहा कि हमें पूर्ण विश्वास है कि डॉ. गुप्ता इन दो सालों में महाविद्यालय को और भी ऊँची बुलंदियों पर ले जाने का काम करेंगे। डॉ. जगदीश गुप्ता ने सेवा विस्तार के इस अहम निर्णय के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हरियाणा सरकार, शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, उच्चत्रर शिक्षा निदेशालय हरियाणा, पंचकूला व महाविद्यालय की प्रबंध समिति का आभार व्यक्त किया।

## थानेसर के गांवों में चलाया गया विकसित कृषि संकल्प अभियानः सहारण

**टीम एक्शन इंडिया/प्रदीप कुमार**

**कुरुक्षेत्र:** चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र कुरुक्षेत्र के वरिष्ठ समन्वयक डा. बलजीत सिंह सहारण ने कहा कि विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 के तहत दो टीम बनाई गई है, जिससे वैज्ञानिकों तथा किसानों का सीधा संवाद हो सके। उन्होंने कहा कि टीमों का लक्ष्य जिले के विभिन्न गांवों में जाकर किसानों को जागरूक करना और उन तक कृषि से संबंधित नई टेक्नोलॉजी को पहुंचाना है।

उन्होंने यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि पहली टीम की लीडर डा.सरिता रानी, जिला विस्तार




विशेषज्ञ (सस्य विभाग) और दूसरी टीम की लीडर डा. कविता जिला विस्तार विशेषज्ञ (मृदा विभाग) की अगुवाई में दोनों ही टीम ने आज तीन-तीन गांव में जाकर किसानों को खेती-बाड़ी से संबंधित विभिन्न प्रकार की नई तकनीक की वैज्ञानिक जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि पहली टीम ने गांव पिंडारसी, बारना और कमौदा के किसानों को जागरूक किया तथा दूसरी टीम ने गांव धुराला, हिंगाखेड़ी और अजराना कला गांव में जागरूकता अभियान चलाया। इन दोनों टीम में कृषि विज्ञान केन्द्र, भारतीय गेहूँ और जौ अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिकों के साथ कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, बागवानी विभाग तथा मत्स्य विभाग, तथा अन्य विभाग के अधिकारी भी मौजूद थे। इन दोनों ही टीम ने किसानों के साथ संवाद किया। उन्होंने कहा कि इस दौरान किसानों को धान की सीधी बिजाई, मिट्टी और पानी की जांच, प्राकृतिक खेती के बारे में जागरूक किया गया। मशरूम उत्पादन, कृषि विभाग के द्वारा दी जाने वाली विभिन्न कृषि योजनाओं के बारे में भी बताया गया बागवानी विभाग, मत्स्य विभाग और अन्य विभाग के अधिकारियों ने भी अपने विषयों से संबंधित जानकारी देकर किसानों को जागरूक किया।

कृषि विज्ञान केंद्र कुरुक्षेत्र के वरिष्ठ समन्वयक डॉक्टर बलजीत सिंह सहारण ने कहा कि जिले में यह अभियान 12 जून 2025 तक चलाया जाएगा।

इस अभियान के माध्यम से वैज्ञानिकों की टीमें प्रतिदिन 600 से ज्यादा किसानों से मिलेगी जिससे किसानों की खेती बाड़ी से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए उपाय किए जा सकेंगे।

इस कार्यक्रम में काफी संख्या में किसानों ने भाग लिया।

## नौकरी के नाम पर लाखों रुपए की धोखाधड़ी करने के दो आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/प्रदीप कुमार**

**कुरुक्षेत्र:** जिला पुलिस ने नौकरी के नाम पर लाखों रुपए की धोखाधड़ी करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना झांसा पुलिस टीम ने नौकरी के नाम पर लाखों रुपए की धोखाधड़ी करने के आरोपी कुलदीप सिंह वासी चीताकलां व हरपाल सिंह वासी सुलतान बीड जिला अमृतसर पंजाब को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना झांसा में दी अपनी शिकायत में खुशी राम वासी अजराना कलां जिला कुरुक्षेत्र ने बताया कि उसका झांसा में सर्किल डिवलैपमैन्ट सैन्टर है। उसके साथ ही



परमिंन्दर कुमार व बुटा राम का कैन्डिडेट प्लेसमैन्ट ऑफिस है जो नौकरी लगवाने का काम करते हैं। उन्होंने उसको बताया कि वह अपने कैडिडेट्स की प्लेसमैन्ट उनके ऑफिस के माध्यम से करवा ले। जिसके लिए उसने उससे अलग-अलग कैन्डिडेट से सिक्योरिटी उप निरीक्षक गुलाब सिंह के मार्गनिर्देश में सहायक उप निरीक्षक पवन कुमार, मुख्य सिपाही अजय कुमार व एसपीओ बलिहार सिंह की टीम ने नौकरी के नाम पर लाखों रुपए की धोखाधड़ी करने के आरोपी कुलदीप सिंह वासी चीताकलां व हरपाल सिंह वासी सुलतान बीड जिला अमृतसर पंजाब को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपियों को अदालत में पेश किया गया।

## न्यूज फ्लैश

### सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया बिरला मंदिर थानेसर ब्रांच में कार्यरत रामनिवास गत दिवस हुए सेवानिवृत



टीम एक्शन इंडिया
अनिल वर्मा

**थानेसर:** 13 साल से अधिक वर्षों तक अपनी समर्पित सेवा देने के पश्चात सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया बिरला मंदिर थानेसर ब्रांच में कार्यरत रामनिवास गत दिवस सेवानिवृत हुए। विदाई समारोह में बैंक प्रबंधक रोहन माहेश्वरी, नरेश, सहायक शाखा प्रबंधक अनुषा, सतविंदर सैनी, गुरदयाल एवं अन्य बैंक अधिकारी और कर्मचारियों ने सेवानिवृत रामनिवास को बेहतरीन जीवन की शुभकामनाएं देते हुए भावभीनी विदाई दी। इस दौरान शाखा प्रबंधक रोहन माहेश्वरी ने रामदास को सेवानिवृत्ति पर बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने जिस प्रकार अपने सेवा काल में पूरी ईमानदारी से कार्य करते हुए सरकार की एवं बैंक की योजनाओं के प्रति लोगों को जागृत करने का कार्य किया है वह अपने आप में सराहनीय है। सेंट्रल बैंक में नौकरी करने से पूर्व रामनिवास जी ने 29 साल तक देश सेवा में एयर फोर्स में अपनी सेवाएं दी थी। इस अवसर पर सेवानिवृत रामनिवास के परिजन पंकज मित्तल, नैन्सी, शशि, निशा, ऊषा, पदमा, लवकेश के अलावा राहुल, साहिल, विशेष भी मौजूद रहे।

### जाट समाज की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी की मासिक बैठक हुई आयोजित

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र** :जाट समाज कुरुक्षेत्र की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी की बैठक स्थानीय जाट धर्मशाला में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रधान कृष्ण श्योकंद ने की। बैठक के बारे में जानकारी देते हुए समाज प्रधान कृष्ण श्योकंद ने बताया कि यह जाट समाज की मासिक बैठक थी जिसमें नवनिर्वाचित सदस्यों सहित समाज के अन्य लोग शामिल हुए थे। प्रधान कृष्ण श्योकंद ने आगे बताया कि बैठक के दौरान जाट समाज की पूर्व कार्यकारिणी के द्वारा किए गए खर्चों का लेखा जोखा सभा के सचिव हरिकेश सहारण द्वारा प्रस्तुत किया गया। इसके अतिरिक्त नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के कार्यकाल के दौरान किए गए विभिन्न सामाजिक कार्यों बारे भी जानकारी दी गई जिसमें हस्पताल में मरीजों और उनके सहायकों को भोजन देना,रक्तदान शिविर लगाना आदि मुख्य रूप से शामिल हैं। कृष्ण श्योकंद ने बताया कि इस मासिक बैठक के दौरान कई सदस्यों द्वारा सुझाव भी दिए गए जिनमें सफाई और शिक्षा से जुड़े सुझावों पर शीघ्र कार्य करने की समाज की योजना है। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही समाज के मेधावी छात्रों के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु फ्री कोचिंग की व्यवस्था की जाएगी ताकि समाज के होनहार बच्चे संसाधन के अभावों में अपने सपनों को पूरा करने से वंचित न रह जाएं।

# ऑपरेशन शिल्ड के तहत अम्बाला में की गई मॉक ड्रिल

### डीसी कार्यालय व छावनी के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में सायरन बजाया

**सायरन बजा**

फुटबाल स्टेडियम के नजदीक स्पोर्टस कॉम्पलैक्स में यह मॉक ड्रिल की जानी शामिल रही



टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला:** ऑपरेशन शिल्ड के तहत अम्बाला जिले में दो स्थानों पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। अम्बाला शहर में उपायुक्त कार्यालय में तथा अम्बाला छावनी में फुटबाल स्टेडियम के नजदीक स्पोर्टस कॉम्पलैक्स में यह मॉक ड्रिल की जानी शामिल रही। इस मौके पर एडीसी डा. ब्रहमजीत, एसडीएम दर्शन कुमार, एसडीएम विनेश कुमार, डीएसपी रजत गुलिया, डीएसपी विजय कुमार मौजूद रहे। इससे पहले पुलिस लाईन परिसर में एसडीआरएफ, गृहरक्षी, हरियाणा पुलिस, एनसीसी कैडेटस, सिविल डिफेंस की टीम ने पंजीकृत स्वयंसेवकों को आपदा के समय कैसे बचाव किया जा सकता है, उसका प्रशिक्षण देते हुए महत्वपूर्ण जानकारी भी दी।

ऑप्रेशन शिल्ड की प्रक्रिया के तहत उपायुक्त कार्यालय में हवाई हमले व भवन में आगजनी की घटना की मॉक ड्रिल करवाई गई। सायरन बजते ही फायर विभाग की टीम मौके पर पहुंची और उसके उपरांत एसडीआरएफ, स्वास्थ्य विभाग, एनसीसी कैडेटस, पुलिस व सिविल डिफेंस के वैलंटियर्स ने आपदा में घायल लोगों को रैस्क्यू करते हुए प्राथमिक उपचार देते हुए उन्हें एंबुलैस के माध्यम से अस्पताल की ओर रवाना किया गया। इसी प्रकार भवन में आगजनी की घटना के तहत भी सम्बन्धित टीमों ने मौके पर रैस्क्यू करते हुए घायल व्यक्तियों को कैसे निकाला गया और उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद सिविल अस्पताल भेजा गया इसकी भी बेहतर मॉक ड्रिल की गई।

इसी प्रकार अम्बाला छावनी फुटबाल स्टेडियम के पास स्पोर्टस होस्टल में भी हुई आपदा के तहत एसडीआरएफ, गृहरक्षी, हरियाणा पुलिस, एनसीसी कैडेटस, सिविल डिफेंस की टीमों ने मौके पर पहुंचकर रैस्क्यू करते हुए तमाम प्रक्रिया की मॉक ड्रिल की गई और यहां पर भी घायल व्यक्तियों को उपचार देते हुए एंबुलैस के माध्यम से सिविल अस्पताल के लिए रवाना किया गया। यहां बता दें कि इससे पहले अम्बाला छावनी एसडी कालेज में सिविल डिफेंस के तहत पंजीकृत स्वयंसेवकों को जिनमें एनसीसी कैडेटस व अन्य शामिल थे उन्हें प्रशिक्षण देते हुए महत्वपूर्ण जानकारी दी गई ताकि आपदा के समय कैसे बचाव किया जा सकता है, उस प्रक्रिया को करते हुए अपने आप को व दूसरों को सुरक्षित किया जा सके।

इस मौके पर एडीसी डा. ब्रहमजीत सिंह ने बताया कि दोनों जगहों पर बेहतर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया है। सम्बन्धित टीमों ने रिस्पोंस करते हुए घटना में घायल लोगों को कैसे सुरक्षित बाहर निकाला जा सकता है और उन्हें प्राथमिक उपचार देकर सिविल अस्पताल के लिए रवाना किया गया। सरकार के दिशा-निदेर्शानुसार आज मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया है ताकि यदि कोई भी आपदा आती है तो उस समय हम कैसे सावधानी बरत सकते हैं, अपने आस पास जो भी सामान होता है उसका प्रयोग करके अपने आप को सुरक्षित कर सकते हैं।

### 27वें मेगा स्वास्थ्य जाँच कैंप मे 132 मरीजों ने लिया स्वास्थ्य लाभ



**सोनीपत**

सेफ इंडिया फाउंडेशन व अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन जिला सोनीपत इकाई, महिला व युवा जिला इकाई, श्री श्याम बाला जी सेवा मंडल, रोटरी क्लब ऑफ सोनीपत एक्सीलेंस, कृष्णा देवी श्याम मिष्ठान भंडार, सशक्त महिला संगठन द्वारा राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल मुरथल अड्डा सोनीपत मे आयोजित 27वें मेगा स्वास्थ्य जाँच कैंप का 132 मरीजों ने लाभ लिया। सेफ इंडिया फाउंडेशन के प्रधान संजय सिंगला व चेयरमैन वाई के त्यागी ने बताया कि हर महीने के पहले रविवार को यह कैंप लगता है ताकि जरूरतमंद लोग अपना इलाज करवा सके। सम्मेलन के प्रधान अनिल गुप्ता व महासचिव एडवोकेट अरविन्द मित्तल ने बताया कि सक्सेना हस्पताल की टीम के हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर प्रवेश मुदगिल, डॉक्टर आकाश जरनल फिजिशियन, हड्डियों के डॉक्टर प्रवेश मुदगिल, डॉक्टर शीतल डाइटीशियन, डॉक्टर अभिमन्यु कुमार द्वारा 132 मरीजों के शुगर बी पी, ई सी जी व स्वास्थ्य जाँच की गई। डॉक्टर वरुण शर्मा व डॉक्टर इरफान द्वारा 31 मरीजों के दांतो का चेकअप किया गया ।

**हेल्थ चेकअप**

डॉक्टर वरुण शर्मा व डॉक्टर इरफान द्वारा 31 मरीजों के दांतो का चेकअप किया गया

### पिहोवा के गोविंदानंद आश्रम में रामायण पाठ संपूर्ण के साथ कन्या पूजन मासिक भंडारा आयोजित

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र/पिहोवा** : पिहोवा के श्री गोविंदानंद ठाकुर द्वारा आश्रम में आज महामंडलेश्वर 1008 स्वामी विद्यागिरि महाराज एवं श्रीमहंत बंशी पुरी जी महाराज के मार्गदर्शन में आश्रम की महंत सर्वेश्वरी गिरि जी महाराज के सानिध्य में रामायण पाठ संपूर्ण के कन्या पूजन मासिक भंडारा आयोजित किया गया। महंत सर्वेश्वरी गिरि जी महाराज ने बताया कि पिछले कई वर्षो से प्रत्येक मास के जेठे रविवार को मां भगवती के स्वरूप में सैंकड़ों कन्याओं का आश्रम परिसर में पूजन किया जाता है और फल दक्षिणा के साथ जरूरतमंद कन्याओं को समय समय पर गर्मी सर्दी के वस्त्र जूते व शिक्षा के लिए पुस्तकें इत्यादि वितरित की जाती है।महंत सर्वेश्वरी गिरि ने बताया कि आश्रम में प्रतिदिन सांय को भजन संध्या कीर्तन प्रभु सुमिरन पाठ भी किया जा रहा है।महंत सर्वेश्वरी गिरि जी महाराज ने श्रद्धालु जनों को आज कन्याओं के पूजन के महत्व और गौमाता की सेवा कर पुण्य प्राप्त कर विषय में आमजन को जानकारी दी और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी और बताया की सत्य के मार्ग पर चलने वाला इंसान तनावमुक्त के साथ रोगमुक्त भी रहता है।
इस अवसर पर षडदर्शन साधुसमाज के संगठन

### देश की तरक्की के लिए हर व्यक्ति का स्वस्थ रहना जरूरी : नीरज तंवर

**दिनचर्या**

साइक्लिंग को अपने जीवन की दिनचर्या में शामिल करना होगा। जो व्यक्ति रोजाना साइक्लिंग करेगा




**कुरूक्षेत्र, 1 जून(प्रदीप कुमार ) साइकिल** फेडरेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त सचिव एवं हरियाणा ओलंपिक संघ के उप प्रधान नीरज तंवर ने कहा कि देश की तरक्की के लिए हर व्यक्ति का स्वस्थ होना जरूरी है। इसके लिए प्रत्येक व्यक्ति को साइक्लिंग को अपने जीवन की दिनचर्या में शामिल करना होगा। जो व्यक्ति रोजाना साइक्लिंग करेगा, वह हमेशा स्वस्थ रहेगा।
हरियाणा ओलंपिक संघ के उप प्रधान नीरज तंवर रविवार को भारतीय खेल प्राधिकरण कुरुक्षेत्र शाखा की तरफ से अंतरराष्ट्रीय साइक्लिंग - डे पर आयोजित साइकिल रैली में बोल रहे थे।
इससे पहले उप प्रधान नीरज तंवर, साई के सहायक निदेशक बाबू राम रावल, नेहरू युवा केन्द्र की जिला परियोजना अधिकारी सुरमई, सीनियर कोच कुलदीप सिंह वडैच, पूर्व चीफ कोच गुरविंदर सिंह, पूर्व डीएसओ यशवीर सिंह ने साइकिल रैली को हरी झंडी देकर रवाना किया। यह साइकिल रैली द्रोणाचार्य चौक, शहीद उधम सिंह, सर्किट हाउस से जिंदल चौक से और वापस साईं कुरूक्षेत्र पर पहुंची।
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच को अमलीजामा पहनाने के लिए भारतीय खेल प्राधिकरण की तरफ से फिट इंडिया मोमेंट के तहत पच्चीसवीं साइकिल रैली का आयोजन किया गया। इस साइकिल रैली में दर्जनों विद्यार्थियों और शहर के नागरिकों ने भाग लिया। इस प्रकार के कार्यक्रमों के साथ लोगों को जोड़ कर खेल प्रांगण तक लाना और मायाराम जैसे कार्यक्रमों के साथ जोड़ना है। जब देश का प्रत्येक नागरिक अपने स्वास्थ्य की चिंता करते हुए साइक्लिंग या अन्य खेलों की तरफ आगे बढ़ेगा तो निश्चित देश के नागरिक स्वस्थ होंगे और स्वस्थ होकर देश की तरक़्क़ी में अपना योगदान दे सकेगा। नेहरू युवा केंद्र की जिला परियोजना अधिकारी सुरमई ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के प्रयासों से की युवा पीढ़ी को नशे जैसी बुराइयों से दूर ले जाने के लिए खेलों की तरफ आकर्षित करने का प्रयास किया जा रहा है। अभी हाल में ही हरियाणा प्रदेश में एक साइकिल रैली का आयोजन करके देश को नशा मुक्त बनाने के प्रति लोगों को जागरूक किया गया।
इसके साथ ही युवाओं को खेल के

## आर्य समाज द्वारा धूमधाम से मनाई गई महाराणा प्रताप जयंती

**यमुनानगर 01 जून (धर्म बीर)- रविवार** को आर्य समाज प्रताप नगर में महाराणा प्रताप जी की जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। साप्ताहिक यज्ञ में जिला बार एसोसिएशन यमुनानगर के प्रधान आर्य विक्रांत चौहान धर्मपत्नी सहित मुख्य यजमान रहे। इसके अतिरिक्त बार एसोसिएशन की उप प्रधान सोनिया रोहिल्ला और कार्यकारिणी के अन्य सदस्य सम्मिलित रहे। इस अवसर पर यज्ञ आर्य पवन कुमार गुप्ता और आर्य



नरेश कश्यप प्रताप नगर ने संपन्न कराया।
सैकड़ो की संख्या में उपस्थित आर्य जनों ने महाराणा प्रताप जी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए और राष्ट्र की एकता अखंडता और सार्वभौमिकता की कामना करते हुए यज्ञ में आहुति डाली।

**वीर शिरोमणि**

जिला बार एसोसिएशन यमुनानगर के प्रधान आर्य विक्रांत चौहान धर्मपत्नी सहित मुख्य यजमान रहे

इस अवसर पर सढौरा निवासी नवीन भसीन, तेजपाल धीमान और हरियाणा विद्युत नियामक आयोग के सदस्य मान्यवर मुकेश गर्ग विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। परवीन बटार वाइस चेयरमैन आर्य समाज ट्रस्ट ने सभी अतिथियों का स्वागत किया ।आर्य पवन कुमार गुप्ता ने महाराणा प्रताप जी के जीवन वृतांत का वर्णन करते हुए उनके द्वारा देश के लिए किए गए कार्यों का वर्णन किया। मुकेश गर्ग ने आर्य समाज द्वारा समाज के लिए किए गए कार्यों का वर्णन करते हुए कहा आर्य समाज समाज के उत्थान के लिए महत्वपूर्ण कड़ी है।

## छछरौली थाना क्षेत्र के एक गांव में 7 वर्षीय बच्ची के साथ दरिंदगी

**यमुनानगर 01 जून (धर्मवीर)-** छछरौली थाना क्षेत्र के एक गांव में 7 वर्षीय बच्ची के साथ दरिंदगी का मामला सामने आया है।
आरोपी युवक बच्ची के साथ गलत काम कर बेहोशी की हालत में जंगल में छोड़कर फरार हो गया। आरोपी लगभग 18 वर्षीय युवक रिश्ते में बच्ची का चाचा बताया जा रहा है।
प्राप्त जानकारी के अनुसार कल दोपहर बाद आरोपी जीशान अपने पड़ोस में रहने वाली 7 वर्षीय बच्ची को बेहला फुसला कर साथ लगते जंगल में ले गया। जंगल में ले जाकर आरोपी ने बच्ची के साथ गलत काम किया जब बच्ची

**शर्मनाक**

आरोपी लगभग 18 वर्षीय युवक रिश्ते में बच्ची का चाचा बताया जा रहा है

बेहोश हो गई तो युवक डर के मारे बच्ची को वहीं छोड़कर फरार हो गया। लगभग 4:30 बजे गांव के ही एक युवक ने बच्चों को जंगल में देखा और लड़की के भाई को फोन कर लड़की के बारे में बताया। लड़की का भाई बच्ची को गोद में उठाकर बेहोशी की हालत में घर लेकर आया जहां से परिजन जिला अस्पताल लेकर गए। बच्ची को घटना के लगभग 6-7 घंटे बाद होश आया। फिलहाल बच्ची की अस्पताल से छुट्टी कर दी है और वह घर पर ही परिजनों के साथ है परिजनों के मुताबिक लड़की काफी डरी हुई है और कुछ भी बोलने के हालात में नहीं है। वहीं छछरौली पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ पोस्को सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।
पुलिस के मुताबिक लड़की की मेडिकल रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों को विश्लेषण के लिए फॉरेंसिक लैब भेज दिया गया है।

### कार से लैपटॉप व हजारों रुपये की राशि चोरी

**सोनीपत:** मुरथल थाना क्षेत्र में ढाबे पर खाना-खाने आए सेल्स मैनेजर की कार से लैपटॉप व नदकी सहित अन्य सामान के चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपित सुनील निवासी सतनाली महेंद्रगढ का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है। गांव नाहरी निवासी साहिल ने बताया कि वह निजी कंपनी में बतौर सेल्स मैनेजर के तौर पर काम करता है।

## राठधना और लिवान गांव को मिलेगी अब 24 घंटे बिजली

टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपत : राठधाना,** जगदीशपुर और लिवान के निवासियों ने मनाया जश्न, अब शहरों की तरह मिलेगी चौबीसों घंटे बिजलीझ राठधाना, जगदीशपुर और लिवान गांवों के निवासियों का सालों पुराना सपना आज सच हो गया, जब सीनियर मेयर राजीव सरोहा के प्रयासों से एक नए बिजली फीडर को चालू कर उन्हें चौबीसों घंटे बिजली आपूर्ति मिलने लगी। सीनियर मेयर राजीव सरोहा के निरंतर प्रयत्न और बिजली विभाग के सहयोग द्वारा उठाया गया यह कदम शहरी क्षेत्रों के समान लगातार बिजली आपूर्ति की स्थानीय समुदायों की लगातार मांग को पूरा करता है।
आज सुबह लगभग 10 बजे, नए



फीडर के लिवर को आधिकारिक तौर पर राजीव सरोहा ने उठाकर चालू किया , जिसने इन तीनों गांवों के हजारों निवासियों के जीवन स्तर में एक महत्वपूर्ण सुधार को चिह्नित किया। इस पहल से विश्वसनीय बिजली आपूर्ति सुनिश्चित होने से स्थानीय व्यवसायों को बढ़ावा मिलने, शैक्षिक अवसरों में सुधार और समग्र दैनिक जीवन को बेहतर बनाने की उम्मीद है।
इस अवसर पर बोलते हुए, सोनीपत नगर निगम के सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा राठधाना ने अपनी संतुष्टि व्यक्त करते हुए कहा, "यह राठधाना, जगदीशपुर और लिवान के लोगों के लिए एक ऐतिहासिक दिन है। 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराना एक लंबे समय से चली आ रही प्रतिबद्धता रही है, और मुझे खुशी है कि हम इसे आज पूरा कर पाए हैं।" कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष प्रिंस सरोहा, बिजली विभाग के जे.ई. वजीर ,पंडित लीलू शर्मा, जिले सरोहा, सुमेर सरोहा, राजू, सतीश सरोहा ट्रेक्टर, मुकेश, प्रवीण सहित अन्य गणमान्य ग्रामवासी भी उपस्थित रहे।

**राहत**

समय से चली आ रही प्रतिबद्धता रही है, और मुझे खुशी है कि हम इसे आज पूरा कर पाए हैं

## कुरुक्षेत्र की धारा से योग धर्म अब बनेगा युग धर्मः स्वामी रामदेव

**कुरुक्षेत्र, 1 जून (प्रदीप कुमार) योग** गुरु स्वामी रामदेव ने कहा कि कुरुक्षेत्र की धारा से योग धर्म अब युग धर्म बनेगा। इस पावन धरा कुरुक्षेत्र में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस धर्म क्षेत्र से योग धर्म की शुरूआत हुई थी, और अब 11वें वर्ष में कुरुक्षेत्र से ही योग धर्म को युग धर्म बनाने का संकल्प लेते हुए एक लाख से ज्यादा योग साधक हिस्सा लेकर योग के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित करेंगे। हरियाणा प्रदेश में 10 लाख से ज्यादा व्यक्ति इस दिन अलग-अलग योग कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे।योग गुरु स्वामी रामदेव रविवार को कुरुक्षेत्र के ब्रह्मसरोवर पर पत्रकारों से



बातचीत कर रहे थे। इससे पहले योग गुरु रामदेव ने करीब 2 घंटे तक योग साधकों के साथ योग किया। इसके उपरांत कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी कुरुक्षेत्र के सभागार में अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव को लेकर आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में भी हिस्सा लिया। योग गुरु स्वामी रामदेव ने कहा कि पूरी दुनिया में संदेश गया है कि भारत योग व अध्यात्म की धारा है और सनातन का महातीर्थ है। देश का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह खुद योगी है। इतना ही नहीं हमारे देश के 99 प्रतिशत मुख्यमंत्री, विधायिका, न्यायपालिका, कार्यपालिका, गांव,

**योगमय**

इस पावन धरा कुरुक्षेत्र में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा : बाबा रामदेव

गरीब, मजदूर से लेकर कृषि, उद्योग और कर्मचारी योग को अपना रहे हैं क्योंकि योग से जीवनशैली अच्छी बनती है। जब जीवनशैली में योग शामिल हो जाता है तब लाइफ स्टाइल डिजीज जैसे बीपी, शुगर, थायराइड, अस्थमा, लिवर, किडनी की समस्याएं दूर हो जाती है। अब तो कैंसर जैसी बीमारियां भी कॉमन होने लगी हैं। योग सब रोगों से हमारी रक्षा करता है और हमें बीमारियों और बुराइयों से बचकर रखता है।
मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के ऊंचे विचार योग गुरु स्वामी रामदेव ने कहा कि हरियाणा प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी खुद नायाब हैं, उनके ऊंचे विचार हैं और वह अपनी जीवनशैली में योग को शामिल रखे हुए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की इस छवि के चलते हरियाणा प्रदेश से यह महा अनुष्ठान, महायज्ञ और महाक्रांति शुरू की जा रही है। योग के क्षेत्र में पूरा विश्व भारत का अनुसरण कर रहा है। पूरे संसार को योग की जरूरत है और हरियाणा प्रदेश का पूरे विश्व में अलग-

## नशे के विरुद्ध जागरूकता को लेकर यमुनानगर पुलिस का अनोखा अभियान

**जागरूक**

यमुनानगर पुलिस द्वारा क्षेत्र के युवाओं को नशे के विरुद्ध क्रिकेट टूनार्मेंट कर कर जागरूक किया जा रहा



**यमुनानगर 01, जून (धर्म बीर)-** नशे के विरुद्ध यमुनानगर पुलिस ने युवाओं को जागरूक करने के लिए अनोखा अभियान शुरू किया है।
यमुनानगर पुलिस द्वारा क्षेत्र के युवाओं को नशे के विरुद्ध क्रिकेट टूर्नामेंट कर कर जागरूक किया जा रहा है।
जिला पुलिस की विभिन्न टीमों ने अपने-अपने थाना क्षेत्रो में खेल प्रतियोगिताएं करवा कर खिलाड़ियों को नशे के दुष्परिणामों बारे किया जागरुक व नशे से दूर रहने के लिए किया प्रेरित।
थाना प्रबंधक बुढ़िया ने गाँव फतेहगढ़ में 16 गांवों की क्रिकेट टीमों का मैच करवाया और खिलाड़ियों को मैच के माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया। इस क्रिकेट मैच प्रतियोगिता का उद्घाटन थाना बुढ़िया प्रबंधक नर सिंह ने किया। इस मौके पर फतेहगढ़ गांव के सरपंच सोहन लाल, पंचायत के सदस्य गुलाब सिंह, राजेश, सचिन, सुरेंद्र, अमित कुमार, प्रमोद कुमार, जितेंद्र व अन्य मौजिज व्यक्ति, पुलिस चौकी बुढ़िया गेट इंचार्ज गुरदयाल सिंह तथा अन्य पुलिस कर्मचारी हाजिर रहे।

# एनएच-44 पर गांव पांची गुजरान के निकट हादसे रोकने के लिए जागा एनएचएआई, काम शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।** एनएच-44 पर गांव पांची गुजरान के निकट फ्लाईओवर के अंडरपास के पास लगातार हो रहे सड़क हादसे की शिकायत के बाद नही के अधिकारियों ने सड़क हादसों को रोकने के लिए काम करना शुरू किया है । यहां लगातार हो रहे आज से चिंता का विषय बने हुए थे। पांची गुजरान गांव के जगदीप कक्कड़ ने एसडीएम को इस संबंध में शिकायत भी दी थी । जगदीप कक्कड़ ने शिकायत में बताया था कि कुछ महीने में अंडरपास के पास तीन दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। इनमें एक महिला व व्यक्ति की



मौत हो चुकी है। एक पुलिस अधिकारी गंभीर रूप से घायल हुआ था। जगदीप कक्कड़ ने बताया था कि अंडरपास के सामने एक तरफ पांची गुजरान व दूसरी तरफ गढ़ी कलां गांव का रास्ता जाता है, लेकिन यहां से काफी तेज गति से वाहन गुजरते हैं। ऐसे में वहां पैदल रास्ता पार करना खतरे से खाली नहीं है। उन्होंने एसडीएम प्रवेश कादियान से अंडरपास के पास जल्द से जल्द यातायात नियंत्रण व्यवस्था, रात में पर्याप्त रोशनी करने की मांग की। शिकायतकर्ता जगदीप ककड़ में बताया कि जीटी रोड पर हादसों के बाद सड़क सुरक्षा संकेत लगाने और ब्रेकर बनाने का काम शुरू कई हादसों के बाद शिकायत करने पर शुरू हुआ है । यहां पर सड़क सुरक्षा संकेत लगाना आवश्यक था, गति सीमा के संकेत, मुड़ने के संकेत, ब्रेकर बनाना, गति सीमा निर्धारित करना आवश्यक था, अब वाहन चालकों को गति सीमा का पालन करने में मदद मिलेगी । जीटी रोड पर सड़क सुरक्षा अभियान चलाना भी आवश्यक है, जिससे लोगों को सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में जागरूक किया जा सके और वे सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें। इन उपायों को लागू करके, जीटी रोड पर सड़क सुरक्षा में सुधार व हादसों की संख्या अब यहां कम हो जाएगी । उन्होंने समाधान होने पर एसडीएम का आभार व्यक्त किया।

**शिकायत मिलने पर प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई करने के लिए कदम उठाया :** एसडीएम एसडीएम प्रवेश कादियान ने बताया कि सड़क सुरक्षा की शिकायत मिलने पर प्रशासन अलर्ट है और तुरंत कार्रवाई करने के लिए कदम उठा रहा है। प्रशासन का उद्देश्य सड़क सुरक्षा में सुधार करना और हादसों को रोकना है।

# लायंस क्लब गन्नौर गौरव की प्रधान बनी भावना जगया , सचिव विक्रांत हांडा का किया स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर। लायंस** क्लब गन्नौर गौरव की बैठक जीटी रोड स्थित एक रेस्टोरेंट मे क्लब के पदाधिकारी अंकित मल्होत्रा की अध्यक्षता में हुई । जिसमें सर्वसम्मति से क्लब की वर्ष 2025-26 के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से घोषित कार्यकारणी में लायंस क्लब गौरव की प्रधान भावना जगया को, सचिव विक्रांत हांडा, कोषाध्यक्ष शशा वेदी, परियोजना अध्यक्ष तरुण चुग, उप प्रधान मीनू हांडा को बनाया गया । क्लब की नवनियुक्त अध्यक्ष भावना जगया ने आगामी वर्ष के सेवा प्रकल्पों की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। क्लब की प्रधान भावना जगया ने बताया कि क्लब द्वारारक्तदान शिविर ,आई चेकअप कैंप, सर्दियों में जूते, जर्सी, कंबल



वितरण, सिलाई मशीन वितरण, पौधारोपण, वृद्धाश्रम सेवा, स्वास्थ्य जांच शिविर, अन्य समाजसेवी कार्य किए जाएंगे। नवनियुक्त क्लब प्रधान भावना जगया ने विश्वास दिलाया कि लायंस क्लब गन्नौर गौरव जरूरतमंदों की सहायता हेतु हरसंभव प्रयास करेगा और सेवा के कार्यों में निष्ठा से जुटा रहेगा। इस मौके पर क्लब के मुख्य संरक्षक हरीश वाधवा , शालू वाधवा, नीरज जगया, चारु चांदना, डिंपी मल्होत्रा, गीता चुग, अंकुर वेदी, जतिन वेदी , मीनू हांडा सहित अनेक सदस्यगण उपस्थित रहे।

## न्यूज फ्लैश

### फर्जी दस्तावेज के आधार पर छह किसानों को दिया 26.50 लाख का लोन

**पुन्हाना मनीष आहूजा /टीम एक्शन इंडिया**

गुड़गांव सेंट्रल कॉपरेटिव बैंक पुन्हाना में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर अयोग्य किसानों को लोन देने का मामला सामने आया है। बैंक कर्मियों की मिलीभगत से 6 अयोग्य किसानों को 26.50 लाख रुपये का लोन दिया गया। इस पूरे घोटाले में बैंक के तत्कालीन प्रबंधक व विकास अधिकारी को मुख्य भूमिका रही। पुन्हाना सिटी थाना पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर 6 अयोग्य किरानों, तत्कालीन बैंक प्रबंधक सहित विकास अधिकारी के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुन्हाना सिटी थाना पुलिस के मुताबिक फर्जी दस्तावेजों के आधार पर इन किसानों को दी गई राशि

आरोपियों के खिलाफ 6 अलग-अलग मुकदमे दर्ज किए गए हैं।

पुलिस के मुताबिक गुड़गांव सेंट्रल कॉपरेटिव बैंक में ग्रामीण क्षेत्र में किसानों की समृद्धि के लिए आरसीसी (रिवाल्विंग कैश क्रेडिट) के तहत लोन देने की योजना है। इसके तहत कम से कम एक एकड़ जमीन वाले किसान को एक लाख रुपये प्रति एकड़ लोन दिया जाना था। आरोप है कि बैंक के तत्कालीन बैंक प्रबंधक कासम खान व विकास अधिकारी लियाकत अली ने फर्जी दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कर 6 किसानों को 26.50 लाख रुपये का लोन कर दिया। जबकि उन किसानों के पास जमीन नहीं थी। इसके लिए जमीन के फर्जी दस्तावेज तैयार कराए गए और दोनों बैंक अधिकारियों ने दस्तावेजों की तस्दीक भी की। फर्जी दस्तावेजों के आधार पर कराए गए लोन का हेड ऑफिस में ऑडीटिंग के दौरान पता चला। कोर्ट के आदेश पर पुन्हाना सिटी थाना पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है।

पुलिस ने नहीं सुनी तो खटखटाया कोर्ट का दरवाजा फर्जी दस्तावेजों के आधार पर फर्जी किसानों का लोन कराने का मामला ऑडिटिंग के दौरान कुछ समय बाद ही पता चल गया था। इसके बाद बैंक प्रबंधन ने इसकी शिकायत तकरीबन साढ़े तीन वर्ष पहले नवंबर 2022 को पुन्हाना पुलिस को दी थी. लेकिन शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं हुई तो बैंक ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। अब कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की है।

फर्जी दस्तावेजों के आधार पर तत्कालीन बैंक प्रबंधक विकास अधिकारी ने विकटी गांव के मजीद पुत्र चाव खा को 3 लाख, जुम्मा पुत्र जलसिंह निवासी कलां को 5 लाख, आरिफ पुत्र सुभान खां निवासी ल हिंगा कलां को 5 लाख, इलियास पुत्र सहाबी निवासी शमशाबाद खुर्द को 4.50 लाख रुपये, आबिद पुत्र सुभान खां निवासी ल हिंगा कलों को 5 लाख व रती खां पुत्र राय खां निवासी टूडलाका को 4 लाख रुपये को लोन दिया।

जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। कोर्ट के आदेश पर 6 अलग-अलग मुकदमे दर्ज किए है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। भरत सिंह, सिटी थाना प्रभारी पुन्हाना।

### उमस भरी गर्मी में गुल हो रही बिजली ने उड़ाई रातों की नींद लोड बढ़ने से होता है फॉल्ट,

**पुन्हाना/टीम एक्शन इंडिया**

उमस भरी गर्मी के बीच बिजली कटौती ने लोगों को बेहाल कर दिया है। रात में बिजली गुल रहने से लोगों की नींद पूरी नहीं हो रही है। वहीं, बिजली की आंख मिचौलीं के कारण पेयजल की समस्या बढ़ती जा रही है। लोगों का कहना है कि जैसे ही गर्मी बढ़ती है बिजली विभाग की व्यवस्थाएं चरमरा जाती है। बता दें कि इन दिनों गर्मी के साथ मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है। ऐसे में बिजली की पर्याप्त उपलब्धता न होना लोगों के लिए एक बड़ी समस्या बनी हुई है।

शनिवार रात पूरे क्षेत्र में बिजली गांवों में पेयजल आपूर्ति बाधित बिजली की लाइन। पुन्हाना निवासी महेश कुमार, किशोरी, बुधराम, सतबीर, अभय सिंह, समय सिंह, दलबीर आदि ने कहा कि कई दिनों से बिजली की आंख मिचौली का खेल जारी है। इस कारण सप्लाई का पानी नहीं आ पा रहा है। वहीं, गर्मियों में लोड बढ़ने के कारण फॉल्ट आम बात है। इस कारण बिजली आपूर्ति बाधित रहती है। गर्मी और उमस ने बढ़ाई समस्या तापमान 36 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है, लेकिन गर्मी 42 डिग्री सेल्सियस जैसी महसूस हो रही है। लोगों का कहना है कि उमस भरी गर्मी में बिना बिजली के एक घंटा भी बहुत अधिक लगता है।

इस कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ा है। उमस भरी गर्मी और मच्छरों के कारण बहुत परेशानी का सामना करना पड़ा। पुन्हाना के 33 केवीए के सबस्टेशन में आए दिन समस्या आती रहती है। इस कारण लोगों को काफी परेशानी रहती है।लेकिन क्षेत्र में बिजली निगम के कर्मचारियों की लापरवाही से निगम में करोडों रुपये खर्च होने के बाद भी लंबे-लंबे बिजली कटों का सामना करना पड रहा है। जिसके चलते गांव ही नहीं बल्कि शहर में भी सरकार व बिजली निगम के दावे से उलट 8 से 10 घंटे ही बिजली मिल पा रही है। जिससे लोगों में सरकार व निगम के प्रति भारी रोष है।

# डॉ. अनिल कुलश्रेष्ठ बने कुरुक्षेत्र श्री चित्रगुप्त परिवार के प्रधान

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** कायस्थ सभा कुरुक्षेत्र के सदस्यों द्वारा गीता धाम कुरुक्षेत्र के प्रांगण में मासिक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से श्रीमद्भगवद्गीता स्कूल के प्राचार्य डॉ. अनिल कुलश्रेष्ठ को कुरुक्षेत्र चित्रगुप्त परिवार का प्रधान चुना गया। इस अवसर पर डॉ. अनिल कुलश्रेष्ठ ने कायस्थ सभा के सदस्यों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि इन बैठकों के आयोजन से कायस्थ बिरादरी के लोगों में आपस में मेलजोल बढ़ता है। वे कायस्थ बिरादरी के उत्थान व बिरादरी के लोगों को ज्यादा से ज्यादा कायस्थ सभा से



जोड़ने की दिशा में कार्य करेंगे। इस बैठक में श्री चित्रगुप्त परिवार का संरक्षक डॉ. प्रेम भटनागर व डॉ. अशोक सक्सेना को बनाया गया। सह उप-प्रधान प्रद्युम्न भटनागर, महासचिव देस राज भटनागर, कोषाध्यक्ष राजेश भटनागर, प्रेस सचिव अमित भटनागर, संयुक्त सचिव मांगेराम भटनागर, सह-सचिव प्रेम कुमार शुक्ला व प्रचार सचिव के पद पर संत कुमार व एडिटर विजय कुमार भटनागर को चुना गया है। इसके साथ ही कार्यकारिणी सदस्य के रूप में सत्य प्रकाश भटनागर, मीरा भटनागर, साधना भटनागर, डॉ. अनीता भटनागर, अरविंद कुमार श्रीवास्तव, ममता भटनागर, बबीता कुलश्रेष्ठ, वीके भटनागर, राजकुमार भटनागर, संजय भटनागर, तरूण भटनागर, दीपू भटनागर व कमलेश श्रीवास्तव को चुना गया है। बैठक में प्रस्ताव पारित किया गया कि प्रत्येक माह के पहले रविवार को सभा की बैठक का आयोजन किया जाएगा तथा मासिक सदस्यता शुल्क 200 रुपए प्रतिमाह होगा। इसके साथ ही सदस्यता बढ़ाने तथा एक दूसरे के सुख दुख में सभा के सदस्यों द्वारा भागीदारी करने पर निर्णय लिया।

# बरसात के बाद खाद - बीज की दुकानों पर लगी भीड़

**टीम एक्शन इंडिया**

नूंह जिले में झमाझम बारिश होते ही खाद - बीज की दुकानों पर धरतीपुत्र किसानों की भारी भीड़ जुटी हुई है। किसान ज्वार, बाजरा, ढेंचा, ग्वार इत्यादि फसलों का बीज खरीद कर जल्द से जल्द अपने खेतों की जुताई व बिजाई में जुटा हुआ है। जैसे ही ताबड़तोड़ बारिश हुई किसानों के चेहरों पर रौनक लौट आई और दिन निकलते ही किसानों ने खाद व बीज की दुकानों की तरफ रुख कर लिया।

गोपाल पटेल किसान , फजरुद्दीन किसान ने कहा कि पिनगवां कस्बे में खाद की तकरीबन दर्जन भर दुकानें हैं। किसी भी दुकान पर भीड़ कम दिखाई नहीं दे रही है। किसान जल्द से जल्द बीज - खाद खरीद कर अपने खेतों में बिजाई करना चाहते हैं ताकि ज्वार, बाजरा इत्यादि की फसल का उत्पादन अच्छे प्रकार से हो सके। इस बार भीषण गर्मी के बाद बरसात देर से आई है, इसलिए किसान अब फसलों की बिजाई में ज्यादा समय खराब नहीं करना चाहता।

खास बात यह है कि किसी एक क्षेत्र में नहीं बल्कि जिले के सैकड़ों गांवों में इस बार एक साथ अच्छी बरसात रिकॉर्ड की गई है। इससे ना केवल किसानों के चेहरे खिल गए हैं बल्कि भीषण गर्मी से भी लोगों को निजात मिल गई है।

# अपने खेत से मिट्टी उठवा रहे किसान व उसके परिवार के साथ मारपीट

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर** । गुमड़ गांव के खेत से मिट्टी उठवा रहे एक किसान व उसके भाई और पिता के साथ खेत के पड़ोसी ने अपने भाई व दोस्तों के साथ मिल कर मारपीट कर दी। घायल किसान ने मामले की शिकायत गन्नौर थाना पुलिस को दी है।

शिकायत के अनुसार गुमड गांव निवासी नवीन अपने खेत से मिट्टी उठवा रहा है। वह 4 मई को खेत में गया। इस दौरान उनके गांव का मनोज भी अपने खेत में मौजूद था। उन दोनों के खेत का एक ही रास्ता लगता है। जब गाड़ी मिट्टी उठाने जा रही थी तो मनोज ने गाड़ी रुकवा कर खेत के रास्ते से गाड़ी की आवाजाही न करने की धमकी दी। इस पर जब उसने मनोज का विरोध किया तो मनोज ने उसे अपशब्द कहे और उसके साथ मारपीट की। मनोज ने मौके पर अपने भाई अनिल व साथियों को भी बुला लिया। इस बीच नवीन के पिता कप्तान व भाई प्रवीण भी मौके पर पहुंचे तो आरोपितों ने उसके पिता व भाई के साथ भी मारपीट कर उन्हें जान से मारने की धमकी दी। गन्नौर थाना पुलिस ने नवीन की शिकायत पर आरोपित मनोज, उसके भाई अनिल व दोस्तों के खिलाफ के दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# रुक्मिणी देवी पब्लिक स्कूल में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य में जागरूकता रैली निकाली

**टीम एक्शन इंडिया**

**राई** । रुक्मिणी देवी पब्लिक स्कूल में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य में जागरूकता के लिए दसवीं, ग्यारहवीं व बारहवीं के छात्रों ने रैली निकाली। जिसमें उन्होंने युवाओं और समाज को तम्बाकू सेवन के हानिकारक प्रभावों के प्रति जागरूक किया। छात्रों ने " तम्बाकू छोड़ो, जीवन से नाता जोड़ो " आदि नारों के द्वारा जन-जन को तम्बाकू निषेध के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्?यालय के प्रधानाचार्य डॉ प्रवीन गुप्ता ने संबोधित करते हुए कहा कि




स्वस्थ जीवन की दिशा में पहला कदम तम्बाकू जैसी जानलेवा आदतों से दूरी बनाना है। वि?द्यालय के प्राचार्य ने सभी को तम्बाकू मुक्त समाज की दिशा में योगदान देने की शपथ दिलवाई और छात्रों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि रुक्मिणी देवी पब्लिक स्कूल ने एक बार फिर यह साबित किया कि वह न केवल शिक्षा बल्कि सामाजिक चेतना के क्षेत्र में भी अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

# घर से घूमने निकला व्यक्ति लापता

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर** । बादशाही रोड अनूप नगर में अपने घर से सुबह घूमने के लिए निकला युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। पत्नी ने मामले की सूचना थाना गन्नौर में दर्ज करवाई। बादशाही रोड अनूप नगर की रहने वाली रेखा ने बताया कि उसका पति गंगाराम 27 मई की सुबह घर से घूमने के लिए गया था, लेकिन वापिस नहीं लौटा। उसने अपने स्तर पर अपने पति का पता लगाने का भरपूर प्रयास किया, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। रेखा का आरोप है कि उसके पति को किसी व्यक्ति ने निजी फायदे के लिए बंधक बना लिया है।

# ऋषि चैतन्य आश्रम में लगे नेत्र शिविर में 260 लोगों की आंखों की हुई जांच

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।** जीटी रोड स्थित ऋषि चैतन्य आश्रम में रविवार को निश्शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर लगाया गया। शिविर में एम्स नई दिल्ली और मंथन आई केयर फाउंडेशन का सहयोग रहा। गुरुदेव आनंदमूर्ति गुरुमां के सानिध्य में हुए लगे इस शिविर का उद्घाटन विधायक देवेंद्र कादियान ने किया। इससे पहले उन्होंने आनंदमूर्ति गुरुमां से भेंट कर उनका आशीर्वाद भी प्राप्त किया। शिविर में 260 लोगों ने पंजीकरण कराया। एम्स के विशेषज्ञ डाक्टरों ने आंखों की जांच की। नजदीक की नजर कमजोर मिलने पर 68 लोगों



को मुफ्त चश्मे दिए गए। दूर दृष्टि के लिए 65 लोगों के चश्मे बुक किए गए। ये चश्मे 15 जून को वितरित किए जाएंगे। इनका पूरा खर्च ऋषि चैतन्य आश्रम उठाएगा। शिविर में 8 मरीजों को मोतियाबिंद के उपचार के लिए रेफर किया गया। इनमें से 4 को हाई बीपी और शुगर की समस्या भी मिली। 6 मरीजों को रेटिना जांच के लिए भेजा गया। 3 लोगों में ग्लूकोमा की आशंका पाई गई, जबकि 4 मरीजों को कार्निया क्लिनिक और 4 को लेंस क्लिनिक के लिए रेफर किया गया। इन सभी का इलाज पूरी तरह निश्शुल्क होगा। चिकित्सकों ने कहा कि लोग आंखों की देखभाल नहीं कर रहे हैं, जिससे उन्हें परेशानी हो रही है। विधायक देवेंद्र कादियान ने भी अपनी आंखों की जांच कराई। विधायक ने बताया कि शिविर का उद्देश्य लोगों को नेत्र रोगों के प्रति जागरूक करना और समय पर जांच और इलाज उपलब्ध कराना है। इस मौके पर मंथन आई फाउंडेशन के निदेशक बोधराज, प्रो. प्रवीन वशिष्ठ, डॉ. सुमित ग्रोवर, अंकित मल्होत्रा, तरुण चुघ और आकाश त्यागी मौजूद रहे।

# आनलाइन काम कर पैसे कमाने का लालच दे 94 हजार 400 रुपये ठगे

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर** । आनलाइन काम कर पैसे कमाने का लालच दे कर ठगों ने एक व्यक्ति से 94 हजार 400 रुपये ठग लिए। पीड़ित ने अपने साथ हुई ठगी की शिकायत बड़ी थाना में दी है। शिकायत में गांव बड़ी के रहने वाले अक्षय ने बताया कि वह बड़ी औद्योगिक क्षेत्र स्थित फैक्ट्री में सुपरवाईजर के पद पर कार्यरत है। वह 24 अप्रैल को फैक्ट्री में काम कर रहा था। इस दौरान उसके टेलीग्राम एप्लिकेशन पर मैसेज आया। जिसमें लिखा था कि आनलाइन काम करके पैसे कमाओ। फिर एक व्यक्ति ने उन्हें टेलीग्राम पर मैसेज भेजे और उसे टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ दिया। उससे काम करवा कर उसके खाते में ठग ने 200 रुपये ट्रांसफर कर दिए। जिस कारण उसे लालच आया और वह ठगों के झांसे में फस गया। उसने ठग के कहने पर एक बार एक हजार रुपये, दूसरी बार 7 हजार, तीसरी बार 13 हजार 900 व चौथी बार मे 72 हजार 500 रुपये ट्रांसफर किये। उसने ठगों के झांसे में आकर 4 बार में अलग-अलग खाते में करीब 94 हजार 400 रुपये ट्रांसफर कर दिए। बड़ी थाना पुलिस ने शिकायत पर ठगी का केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# गढ़ी झझारा रोड पर नालों की सफाई न होने से ओवरफ्लो नालों के कारण लोगों को परेशानी

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर** । शहर की गढ़ी झझारा रोड पर नालों की सफाई न होने से ओवरफ्लो हुए नालों के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों ने नगर पालिका से नालों की सफाई की मांग की है। स्थानीय वासी महेंद्र, विकास, नरेंद्र ,सुरेंद्र ने बताया कि नालों की सफाई नियमित रूप से नहीं की जाती है, जिससे उनमें कचरा और गाद जमा हो जाता है। वहीं कुछ लोगों द्वारा नाले के ऊपर रैंप बनाए जाने के कारण बिनाले की ठीक तरह से सफाई नहीं हो पाती है। नालों पर अनधिकृत निर्माण होने से उनकी सफाई और रखरखाव में समस्या आती है। नालों की सफाई



न होने से ओवरफ्लो हुए नाले एक गंभीर समस्या है। नगर पालिका को इसका समाधान करना चाहिए। उन्होंने बताया कि नालों की सफाई न होने के कारण मच्छरों की भरमार व बदबू आने के कारण भी लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि बरसात होने पर गली में पानी भर जाता है कई बार तो आवागमन में भी दिक्कत आती है। बरसात का समय आने वाला है अगर नगर पालिका द्वारा नालों की बेहतर ढंग से सफाई नहीं कराई गई तो गली के लोगों को आगमन में परेशानी का सामना करना पड़ेगा। इस समस्या को लेकर नगर पालिका के सचिव प्रदीप ने बताया कि उनके पास अभी तक कोई शिकायत नहीं आई है।

अगर सफाई न होने की समस्या है तो वे मौका निरीक्षण करवाकर उनकी सफाई करवाएंगे।

# काली सिंह बाबा चैरिटेबल ट्रस्ट ने लगाया रक्तदान शिविर

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** सिविल अस्पताल पानीपत के ब्लड बैक व काली सिंह बाबा चैरिटेबल ट्रस्ट जलालपुर प्रथम के सहयोग से काली सिहं बाबा धाम पर रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 85 यूनिट रक्त इक्ठा किया गया। काली सिंह बाबा चैरिटेबल ट्रस्ट जलालपुर प्रथम के फॉऊडर नवीन रावल ने रक्तदान शिविर का शुभारम्भ करते हुए कहा कि लोगों द्वारा रक्त दान करने से दिल की सेहत में सुधार, दिल की बीमारियों और स्ट्रोक के खतरे को कम माना जाता है। खून में आयरन की ज्यादा मात्रा दिल के दौरे के खतरे को बढ़ा सकती है। नियमित रूप से रक्तदान करने से आयरन की अतिरिक्त मात्रा नियंत्रित हो जाती है। जो दिल की सेहत के लिए अच्छी है। उन्होंने बताया कि कई बार मरीजों के शरीर में खून की मात्रा इतनी कम हो जाती है कि उन्हें किसी और व्यक्ति से ब्लड लेने की आवश्यकता पड़ जाती है। ऐसी ही इमरजेंसी स्थिति में खून की आपूर्ति के लिए लोगों को रक्तदान करने के लिए आगे आना चाहिए। इससे जरुरत मंद की मदद हो सकेगी। उन्होने बताया कि ट्रस्ट द्वारा समय-समय पर समाज हित में कार्य किए जा रहे है।

# असलम खान प्रधान व जयसिंह चौहान बने नूहं डिपो सचिवः जयकुंवार दहिया

**टीम एक्शन इंडिया**

**नूंह मेवात (लियाकत अली ):** हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन रंजी0 न0 1 (संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा)डिपो कमेटी का चुनाव पुर्व प्रधान जयसिंह चौहान की अध्यक्षता में संपन्न हुआ प्रक्रिया संचालन राज्य उपप्रधान जयकुंवार दहिया ने किया। नूंह डिपो में हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन की डिपो में नव निर्वाचित कमेटी की चुनाव प्रक्रिया के चुनाव पर्यवेक्षक आल इंडिया रोड ट्रांसपोर्ट वर्कर्स फैडरेशन के नेता राम आसरे यादव, जयकुंवार दहिया, विरेन्द्र



फरीदाबाद एवं सर्व कर्मचारी संघ के नूहं जिला प्रधान योगेंद्र सिंह की देखरेख में सर्व समिती से संपन्न हुआ।डिपो मे असलम खान चालक को प्रधान, मोहमद अंसारी हैलपर मकैनिक को उपप्रधान, जयसिंह चौहान यार्ड को सचिव, फकरूदिन हैलपर कौशल को सहसचिव यूनिश खान परिचालक को कौषाधयक्ष एवं विक्रम सिंह परिचालक को ऑडिटर चुना गया।

# धीरपुर वार्डः सूरज नगर में नई सड़कों का हुआ उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** धीरपुर वार्ड के सूरज नगर की तीनों मुख्य सड़कों के नवनिर्माण कार्य का विधिवत तरीके से उद्घाटन किया गया। इस मौके पर आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजकुमार भाटिया, निगम पार्षद नेहा प्रदीप अग्रवाल और पूर्व विधायक पवन शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। यह कार्य पिछली आम आदमी पार्टी सरकार के प्रयासों से अनुसूचित जाति एवं जनजाति आयोग के फंड से दिल्ली नगर निगम द्वारा कराया गया। इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए लगभग 2.5 से 3 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया था और अब यह कार्य पूर्णता की ओर है। इस उद्घाटन के अवसर पर पूर्व विधायक पवन शर्मा को विशेष रूप से धन्यवाद दिया गया, क्योंकि उनके प्रयासों से यह फंड स्वीकृत हुआ था। इस विकास कार्य से क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर यातायात सुविधा मिलेगी और उनके दैनिक जीवन में सुगमता आएगी। उद्घाटन समारोह में उपस्थित जनों ने इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।





इस अवसर पर निगम पार्षद नेहा अग्रवाल ने क्षेत्र के निवासियों को आश्वस्त किया कि वार्ड-14 धीरपुर में विकास कार्यों की गति बनी रहेगी। और क्षेत्र के हित में नई परियोजनाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि धीरपुर के विकास कार्यों के लिए फंड की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी और आने वाले समय में भी इसी तरह की योजनाएँ क्रियान्वित की जाएगी। इस अवसर पर क्षेत्र के कई आरडब्ल्यूए के पदाधिकारी एवं कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। जिसमें प्रमुख रूप से सुभाष बंसल, जगमोहन गोयल, अजय गुप्ता बॉबी, कपूर दहिया, पवन अग्रवाल, राजवीर सिंह, ओम प्रकाश, श्री गैरी और समारोह में आम आदमी पार्टी के कई वरिष्ठ पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। जिनमें वार्ड-14 (धीरपुर) के अध्यक्ष दिनेश तंवर, संगठन मंत्री अनिल रतन मोंटी, विधानसभा की महिला अध्यक्ष प्रीति राजपूत, पार्षद प्रतिनिधि मनप्रीत सिंह, युवा नेता शाहरुख और अनुभव शर्मा, आजादपुर के मंडल प्रभारी राकेश, तथा अन्य गणमान्य सदस्य शामिल थे।

सभी ने इस महत्वपूर्ण परियोजना को क्षेत्र के विकास में एक नया अध्याय बताया और नागरिकों को इस पहल से होने वाले लाभों पर चर्चा की। इस मौके पर उपस्थित नेताओं और स्थानीय नागरिकों ने भविष्य में भी इसी तरह की सामुदायिक विकास योजनाओं को प्राथमिकता देने का संकल्प लिया।

आम आदमी पार्टी सरकार क्षेत्र के विकास के लिए लगातार कार्यरत रहेगी और नागरिकों के हित में नई परियोजनाओं को गति देती रहेगी।

## 'सरदार वल्लभ भाई अस्पताल व पटेल नगर पुलिस के खिलाफ जंतर मंतर पर करेंगे प्रदर्शन'

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः पटेल नगर** स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल अस्पताल में अस्पताल के स्टाफ डॉक्टर्स, हाउसकीपिंग और सिक्योरिटी गाड्र्स के कर्मचारियों द्वारा मारपीट का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है जिसमें तीन युवकों रूप सिंह गुसांई, शेखर, दीपक खत्री के साथ हुई बेरहमी से हुई बर्बरता पूर्ण मार-पिटाई के इसी मुद्दे को लेकर नेशनल अकाली दल के अध्यक्ष परमजीत सिंह पम्मा ने कहा कि बड़े ही दुख की बात है, 22 मई की घटना को लेकर सप्ताह से ऊपर हो गया है मगर पटेल नगर पुलिस थाना की ओर से दोषियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई ना ही कोई एफआईआर दर्ज की गई"। ऐसा लगता है पुलिस व हॉस्पिटल की मिली भगत से दोषियों को बचाने की कोशिश हो रही है। पम्मा ने कहा इसको लेकर नेशनल अकाली दल व विभिन्न सामाजिक संगठन सरदार वल्लभ भाई अस्पताल व पटेल नगर पुलिस के खिलाफ जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करेंगे।



इस अवसर पर रूप सिंह गुसांई ने बताया व अस्पताल में किसी का इलाज कराने गए थे जिस पर कहा-सुनी होने के बाद अस्पताल के कर्मचारियों व डॉक्टरों ने उन्हें कमरे में बंद कर बेल्टों, लात-घूंसों, डंडो से बहुत मारा, जो की बहुत निंदनीय है। तीनों युवकों को गंभीर चोटे भी आई है मगर पुलिस हॉस्पिटल के दोषी कर्मचारियों के खिलाफ कोई भी कार्रवाई करने को तैयार नहीं है।

## दिल्ली सरकार के इंडस्ट्रीज डिपार्टमेंट ने हथकरघा छात्रों के प्रशिक्षण के लिए पांच गुना स्टाइपेंड बढ़ाने की घोषणा की

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी के दूरदर्शी मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में उद्योग मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा के निदेर्शानुसार पारंपरिक हैंडलूम के क्षेत्र में युवाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से एक प्रमुख नीति प्रस्ताव में, दिल्ली सरकार ने हथकरघा संवर्धन योजना के तहत इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ हैंडलूम टेक्नोलॉजी, जोधपुर में हथकरघा प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले छात्रों को प्रदान की जाने वाली वित्तीय सहायता में उचित वृद्धि की सिफारिश की है। प्रस्ताव में छात्र



सहायता के दो प्रमुख घटकों में वृद्धि की गई है। एडिशनल स्टेट स्टाइपेंड के तहत पहले, दूसरे और तीसरे वर्ष के छात्रों के प्रशिक्षण के लिए मौजूदा 400 प्रति माह से बढ़ाकर 2000 प्रति माह करने का प्रस्ताव है। दूसरे शैक्षिक पुस्तक/भ्रमण भत्ताः दूसरे और तीसरे वर्ष के छात्रों के लिए प्रति वर्ष1000 से बढ़ाकर 5000 प्रति छात्र करने का प्रस्ताव है। वित्तीय सहायता की बढ़ी हुई दरें शैक्षणिक सत्र 2025-26 से लागू हो रहा है, जैसा कि वर्तमान दरें 2009-10 से नहीं बढ़ाई गई हैं , लगभग 15 वर्षों से इसमें कोई वृद्धि नहीं की गई है तब से कोई संशोधन नहीं किया गया है। समय के साथ, अध्ययन सामग्री, तकनीकी पुस्तकों और टूर के माध्यम से शैक्षिक प्रदर्शन की लागत में काफी वृद्धि हुई है, जिससे यह वृद्धि आवश्यक हो गई है। यह हमारे युवाओं और भारतीय हथकरघा की प्राचीन विरासत में एक रणनीतिक निवेश है। यह केवल वित्तीय सहायता में वृद्धि नहीं है, बल्कि हमारे भविष्य के कारीगरों की नींव को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने आगे कहा, "यहां तक कि एक मामूली सहयोग भी, जब दूरदृष्टि और सोच-समझकर प्रदान किया जाए, तो यह छात्रों को सम्मानपूर्वक अपना प्रशिक्षण पूरा करने और पारंपरिक शिल्प के पुनरुद्धार एवं आधुनिकीकरण में सक्रिय भूमिका निभाने में सक्षम बना सकता है।



जिला कार्यालय पर भाजपा जिला अल्पसंख्यक मोर्चा की बैठक के दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष रोशन कंसल, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष मोहम्मद बिलाल व अन्य भाजपा कार्यकर्ता।

## गरीब और जरूरतमंदों की सभी करें मददः इन्द्रजीत मुखी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** आजादपुर मंडल भाजपा के अध्यक्ष इन्द्रजीत मुखी ने बताया कि सेवा से बड़ा कोई कार्य नहीं होता है, इसलिए सभी को समाजसेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और जरूरतमंद व निर्धन तबके की सहायता करनी चाहिए। एक अन्य सवाल के जवाब में श्री मुखी ने कहा कि रक्तदान महादान होता है, इसलिए सभी को रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि रक्तदान करने से शरीर में किसी भी प्रकार की कमजोरी नहीं आती है। इसलिए सभी रक्तदान करें और दूसरों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करें। मंडल अध्यक्ष मिस्टर मुखी ने आगे बताया कि रक्तदान के महत्व का हमें तब पता चलता है कि जब कोई हमारा रक्त की कमी से जूझ रहा होता है और उसे समय पर रक्त नहीं मिल पाता है। इसलिए सभी रक्तदान अवश्य ही करें।





मलेरिया इंस्पेक्टर रोहतास के सेवानिवृत्ति कार्यक्रम के दौरान वजीरपुर वार्ड की निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी व अन्य गणमान्य लोग।

## सभी को करना चाहिए पौधारोपणः साहिल वासन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** बादली विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता साहिल वासन ने बताया कि सभी को पौधारोपण करना चाहिए। क्योंकि पेड़-पौधों का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। इसलिए सभी पौधारोपण करें और दूसरों को भी पौधारोपण करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने आगे बताया कि पेड़-पौधों से जहां एक ओर हमें ऑक्सीजन मिलती है, वहीं इससे हमें फल, फूल, छाया और कई प्रकार की औषधियां भी प्राप्त होती है, इसलिए सभी पौधारोपण जरूर करें। उन्होंने आगे बताया कि अपने जन्मदिन व सालगिरह पर एक पौधा अवश्य ही लगाये और उस पौधे की रक्षा परिवार की तरह करें। एक अन्य सवाल के जवाब में श्री वासन ने कहा कि पौधारोपण केवल वन विभाग का ही कार्य नहीं है, यह हम सभी की भी जिम्मेवारी है कि हम पेड़-पौधे लगाये और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें जो बहुत ही ज्यादा जरूरी है।



## भाजपा निगम लाईसेंस की आड़ में शहरीकृत गांवों में अवैध वसूली कर रही है, शहरीकृत गांवों में सीलिंग का खतरा मंडरा रहा हैः देवेन्द्र यादव

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः दिल्ली प्रदेश** कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि दिल्ली में भाजपा की तीसरी इंजन की दिल्ली नगर निगम सरकार की निरंकुशता के कारण शहरीकृत गांवों में लघु उद्योगों को चलाने के लिए लाईसेंस के नोटिस भेजे जा रहे है और नोटिस की आड़ में लाईसेंस फीस से कहीं अधिक जबरन उगाही का धंधा चल रहा है। भाजपा 27 साल पहले भी सरकार में रहते हुए शहरीकृत गांव में लाईसेंस राज से परेशान करती थी और अब सत्ता में आते शहरीकृत गांवों में चलने वाले छोटे उघोंगों पर लाईसेंस की आड़ में सीलिंग का खतरा मंडरा रहा है।

देवेन्द्र यादव ने कहा कि आम आदमी पार्टी हो या भाजपा की सरकार गांवों की दोनो सरकारों ने उपेक्षा ही की है। पिछले 12 सालों से दिल्ली देहात के गांवों की समस्याएं जस की तस है। गांवों में विकास के काम पूरी तरह ठप हो चुके है, यहां पानी निकासी तक की सुविधा नही है। उन्होंने कहा कि सरकारों ने इन्हीं गांव के लोगों से कौड़ियों के दामों में भूमि अधिग्रहण की थी,



दिल्ली के गांवों की जमीनें सरकार ने बेहद कम दामों में अधिग्रहित कर लीं, लेकिन लाल डोरे की सीमाओं के भीतर ग्रामीणों को अपने व्यवसाय और रोजगार जारी रखने की राहत दी गई थी। छोटा मोटा कारोबार चलाकर अपनी अजीविका चलाने वाले गांव वालों को लाईसेंस की आड़ में परेशान किया जा रहा है। उन्हांने कहा कि वर्षों से शहरीकृत गांव में लोग अपना छोटा मोटा कारोबार चला रहे है, तय फीस के साथ लाईसेंस लेने की बात स्वीकार्य है लेकिन लाईसेंस की आड़ में जबरन वसूली भाजपा की अनैतिकता और निगम अधिकारियों पर अनियंत्रण को दशार्ता है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि पिछली आम आदमी पार्टी की सरकार ने जहां गांवों के विकास की 318 परियोजना को चुनावी हथकंडा बनाकर झूठा प्रचार किया था, इसी तरह भाजपा की रेखा गुप्ता सरकार ने चुनावों में शहरीकृत गांव वालों की बाते तो की थी परंतु अब शहरीकृत गांव में लाईसेंस की आड़ में सीलिंग का डर सता रहा है। भाजपा सरकार ने झुग्गीवालों को वही बसाने का वादा किया था। क्या भाजपा झुग्गीवालों को उजाड़कर और गांवों को बर्बाद करके विकसित दिल्ली का निर्माण करना चाहती है।

देवेन्द्र यादव ने कहा कि राशन कार्ड बंद होने से लेकर 20 सूत्री कार्यक्रम के अंतर्गत दिए गए प्लाटों के मालिकाना हक से लेकर लैंड पूलिंग तक मामले में जहां पिछली सरकार पूरी तरह विफल रही है और गांव को दी जाने वाली सुविधाएं भी अघोषित रूप से बंद पडी है। वहीं रेखा गुप्ता सरकार भी गांवों में सुधार के लिए कुछ नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि गांवों में हाउस टैक्स लगाने और ट्यूबवेल के कनेक्शन देने व गांव में थ्री फेस कनेक्शन देने पर भी प्रतिबंध लगाने वाली सरकार गांवों में विकास की बात करके उन्हें गुमराह कर रही है।

## आंधी में पोल गिरने से किशोरी घायल, बाजार में मची अफरा-तफरी

**नई दिल्ली/हापुडः रविवार शाम तेज** आंधी के कारण दिल्ली रोड स्थित रामलीला मैदान में स्ट्रीट लाइट का पोल गिर गया। इस दौरान रामलीला मैदान में साप्ताहिक बाजार लग रहा था। पोल गिरने से 17 वर्षीय किशोरी उसके नीचे दब गई। वह गंभीर रूप से घायल हो गई। आनन-फानन में लोगों ने किशोरी को गंभीर हालत में नगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसका उपचार चल रहा है। परिजनों के अनुसार वह साप्ताहिक बाजार में खरीदारी करने आई थी और सामान खरीदकर वापस लौट रही थी। रामलीला मैदान में सप्ताह के प्रत्येक रविवार को साप्ताहिक बाजार लगता है। मोहल्ला गंगापुरा निवासी वर्षा पिछले कुछ समय से अपने परिवार के साथ मोहल्ला लज्जापुरी गली नंबर 4 में रह रही है। रविवार शाम वर्षा साप्ताहिक बाजार में सामान की खरीदारी करने आई थी। खरीदारी करने के बाद वह घर लौट रही थी। इसी बीच तेज आंधी आने लगी और रामलीला मैदान में लगा नगर पालिका का छह बत्ती का स्ट्रीट लाइट का पोल अचानक गिर गया।



## दिल्ली में इसी महीने शुरू हो सकते हैं 63 आयुष्मान आरोग्य मंदिर

**नई दिल्ली। राजधानी में** स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए मौजूदा दिल्ली सरकार का मुख्य फोकस आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएमजेएवाई) और शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर विकसित करने पर रहा है, लेकिन अब तक आयुष्मान आरोग्य मंदिर शुरू नहीं हो पाए हैं। इसी महीने 63 आयुष्मान आरोग्य मंदिर शुरू हो सकते हैं। प्रधानमंत्री आयुष्मान स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन (पीएम-एबीएचआईएम) के तहत दिल्ली में 2406 करोड़ की लागत से 1139 आयुष्मान आरोग्य मंदिर विकसित किए जाने हैं। इसके तहत दिल्ली सरकार और नगर निगम की डिस्पेंसरियों और मोहल्ला क्लीनिकों में सुविधाएं बढ़ाकर उन्हें आयुष्मान आरोग्य मंदिर में तब्दील किया जाना है। इसके लिए दिल्ली सरकार ने अब तक 964 जगहों की तलाश की है। पिछले महीने 70 आयुष्मान आरोग्य मंदिर शुरू करने की बात कही गई थी, लेकिन ऐसा नहीं हो सका।






मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र में दुर्गा माता मंदिर से लेकर शहीद भगत सिंह चौक तक सड़क निर्माण कार्यों का शुभारंभ करते हुए विधायक अशोक गोयल देवराहा, निगम पार्षद सुशील जोंटी व अन्य गणमान्य लोग।

# फाइनल में पहुंचने से एक कदम दूर पंजाब और मुंबई, चहल करेंगे वापसी?

**अहमदाबाद :** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ क्वालिफायर-1 मुकाबले में मिली हार की निराशा को पीछे छोड़कर पंजाब किंग्स की नजरें वापसी पर टिकी होंगी। दूसरी ओर, खिताब की प्रबल दावेदार गुजरात टाइटंस को एलिमिनेटर में हराने वाली मुंबई इंडियंस की टीम बढ़े हुए मनोबल के साथ क्वालिफायर-2 में उतरेगी। पंजाब और मुंबई की टीमें फाइनल में पहुंचने से एक कदम दूर हैं। पंजाब को ग्रुप चरण में शीर्ष पर रहने के कारण फाइनल में पहुंचने का दूसरा मौका मिला है। पंजाब और मुंबई दोनों के लिए ये सेमीफाइनल मुकाबले की तरह है। मुंबई ने भले ही गुजरात टाइटंस के खिलाफ एलिमिनेटर मुकाबले में हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन उन्हें खिताबी मुकाबले में पहुंचने के लिए पंजाब को हराना होगा। दूसरी तरफ, पंजाब के लिए भी मुंबई को हराना कठिन चुनौती होगी।

**पंजाब को करनी होगी वापसी**

आरसीबी के खिलाफ करारी हार के बाद पंजाब का आत्मविश्वास कम हुआ होगा, लेकिन पंजाब किंग्स को अगर पहली बार चैंपियन बनना है तो उसे इस मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। आरसीबी और पंजाब किंग्स की तुलना में मुंबई इंडियंस की टीम नॉकआउट चरण में जीत दर्ज करने का अधिक अनुभव रखती है। उसके मुख्य कोच माहेला जयवर्धने के सामने चुनौती अपनी टीम को संगठित रखने की होगी। श्रीलंका के पूर्व कप्तान ने हालांकि अभी तक यह भूमिका अच्छी तरह से निभाई है। पिछले सत्र में सबसे निचले पायदान पर रही मुंबई इंडियंस को प्लेऑफ में पहुंचाने में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पंजाब किंग्स में कप्तान श्रेयस अय्यर और मुख्य कोच रिकी पोंटिंग की जोड़ी के लिए चुनौती यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके खिलाड़ी पिछले मैच में मिली करारी हार को भूल जाएं और अपनी ऊर्जा को उन चुनौतियों से लड़ने में लगाएं जो विशेषकर गेंदबाजी विभाग में कुछ खिलाड़ियों के बाहर हो जाने से सामने आई हैं। इससे उसके मुख्य तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह पर अतिरिक्त दबाव बन रहा है।



## क्वालिफायर-1 जीतकर टीमें कब-कब बनीं चैंपियन; मुंबई ने 2013 और 2017 में ऐसा क्या किया जिससे

**अहमदाबाद:** आईपीएल 2025 का रोमांच अपने चरम पर पहुंच चुका है। आज क्वालिफायर-2 के मुकाबले में अहमदाबाद में पंजाब किंग्स का सामना मुंबई इंडियंस से होगा। यह मैच बेहद दिलचस्प रहने वाला है। इस मैच की विजेता टीम तीन जून को अहमदाबाद में ही होने वाले फाइनल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से भिड़ेगी। आरसीबी के पास पहली बार खिताब जीतने का मौका है। सारे समीकरण और संयोग भी आरसीबी के पक्ष में हैं। हालांकि, पांच बार की चैंपियन मुंबई की टीम आरसीबी का खेल बिगाड़ सकती है, लेकिन इसके लिए आज मुंबई को पंजाब से पार पाना होगा। आइए हम आपको बताते हैं कि अब तक आईपीएल में कितनी बार ऐसा हुआ है कि क्वालिफायर-1 जीतने वाली टीम ने खिताब पर कब्जा जमाया। क्या क्वालिफायर-दो जीतने वाली टीम कभी ऐसा कर सकी है? आइए जानते हैं... 14 में से 11 बार क्वालिफायर-1 जीतने वाली टीम चैंपियन बनी

# सिनर ने ग्रैंड स्लैम में लगातार 17वां मैच जीता

**पेरिस :** शीर्ष वरीयता प्राप्त यानिक सिनर ने फ्रेंच ओपन के तीसरे दौर में शनिवार को अपना दबदबा कायम करते हुए चेक गणराज्य के जिरी लेहेका को एकतरफा मुकाबले में 6-0, 6-1, 6-2 से शिकस्त दी। इटली के सिनर ने 23 साल के लेहेका को एक घंटे 34 मिनट में हराकर इस सत्र की सबसे तेज जीत दर्ज की। यह ग्रैंड स्लैम टूनार्मेंट में उनकी लगातार 17वीं जीत रही। इसके अलावा सर्बिया के दिग्गज नोवाक जोकोविच, जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव भी पुरुषों में चौथे दौर में जगह बनाने में कामयाब रहे। वहीं, महिला एकल में कोको गॉफ, मेडिसन कीज और आंद्रीवा भी अगले दौर में जगह बनाने में कामयाब रहीं। पाउला बडोसा को हालांकि, उलटफेर का शिकार होना पड़ा। सिनर ने विश्व रैंकिंग में 34वें स्थान पर काबिज खिलाड़ी पर जीत दर्ज करने के बाद कहा, 'हम सुधार करने की कोशिश करते हैं लेकिन इस परिणाम के बाद मुझे नहीं लगता कि ऐसी बहुत सी चीजें हैं जिनमें मैं सुधार कर सकता हूं।' पुरुष एकल में अन्य नतीजों में छठी वरीयता प्राप्त जोकोविच ने मिसोलिच को लगातार सेटों में 6-3, 6-4, 6-2 से हरा दिया।



कैमरन नॉरी ने जैकब फर्नले को 6-3, 7-6, 6-2 से हरा दिया। बुबलिक ने रोचा को 7-5, 6-1, 6-2 से हरा दिया। पांचवीं वरीयता प्राप्त जेक ड्रेपर ने फोनसेस्का को 6-2, 6-4, 6-2 से और तीसरी वरीयता प्राप्त ज्वेरेव ने कोबोली को 6-2, 7-6, 6-1 से हरा दिया। रुबलेव को वॉकओवर मिला क्योंकि फिल्स फिट नहीं थे। वहीं, महिलाओं में दूसरी वरीयता प्राप्त गॉफ ने बूजकोवा को 6-1, 7-6 से हरा दिया। सातवीं वरीयता प्राप्त मेडिसन कीज ने सोफिया केनिन 4-6, 6-3, 7-5 से हरा दिया। बपतिस्ते ने बूजस को 7-6, 6-1 से हरा दिया। वहीं, एलेक्जेंड्रोवा ने कुदरमेतोवा को 6-2, 6-2 से हरा दिया। बोयसन ने जेकमोट को 6-3, 0-6, 7-5 से हरा दिया। वहीं, तीसरी वरीयता प्राप्त पेगुला को वोंद्रोसोवा को 6-3, 4-6, 6-2 से हरा दिया। छठी वरीयता प्राप्त आंद्रीवा ने पुतिनसेवा को 6-3, 6-1 से हराया। वहीं, 10वीं वरीयता प्राप्त बडोसा को 17वीं वरयीता प्राप्त कसातकिना ने 6-1, 7-5 से हरा दिया।

**बालाजी और रेयेस-वारेला फ्रेंच ओपन से बाहर**

भारत के एन श्रीराम बालाजी और मैक्सिको के उनके जोड़ीदार मिगुएल रेयेस-वारेला का फ्रेंच ओपन टेनिस ग्रैंडस्लैम में सफर शनिवार को यहां इटली के चौथी वरीयता प्राप्त सिमोन बोलेली और एंड्रिया वावस्सोरी की जोड़ी से दूसरे दौर में मिली हार के साथ समाप्त हो गया। बालाजी और

# एनटीपीसी बरमाणा के खिलाड़ियों ने नेशनल रोइंग चैंपियनशिप में एक स्वर्ण और दो कांस्य पदक जीते

**बिलासपुर।** साई जल क्रीड़ा केंद्र एनटीपीसी बरमाणा के खिलाड़ियों ने सब जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप में एक स्वर्ण और दो कांस्य पदक जीते। 27 मई से 31 मई तक हुई चैंपियनशिप के डबल स्कल्स 500 मीटर दौड़ में किन्नौर के पोंडी की अर्चिता नेगी और कुल्लू की धार की श्रेया ठाकुर की जोड़ी ने स्वर्ण पदक जीता। क्वाड्रपल स्कल्स 500 मीटर में अर्चिता नेगी, श्रेया ठाकुर और कुल्लू के खरेरी निवासी जुड़वां बहनें तनिष्का ठाकुर और अनामिका ठाकुर की टीम ने कांस्य पदक जीता। पेयर 500 मीटर में ऊना की पारिशा डडवाल और रोहड़ू की चाहत ने कांस्य पदक जीता। बिलासपुर की खुशी चंदेल ने भी प्रतियोगिता में भाग लिया। केंद्र के प्रभारी विजय नेगी ने सफलता का श्रेय कोच संजीव सिंह और मनीषा के मार्गदर्शन को दिया।

**यूपी ने जेएंडके और तमिलनाडु को हराया**

हिमाचल प्रदेश टेनिस बाल क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से नगरोटा बगवां में पूर्व मंत्री जीएस बाली की स्मृति में अखिल भारतीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ विधायक आरएस बाली ने किया। प्रतियोगिता में 16 राज्यों से 28 टीमें भाग ले रही हैं। इनमें पुरुष वर्ग की 20 और महिला वर्ग की 8 टीमें शामिल हैं। प्रतियोगिता में 8-8 ओवर के मैचों को 30 यार्ड



की परिधि में खेला जा रहा है। एसोसिएशन के सचिव लोकेश शर्मा और आयोजन चेयरमैन एसडीएम मनीष शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में सीनियर एवं जूनियर वर्ग की टीमें भाग ले रही हैं। शनिवार को खेले गए मैचों में गर्ल्स सीनियर वर्ग में उत्तर प्रदेश ने जम्मू-कश्मीर और तमिलनाडु को हराकर दो मैच जीते। इसी वर्ग में हरियाणा ने जम्मू-कश्मीर को परास्त किया। गर्ल्स जूनियर वर्ग में गोआ ने कर्नाटक को मात दी। बॉयज सीनियर वर्ग में पुडुचेरी ने पूर्वांचल को हराया। बॉयज जूनियर वर्ग में गोआ ने महाराष्ट्र और दिल्ली को हराकर अगले राउंड में प्रवेश किया।

हमीरपुर, मंडी ओवरऑल चैंपियन आईटीआई पपलोग में आयोजित पांच दिवसीय 34वीं राज्य स्तरीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खेलकूद प्रतियोगिता (पुरुष वर्ग) में शिमला ओवरऑल चैंपियन बना। समापन समारोह में अतिरिक्त निदेशक तकनीकी शिक्षा नरेश कुमार वर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने विजेता टीमों को सम्मानित किया। प्रतियोगिता में ओवरऑल (खेल) चैंपियन ट्रॉफी हमीरपुर और मंडी को दी गई। वहीं ओवरऑल शिमला के नाम रही। इसके अतिरिक्त बास्केटबाल प्रतियोगिता में चंबा विजेता जबकि हमीरपुर उपविजेता रहा। वॉलीबाल में मंडी विजेता और बिलासपुर उपविजेता रहा। कबड्डी में हमीरपुर ने पहला और सोलन ने दूसरे स्थान हासिल किया। खो-खो में शिमला ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए पहले स्थान हासिल किया। सोलन दूसरे स्थान पर रहा। बैडमिंटन में कांगड़ा प्रथम और मंडी द्वितीय स्थान पर रहा। वहीं किन्नौर ने सर्वश्रेष्ठ मार्च पास्ट करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। मंडी दूसरे और शिमला ने तीसरा स्थान हासिल किया।

इस अवसर पर पर्यवेक्षक विजय कुमार, अशरफ अली, सुरेश शर्मा, रविंद्र सिंह बन्याल व टीम कोच, टीम मैनेजर व अन्य मौजूद रहे। प्रतियोगिता में 12 जिलों से लगभग 400 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया।

# पैरों ने नहीं दिया साथ, काशी की बेटी ने रचा इतिहास

**वाराणसी।** वाराणसी के मानस नगर एक्सटेंशन की रहने वाली सुमेधा पाठक ने अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतकर देश का मान बढ़ाया है। उन्होंने यह सफलता दक्षिण कोरिया में आयोजित वर्ल्ड पैरा निशानेबाजी में कांस्य पर निशाना साधा है। उनके पिता बृजेश कुमार पाठक ने बताया कि सुमेधा अबतक 10 मीटर शूटिंग में 15 पदक जीत चुकी है। सुमेधा को दसवीं तक उन्हें कोई दिक्कत नहीं थी। वह सामान्य छात्रों की तरह खेलती और पढ़ती थी। इसके बाद 10 मीटर एयर पिस्टल में अभ्यास शुरू किया। 2018 में प्री-स्टेट शूटिंग में स्वर्ण जीतकर शानदार जगह बनाई। स्टेट प्रतियोगिता के बाद मद्रास में जीवी मावलंकर प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता। 2021 में दूसरे पैरा नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। तीसरे और चौथे पैरा नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में तीन स्वर्ण जीत कर काशी का मान बढ़ाया। 2022 में फ्रांस के सेटूरेक्स वर्ल्ड कप और कोरिया में टीम स्पर्धा में रजत पदक जीता। 2023 में चीन में एशियन गेम्स की शूटिंग प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंची और सातवां स्थान हासिल किया। 10वीं की पढ़ाई के दौरान 2013 में सुमेधा बीमारी ने अटैक किया.

## क्रिकेटर रिंकू सिंह और सांसद प्रिया इस तारीख में करेंगे शादी



**वाराणसी :** जौनपुर की मछलीशहर लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी सांसद प्रिया सरोज की रिंग सेरेमनी 8 जून को लखनऊ में होगी। उनकी शादी भारतीय क्रिकेट टीम के उभरते सितारे रिंकू सिंह के साथ होनी है। शादी 18 नवंबर 2025 को वाराणसी के होटल ताज से होगी। इसमें क्रिकेट के सितारे, फिल्म जगत की हस्तियों और उद्योगपतियों का जमवाड़ा रहेगा। आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स की तरफ से खेलने वाले अलीगढ़ के रिंकू सिंह की शादी प्रिया से तय है। इसकी पुष्टि पहली बार सांसद बनीं प्रिया सरोज के पिता व केराकत विधानसभा सीट से सपा विधायक तूफानी सरोज ने की थी। विधायक ने कहा था कि अलीगढ़ में रिंकू के परिजनों से मुलाकात हुई थी। परिजन शादी के लिए राजी हैं। आईपीएल के बाद दोनों की शादी होगी। अब रिंग सेरेमनी और शादी की तारीख तय हो गई है। सपा विधायक के करीबियों के मुताबिक, शादी पारंपरिक रीति-रिवाज से होगी। इसमें देशभर प्रमुख राजनेता, क्रिकेटर, फिल्मी सितारे और समाजसेवी शामिल होंगे। यह रिश्ता दोनों परिवारों की सहमति और स्नेह से तय हुआ है। दोनों ने एक-दूसरे को समझने के लिए वक्त दिया और अब एक नई शुरूआत के लिए तैयार हैं। प्रिया सरोज पेशे से अधिवक्ता हैं। प्रिया और रिंकू एक दूसरे को पहले से जानते हैं। तूफानी सरोज ने बताया कि प्रिया की सहेली के पिता क्रिकेटर हैं। उनके जरिये ही रिंकू और प्रिया की जान-पहचान हुई थी। दोनों एक दूसरे को पहले से जानते हैं। दोनों का कहना था कि परिजनों की रजामंदी से शादी करेंगे। परिजनों के बीच भी सार्थक बातचीत हो गई। रिंकू सिंह का जन्म 12 अक्तूबर 1997 को अलीगढ़ के बेहद साधारण परिवार में हुआ। उनके पिता खानचंद्र गैस एजेंसी पर सिलिंडर वितरण का काम करते थे। उन्होंने खुद शुरूआत में सिलिंडर वितरण के काम में पिता का हाथ बंटाया और गरीबी से लड़ते हुए क्रिकेट के मैदान पर अपनी जगह बनाई। सबसे पहले डीपीएस के मैदान पर आयोजित इंटरनेशनल स्कूली विश्वकप में मैन ऑफ द सीरीज का खिताब जीतकर सुर्खियां बटोरीं।

## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने उरुग्वे को शूटआउट में हराया

नई दिल्ली। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने अर्जेंटीना के रोसारियो में चार देशों के टूनार्मेंट के अपने पांचवें मुकाबले में निर्धारित समय में 2-2 से ड्रॉ के बाद उरुग्वे के खिलाफ शूटआउट में 3-1 से जीत हासिल की। मुकाबले में ??भारत की उपकप्तान हिना (10वें मिनट) और लालरिनपुई (24वें मिनट) ने गोल किया। वहीं गीता, कनिका और लालथंतलुगी ने शूटआउट में अपने मौकों को भुनाकर जीत सुनिश्चित की। मुकाबले में भारतीय जूनियर टीम ने मजबूत शुरूआत की। उपकप्तान हिना ने 10वें मिनट में पहला गोल किया। इसके बाद लालरिनपुई ने 24वें मिनट में बढ़त दोगुनी कर दी और हाफटाइम तक भारत की 2-0 से बढ़त रही। हालांकि, उरुग्वे ने अंतिम क्वार्टर में वापसी की। टीम की खिलाड़ी इनेस डी पोसादास ने 54वें मिनट में एक गोल किया, जबकि मिलग्रोस सीगल ने तीन मिनट बाद गोल करके स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। इसके बाद मुकाबले का परिणाम शुटआउट में निकला। शूटआउट में भारत ने अपना संयम बनाए रखा। भारतीय खिलाड़ी गीता, कनिका और लालथंतलागी ने लगातार तीन गोल किए, जबकि उरुग्वे की टीम केवल एक ही गोल कर सकी। भारतीय टीम अगला मैच मेजबान अर्जेंटीना के खिलाफ खेलेगी।

# गुकेश का उतार-चढ़ाव भरा सफर जारी, वेई से हारे; एरिगैसी ने नाकामुरा को हराया

**स्टावेंजर (नॉर्वे) :** मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश का नॉर्वे शतरंज टूनार्मेंट में उतार-चढ़ाव भरा सफर जारी रहा और यह भारतीय खिलाड़ी चीन के वेई यी से आमार्गेडन टाई-ब्रेक में हारकर संयुक्त पांचवें स्थान पर खिसक गया। इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे भारत के एक अन्य खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी ने अमेरिका के विश्व में दूसरे नंबर के खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा को हराकर अपना चौथा स्थान बरकरार रखा। गत चैंपियन मैग्नस कार्लसन ने शनिवार को भी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। उन्होंने काले



मोहरों से खेलते हुए फैबियानो कारूआना के खिलाफ आमार्गेडन टाई-ब्रेक में जीत हासिल कर अपने अंकों की संख्या 9.5 पर पहुंचा दी। महिला वर्ग में, दो बार की विश्व रैपिड चैंपियन कोनेरू हम्पी ने चीन की लेई टिंगजी के खिलाफ टाई-ब्रेक जीत के बाद 8.5 अंकों के साथ बढ़त हासिल की, जबकि आर वैशाली ने स्पेन की खिलाड़ी सारा खादेम के खिलाफ निर्णायक जीत हासिल की, जिससे उन्हें तीन अंक मिले और वह 6.5 अंकों के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गईं।

**जीत**

निर्णायक जीत हासिल की, जिससे उन्हें तीन अंक मिले और वह 6.5 अंकों के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गईं।

# 1500 और 400 मीटर तैराकी में अनुराग ने नया रिकॉर्ड बनाया

**वाराणसी।** लखनऊ में खेली गई प्रादेशिक तैराकी प्रतियोगिता के पहले दिन काशी के दो खिलाड़ियों ने तीन पदक जीते। इसमें बरेका के अनुराग आर सिंह ने ओपेन स्टेट प्रादेशिक तैराकी में दो नए रिकॉर्ड के साथ दो स्वर्ण पदक अपने नाम किया है जबकि 100 मीटर फ्रीस्टाइल में सत्यम साहनी कांस्य पदक जीतने में कामयाब रहे। तैराकी कोच कनाई चंद तालापात्रा ने बताया कि अनुराग आर सिंह ने 1500 मीटर और चार सौ मीटर तैराकी प्रतियोगिता में प्रादेशिक रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने 1500 मीटर तैराकी 16 मिनट 49 सेकंड पूरा कर अपने पिछले रिकॉर्ड को तोड़ नया रिकॉर्ड बनाया। साथ ही 400 मीटर तैराकी 4 मिनट 17 सेकंड में पूरा कर नया रिकॉर्ड बनाया है। अनुराग आर सिंह के पिता भारतीय खेल प्राधिकरण साई में तैराकी के कोच हैं।

**राजघाट के सत्यम साहनी का लगातार दूसरा पदक**

राजघाट निवासी सत्यम साहनी ने लगातार दूसरी बार प्रतियोगिता में पदक जीता है। उन्होंने 100 मीटर फ्रीस्टाइल प्रादेशिक तैराकी प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता है। सत्यम ने बरेली में आयोजित एकल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। उनका एक सप्ताह में दूसरा पदक है। सत्यम ने तैराकी की शुरूआत गंगा नदी से शुरू की, इसके बाद सिगरा स्टेडियम में अभ्यास करते हैं।



**ओपेन स्टेट में काशी के 16 खिलाड़ी**

लखनऊ में खेली जा रही ओपेन स्टेट तैराकी प्रतियोगिता में वाराणसी के 16 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। पुरुष वर्ग में 11 जबकि महिला वर्ग में 5 खिलाड़ी तैराकी की अलग अलग स्पर्धा में हिस्सा ले रहे हैं। प्रादेशिक तैराकी प्रतियोगिता लखनऊ में 31 मई से 1 जून तक खेली जाएगी।

क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी विमला सिंह ने कहा कि सिगरा में स्वीमिंग पूल में तैराकी शुरू होने का लाभ खिलाड़ियों को मिलने लगा है। यहां के कोच खिलाड़ियों को तकनीकी जानकारी दे रहे हैं जिसका लाभ मिलने लगा है।

**पदक**

बरेका के अनुराग आर सिंह ने ओपेन स्टेट प्रादेशिक तैराकी में दो नए रिकॉर्ड के साथ दो स्वर्ण पदक अपने नाम किया

विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद बीएचयू की ओर से आयोजित मासिक तैराकी शिविर में शनिवार को प्रशिक्षुओं की तैराकी स्पर्धा हुई। इसमें बालक-बालिका वर्ग में खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। 40 मीटर रिले में काव्यांश ने प्रथम स्थान हासिल किया। शिविर में प्रशिक्षुओं ने फ्री स्टाइल स्ट्रोक की जानकारी ली। इस मौके पर सब जुनियर अंडर-10 में शिविर के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। शिविर में सिनियर वर्ग में 20 और जूनियर में 10, सब जूनियर में 5 खिलाड़ी तैराकी का प्रशिक्षण ले रहे हैं। नेपाल में आयोजित अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में काशी के आठ खिलाड़ियों ने पदक जीता है। इसमें फाइनल मुकाबले में आराध्या सिंह, अपर्णा सिंह, विशाल पटेल, शिवांश सिंह ने स्वर्ण पदक, वहीं अन्य चार खिलाड़ियों ने रजत पदक जीता है।

फास्ट न्यूज

## छह क्षेत्राधिकारी समेत 16 पुलिस कर्मियों के कार्य क्षेत्र बदले

**कानपुर:** जिले में चार्ज लेने के पुलिस अधीक्षक अरविंद मिश्रा ने 24 घण्टे के अंदर ही छह क्षेत्राधिकारी, 10 निरीक्षक और उप निरीक्षक मिलाकर कुल 16 पुलिसकर्मियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। नवागत एसपी ने कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सीओ व निरीक्षकों को बदलते हुए अपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाने के निर्देश दिए हैं। नवागत एसपी अरविंद मिश्रा जिला की कमान संभालने के बाद आपराधिक गतिविधियों का माहौल जानकर कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में काम शुरू कर दिया है। इसी क्रम में उन्होंने छह क्षेत्राधिकारियों के सर्किल क्षेत्रों में बदलाव किया है। उन्होंने क्षेत्राधिकार रसूलाबाद राजीव सिरोही को क्षेत्राधिकार डेरापुर, संजय वर्मा क्षेत्राधिकार सिकंदरा से क्षेत्राधिकार अकबरपुर के साथ अपराध एवं साइबर क्राइम, प्रिया सिंह को क्षेत्राधिकार यूपी 112 , कार्यालय, भवन, चुनाव सेल की जिम्मेदारी दी गई है। इसी तरह आलोक कुमार क्षेत्राधिकार यातायात से हटाकर क्षेत्राधिकार सिकंदरा के साथ लाइन, संजय कुमार सिंह क्षेत्राधिकारी भोगनीपुर के साथ ही यातायात की अतिरिक्त जिम्मेदारी और सौरभ वर्मा पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय से क्षेत्राधिकार रसूलाबाद सर्किल का चार्ज सौंपा है।

## 'राष्ट्र-विरोध' के आरोपित दो और गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** असम पुलिस ने अब तक दुश्मन राष्ट्र का समर्थन करने वाले 81 लोगों को जेल भेजा दिया है। इसकी पुष्टि रविवार को मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर की है। मुख्यमंत्री ने बताया है कि असम में 'राष्ट्र-विरोधी' होने के आरोप में दो और व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया, जिससे अप्रैल में पहलगाम आतंकी हमले के बाद से इस तरह की गिरफ्तारियों की कुल संख्या 81 हो गई। डॉ. सरमा ने पुष्टि की कि शोणितपुर पुलिस ने मो.दिलबर हुसैन और कामरूप पुलिस ने हफिजुर रहमान को गिरफ्तार किया है। 'पाकिस्तान के साथ सहानुभूति रखने के लिए अब 81 राष्ट्र-विरोधी सलाखों के पीछे हैं हमारा सिस्टम सोशल मीडिया पर राष्ट्र-विरोधी पोस्ट की लगातार निगरानी कर रहा है और कार्रवाई कर रहा है।' विपक्षी पार्टी एआईयूडीएफ विधायक अमीनुल इस्लाम पहलगाम आतंकी हमले में पाकिस्तान और उसकी मिलीभगत का कथित रूप से बचाव करने के आरोप में देशद्रोह के मामले में गिरफ्तार होने वाले पहले व्यक्ति बने।

# प्रेरणा मूर्ति हैं वीरांगना अहिल्याबाई होल्कर: उपराष्ट्रपति

- महारानी अहिल्याबाई होल्कर की जन्म त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति अभियान-2025 के अंतर्गत आयोजित संगोष्ठी में शामिल हुए उपराष्ट्रपति
- सेना ने दुनिया को दिया संदेश, भारत आतंकवाद को समाप्त करेगा

विकास

- योगी के कार्य को उसी तरह स्मरण करेंगी, जैसे आज हम लोकमाता को याद रखते हैं: उपराष्ट्रपति



**टीम एक्शन इंडिया**
**आगरा:** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती एक तारीख और ऐतिहासिक घटना नहीं, बल्कि हम सबके लिए जीवन दर्शन है। हमें संकल्प लेना पड़ेगा कि हम उनके आदर्शों पर चलेंगे। लोकमाता कठिन समय में भारत की महान परंपरा की प्रतिनिधि थीं, जहां धर्म-संस्कृति व शासन एक ही धारा में प्रवाहित होते हैं। सोमनाथ गुजरात, काशी विश्वनाथ, महाकालेश्वर, ओंकारेश्वर, बद्रीनाथ, केदारनाथ, भीमाशंकर, रामेश्वरम, गोकर्ण समेत न जाने कितने मंदिर उनके हाथ से संजीवित हुए। वीरांगना अहिल्याबाई होल्कर हमारे लिए प्रेरणा मूर्ति हैं। राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ रविवार को जीआईसी ग्राउंड, पचकुइयां में आयोजित महारानी अहिल्याबाई होल्कर की जन्म त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति अभियान- 2025 के अंतर्गत आयोजित संगोष्ठी में शामिल हुए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में उन्होंने समारोह को संबोधित किया।

**संस्कृति का सृजन व संरक्षण बहुत अहम :** श्री धनखड़ ने कहाकि संस्कृति का सृजन व संरक्षण बहुत अहम है। आक्रांता औरंगजेब ने क्रूरता से काशी विश्वनाथ पर प्रतिघात-कुठाराघात किया तो उसके 100 वर्ष बाद अहिल्याबाई होल्कर ने दूरदर्शिता दिखाते हुए काशी विश्वनाथ में मंदिर बनाया। वर्तमान परिदृश्य की चर्चा करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि वहां जो चमत्कारी परिवर्तन आया है, उससे पूरा देश अभिभूत है। वहां के मनोरम घाटों का अवलोकन कर आनंद की अनुभूति होती है। पीएम मोदी के नेतृत्व में यह कार्य मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया है।

**योगी जी ने जो कार्य किया, आने वाली पीढ़ियां सदियों तक याद रखेगी :** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि योगी आदित्यनाथ दूरदर्शी और काम में विश्वास रखते हैं। दिसंबर 2021 में उन्होंने काशी विश्वनाथ में आदि शंकराचार्य व लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा का अनावरण किया था। जो कार्य लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर ने किया, वही योगी आदित्यनाथ ने किया। उन्होंने उत्तर प्रदेश की काया पलट दी। काशी विश्वनाथ, अयोध्या के बाद मथुरा में भी कार्य होगा। आने वाली पीढ़ियां योगी आदित्यनाथ के कार्य को उसी तरह स्मरण करेंगी, जैसे आज हम लोकमाता को याद रखते हैं। उपराष्ट्रपति ने कहाकि संकल्प लें, लोकमाता अहिल्याबाई की तरह हम भी कर्तव्य को धर्म मानेंगे और अधिकारों को सेवा के माध्यम से आगे बढ़ाएंगे।

### न्यायप्रिय थीं लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर

*उपराष्ट्रपति ने कहा कि मेरा सिर गर्व से ऊपर है, क्योंकि अहिल्याबाई होल्कर भी किसान परिवार से थीं। वे न्यायप्रिय थीं। उन्होंने नारी शक्तिकरण के लिए बहुत उच्च मापदंड रखे। अपनी सेना में महिलाओं की टुकड़ी बनाई। आज के भारत में नारी सशक्तिकरण पराकाष्ठा पर है। संसद व विधानसभाओं में भी नारियों के लिए आरक्षण है। किसानों के लिए अहिल्याबाई होल्कर ने बहुत कुछ किया। किसानों ने ठान रखा है, इसलिए भारत विकसित होगा।*

### उत्तर प्रदेश की भूमि का सैन्य उत्पादन श्रेष्ठ

*भारतीय सेना के पराक्रम को याद करते हुए उप राष्ट्रपति ने कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम में दुश्मनों ने कायरता दिखाई, उसका जवाब दिया गया। उन्होंने सीएम योगी को संबोधित करते हुए कहा कि आपकी भूमि पर सैन्य उत्पादन कितना श्रेष्ठ है, यह दुश्मन के कानों में गूंजता रहेगा। आपके यहां निर्मित ब्रह्मोस ने जैस ए मोहम्मद, लश्कर ए तैयबा के ठिकाने में घुसकर उन्हें तबाह किया।*

### सांस्कृतिक विरासत का अद्भुत उदाहरण बन गया है उत्तर प्रदेश

*उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सांस्कृतिक विरासत का अद्भुत उदाहरण बन गया है। यहां कल्पना से परे चमत्कारिक कार्य हुआ है। इसकी शुरूआत 2014 से हुई, जब नरेंद्र मोदी दी ने काशी को अपना राजनीतिक क्षेत्र चुना। इसमें तेज गति आई 2017 में, जब योगी मुख्यमंत्री बने। इतने वर्षों तक लगातार सबसे बड़े प्रांत का संचालन करने का गौरव योगी आदित्यनाथ को है। संयोजक केंद्रीय मंत्री व आगरा के सांसद प्रो. एसपी सिंह बघेल ने अतिथियों का स्वागत किया। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, उप राष्ट्रपति की पत्नी डॉ. सुदेश धनखड़, महाराष्ट्र विधान परिषद के सभापति प्रो. रामशंकरराव शिंदे, गोवा के पूर्व उप मुख्यमंत्री चंद्रकांत बाबू कावलेकर, सांसद वीके पार्थसारथी, बस्तीपति नागराजू आदि मौजूद रहे।*

# गांव-गांव बनेंगे समृद्ध, क्लस्टर मॉडल से बदलेगी किसानों की तकदीर



**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ :** योगी सरकार किसानों की आय बढ़ाने और उनके जीवन को समृद्ध बनाने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाने जा रही है। अब प्रदेश में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग को व्यापक स्तर पर लागू किया जाएगा। इसके तहत एक ग्राम पंचायत एक क्लस्टर अभियान चलाया जाएगा, जिससे किसानों की आमदनी ही नहीं, बल्कि उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति में भी बड़ा परिवर्तन आएगा।

**खेती की लागत घटेगी और उत्पादकता में होगी वृद्धि :** हर क्लस्टर 50 हेक्टेयर भूमि में फैला होगा, जिसमें कम से कम 125 किसानों को शामिल किया जाएगा। पहले साल 7.16 लाख रुपए और दूसरे साल 6.83 लाख रुपए का अनुदान दिया जाएगा, जो प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने में मददगार होगा। किसान फार्मर्स प्रोड्यूसर ऑर्गेनाइजेशन से भी जुड़ेंगे, जिससे उन्हें फार्म मशीनरी बैंक, कस्टम हायरिंग सेंटर, वेयरहाउस, कोल्ड स्टोरेज और मार्केटिंग की अत्याधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। प्रदेश सरकार की योजना है कि वर्ष 2025-26 तक बड़ी संख्या में क्लस्टर विकसित कर लाखों किसानों को इससे जोड़ दिया जाए।

### क्लस्टर आधारित नेचुरल फार्मिंग से ग्राम पंचायतें कृषि नवाचार का केंद्र बनेंगी

*प्राकृतिक खेती से जुड़कर किसान न केवल जैविक उत्पाद उगाएंगे, बल्कि उन्हें बाजार में अच्छे दाम भी मिलेंगे। इससे ग्राम पंचायतें आर्थिक रूप से सक्षम होंगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा मिलेगी।*

*मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार का यह अभियान किसानों के लिए वरदान साबित होगा। क्लस्टर आधारित नेचुरल फार्मिंग मॉडल से जहां खेती लाभकारी बनेगी, वहीं ग्राम पंचायतें कृषि नवाचार का केंद्र बनेंगी।*

## जेल में बंद पूर्व सांसद रिजवान जहीर के पास से मिले तीस हजार रुपए

**लखनऊ।** ललितपुर जेल में बंद पूर्व सांसद रिजवान जहीर के पास से तीस हजार रुपए नकदी मिली है। इसके साथ ही जेल में बंद पूर्व सांसद रिजवान मिठाई, क्रीम, तेल, डनलफ गद्दा, देशी घी जैसी वस्तुएं भी उपयोग कर रहे हैं। यह जानकारी विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मयंक जायसवाल ने पत्रकारों को दी है। विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मयंक जायसवाल ने रविवार को बताया कि उन्होंने ललितपुर जेल में छापेमारी की थी। इस दौरान एक बैरक में तमाम साजो सामान मिले थे।

## सीएम ने बाल रक्षा दिवस पर दोहराया बाल अधिकारों की रक्षा का संकल्प



**टीम एक्शन इंडिया**
**भोपाल।** अंतरराष्ट्रीय बाल रक्षा दिवस है। अंतरराष्ट्रीय बाल रक्षा दिवस बच्चों के अधिकारों और उनके कल्याण के प्रति जागरुकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। यह दिवस हर साल 1 जून को मनाया जाता है। उनके विकास और उनके उज्जवल भविष्य के प्रति समाज की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। मुख्यमंत्री यादव ने अंतरराष्ट्रीय बाल रक्षा दिवस पर बाल अधिकारों की रक्षा का संकल्प दोहराया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा अंतरराष्ट्रीय बाल रक्षा दिवस प्रेरित करता है कि सभी बच्चों का भविष्य उज्ज्वल हो, उन्हें स्नेह और सहयोग के साथ समानता से अवसर दिए जाएं। हम संकल्प लें कि शोषण, अपराध, मजदूरी और कुपोषण जैसे सामाजिक अभिशापों से बच्चों को बचाएंगे और उन्हें प्रगति करने में मदद करें।

## सुकरासा नदी पर पुल निर्माण को मिली स्वीकृति, हरिद्वार में मुख्यमंत्री धामी का अभिनंदन



**टीम एक्शन इंडिया**
**हरिद्वार।** हरिद्वार ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के पथरी क्षेत्र में सुकरासा नदी पर पुल निर्माण की प्रशासनिक व बजट स्वीकृति मिलने पर स्थानीय निवासियों ने रविवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का अभिनंदन किया। कनखल स्थित जगद्गुरू आश्रम में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को गणेश जी की प्रतिमा स्मृति चिह्न के रूप में भेंट की गई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि जनहित में हर कार्य शीघ्रता के साथ होगा। कोई भी क्षेत्र हो वहां के निवासियों की समस्याओं को देखते हुए मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराना राज्य सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को कहा कि पुल का निर्माण मजबूती और मानकों के साथ होगा।

## करोड़ों की लागत से नालंदा में बनेगा पूर्वोत्तर भारत का पहला आधुनिक इनडोर शूटिंग रेंज



**टीम एक्शन इंडिया**
**पटना।** बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि नालंदा जिले के कल्याण, विगहा में खाली पड़ी भूमि पर 25 मीटर एवं 50 मीटर के शूटिंग रेंज निर्माण हेतु 24.21 करोड़ (चौबिस करोड़ एक्कीस लाख सनतानवे हजार रुपए) रुपये की राशि को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी गई है।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पैतृक गांव कल्याण बिगहा स्थित इनडोर शूटिग रेंज से सटे पूरब व दक्षिण पूरब खाली पड़ी जमीन में 25 व 50 मीटर का आउटडोर रेंज बनाए जायगा। उन्होंने बताया कि कल्याण विगहा का 10 मीटर इनडोर शूटिग रेंज देश का दूसरा सबसे अच्छा रेंज है। यहां 25 मीटर और 50 मीटर का रेंज नहीं होने से यह अधूरा था।

सम्राट चौधरी ने कहा कि नया शूटिंग रेंज बनने पर 25 और 50 मीटर की शूटिग का अभ्यास करने के लिए खिलाड़ियों को न कहीं बाहर जाना पड़ेगा, न खेल का अभ्यास छोड़ना पडेगा। उन्होंने कहा कि कल्याण बिगहा का शूटिग रेंज 14 साल पूरा करने वाला है।

## पूर्व सीएम तीरथ सिंह रावत ने कोर्ट के फैसले का किया स्वागत

**पौड़ी गढ़वाल।** पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत ने अंकिता भंडारी हत्याकांड पर आए कोर्ट के फैसले का स्वागत किया है। अंकिता के परिजनों को न्याय दिलाने का काम किया है। पौड़ी पहुंचे एक कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से बातचीत में पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत ने कहा कि अंकिता भंडारी के साथ हुआ अपराध सहन करने लायक नहीं है। अंकिता भंडारी के माता पिता की आरोपियों को फांसी देने की मांग की लड़ाई आगे भी कोर्ट में लड़ी जाएगी।

### पर्यावरण बचाने के लिए स्कूली बच्चों के बीच आयोजित होंगे विविध जागरूकता कार्यक्रम व प्रतियोगिता

## 'एंडिंग प्लास्टिक ग्लोबली' का संकल्प लेकर पर्यावरण की रक्षा करेंगे बच्चे



प्रतियोगिता

- नाटक, भाषण, प्रतियोगिताओं के माध्यम से लोगों को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाया जाएगा।

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ :** 5 जून को पर्यावरण दिवस है। उत्तर प्रदेश सरकार ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर बड़ी पहल शुरू की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आह्वान पर स्कूली बच्चों से लेकर युवा तक, सभी 'एंडिंग प्लास्टिक ग्लोबली' का संकल्प लेकर पर्यावरण की रक्षा करेंगे। इसके तहत नुक्कड़ नाटक, भाषण, चित्रकला प्रतियोगिताओं और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाया जाएगा। पर्यावरण निदेशालय ने इसकी तैयारी भी शुरू कर दी है। पर्यावरण निदेशक की तरफ से इसके लिए समस्त जिलाधिकारियों को पत्र भी भेजा गया है। विभाग की तरफ से रीजनल साइंस सेंटर, अलीगंज लखनऊ में मुख्य आयोजन होगा।

**2025 में पर्यावरण दिवस पर रखा गया 'एंडिंग प्लास्टिक ग्लोबली' थीम:** विश्व पर्यावरण दिवस इस वर्ष प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने, प्लास्टिक के उपयोग को कम करने व प्लास्टिक से बने सामानों का उपयोग न्यूनतम करने के उद्देश्य से मनाया जाएगा। उपनिदेशक श्रुति शुक्ला ने बताया कि पूरे प्रदेश में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। 'एंडिंग प्लास्टिक ग्लोबली' थीम पर नुक्कड़ नाटक, भाषण व चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन होगा। कार्यक्रमों में स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ इस क्षेत्र में कार्य करने वाले विशेषज्ञ भी प्रतिभाग करेंगे।

